डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹74600 10 ग्राम
₹96000 01 किलो
सेंसेक्स 76,619.33 -423.49
डॉलर 86.571 0.000

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 19 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-96, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया...

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी युवक को 10 साल की सजा

**रांची।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार युवक बुधदेव उरांव को पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 6 महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने युवक को उक्त आरोप में 13 जनवरी को दोषी करार दिया था। आरोपी लोहरदगा के भंडरा थाना क्षेत्र निवासी है। मामले के एक अन्य आरोपी शंभू तिवारी को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने नरकोपी थाना में मार्च 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## लोस अध्यक्ष कल पटना में करेंगे पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन

**पटना/नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 20 जनवरी को बिहार की राजधानी पटना में 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) का उद्घाटन करेंगे।

**इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संविधान की 75वीं वर्षगांठ :** संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदान विषय पर मंथन होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 21 जनवरी को समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

## महिलाओं से लाखों के आभूषण की ठगी

**पुराने आभूषण बदलने के नाम पर ठग महिलाएं ले उड़ी सोने-चांदी के जेवरात**

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव में दो ठग महिलाओं ने तीन घरों से लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण ठग लिए। ठग महिलाओं ने पुराने आभूषण के बदले नए आभूषण देने का झांसा देकर यह ठगी की। मिली जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले दो महिलाएं मेदवाडीह गांव पहुंचीं। पहले दिन उन्होंने पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन देकर ग्रामीणों का विश्वास जीता। अगले दिन वे वापस आईं और गांव की महिलाओं को बताया कि एक कंपनी पुराने जेवरात के बदले नए आभूषण देती है। शेष पेज 11 पर

**ठगी का शिकार हुए**

- **उमा देवी :** चांदी की पाजेब, सोने की नथनी और अन्य जेवरात।
- **संगीता देवी :** सोने की नथनी, चांदी की हसूली, लॉकेट और अन्य सामान।
- **कुंती देवी :** सोने-चांदी के आभूषण और बर्तन।

## गढ़वा उपायुक्त ने अनियमितता के तीन अलग-अलग मामलों में की सख्त कार्रवाई

**मामले मझिआंव के रामपुर पैक्स, खरौंधी प्रखंड के अबुआ आवास और मंईयां सम्मान योजना से संबंधित**

**रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज, मुखिया मंजु देवी और पंचायत सचिव शशि कुमार निलंबित**



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। इनमें मझिआंव प्रखंड अंतर्गत रामपुर पैक्स, खरौंधी प्रखंड के अबुआ आवास और मंईयां सम्मान योजना में अनियमितताओं की पुष्टि हुई है। उपायुक्त ने सभी मामलों में सख्त कदम उठाते हुए दोषियों पर कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया है।

**रामपुर पैक्स में धान क्रय में गड़बड़ी :** मझिआंव प्रखंड के रामपुर पैक्स में धान क्रय के दौरान कालाबाजारी की शिकायतों की जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि पोर्टल पर दर्ज 5375 क्विंटल धान के मुकाबले गोदाम में केवल 2693 क्विंटल धान पाया गया। लगभग 2300 क्विंटल धान गायब था। रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह का स्पष्टीकरण अस्वीकार करते हुए उनके खिलाफ मझिआंव थाना में भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उपायुक्त शेखर जमुआर ने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं में किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी :** खरौंधी प्रखंड के खरौंधी पंचायत में 09 अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिए जाने का मामला सामने आया। इनमें से 07 लाभुकों को दी गई राशि वापस ले ली गई है, जबकि शेष 02 लाभुकों के खातों में राशि अंतरित नहीं की गई। जांच में पाया गया कि ग्राम सभा से चयन, निबंधन और जियोटैग में लापरवाही बरती गई। उपायुक्त ने पंचायत सचिव शशि कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पंचायत की मुखिया शेष पेज 11 पर

**जांच में पाया गया**

- 7 लाभुकों की राशि नवनीत कुमार पटेल की पत्नी रेशमी देवी के खाते में गई।
- 5 लाभुकों की राशि सत्यनारायण गुप्ता के खाते में स्थानांतरित हुई।
- 9 लाभुकों की राशि अजीत प्रजापति की माता लालती देवी के खाते में गई।
- सभी लाभुकों की राशि वापस कराई गई है। दोषियों की सीएससी आईडी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई।

## आपसी विवाद में टांगी से भाई ने चचेरे भाई को काटा



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** अंधविश्वास लोगों के बीच घातक बनता जा रहा है। इस पर रोक लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। शुक्रवार की शाम नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहारा कोठी गांव में अंधविश्वास में एक भाई ने अपने चचेरे भाई की टांगी से काटकर हत्या कर दी। नावाबाजार पुलिस घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अभियुक्त साहिल चौहान पिता दिलीप चौहान को न्यायलय पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहरा गांव निवासी साहिल चौहान व रोहित चौहान आपस में चचेरे भाई थे। दोनों चौहान के परिवार के बीच कई वर्षों से विवाद चल रहा है। इसका कारण साहिल चौहान के भांजी की कुछ दिन पूर्व मौत होना बताया जाता है। साहिल और उसके परिवार के सदस्य मौत का कारण रोहित चौहान के परिवार को मानता था। शुक्रवार की देर रात साहिल और रोहित के बीच इस बात को लेकर तू-तू मैं-मैं होने लगा और बात बढ़ गई। इस बीच साहिल चौहान ने रोहित चौहान पर टांगी से हमला कर दिया, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि अंधविश्वास में साहिल चौहान ने रोहित चौहान की टांगी से हत्या कर दी है। पुलिस ने साहिल चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। साथ पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर परिजनों को सौंप दिया है।

## लोहे की पाइप से पीट-पीटकर एक की हत्या, तीन अन्य घायल



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के समिति बाजार गेट के पास जमीन विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के इंदिरा गांधी रोड निवासी छोटू रंगसाज के रूप में हुई है। इस घटना में साईं मोहल्ला निवासी इरशाद रंगसाज (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष के दो लोग भी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने छोटू रंगसाज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

घायल इरशाद ने बताया कि वह और छोटू बाजार गेट के पास बैठे थे। इसी दौरान करीब 10 लोग लोहे की पाइप लेकर वहां पहुंचे और दोनों पर हमला कर दिया। जब तक छोटू और इरशाद कुछ समझ पाते, तब तक उनको गंभीर चोटें आ चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने छोटू को मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ नीरज कुमार और थाना प्रभारी बृज कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है।

इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि मारपीट के मामले में चार लोग आए हैं, जिसमें एक की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी है जबकि एक की स्थिति ठीक है, लेकिन दो और घायलों का इलाज चल रहा है, जिसमें एक की स्थिति नाजुक है।

गृह सचिव व डीजीपी पहुंचे खूंटी, लोगों से अफीम की खेती नहीं करने की अपील

## अफीम, उग्रवाद और मानव तस्करी खूंटी जिले की तीन मुख्य समस्याएं हैं : डीजीपी




**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर अफीम और उग्रवाद के खिलाफ चलाया जा रहा है अभियान**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता शनिवार को खूंटी पहुंचे। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लोगों से अफीम की खेती नहीं करने की अपील की। जिले में अफीम की खेती पर लगाम लगाने और पूरी तरह से नष्ट करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्त झारखंड के तहत शनिवार को खूंटी के नगर भवन में गृह सचिव की अध्यक्षता में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गयी। इसमें खूंटी जिले के ग्राम प्रधान, मुखिया और अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। यह पहल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं अफीम की खेती और उग्रवाद को समाप्त करने में लगे हुए हैं।

वंदना डाडेल ने कहा कि वे खुद कर्रा के कच्चाबारी गांव की हैं। खूंटी हमेशा सुंदर यादों से जुड़ा रहा है, लेकिन अब अफीम की खेती के लिए बदनाम हो गया है। उन्होंने कहा कि अफीम की अवैध खेती को रोकने के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रधानों की सहभागिता के बगैर अफीम की खेती को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से ग्रामीणों को शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज कल**




पटना में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल हुए लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष

## पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए : राहुल गांधी

**कहा, बिहार पेपर लीक का सेंटर बन गया है**



**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि बिहार पेपर लीक का सेंटर बन गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने बजट में पिछड़े समुदाय के प्रतिनिधित्व पर भी सवाल उठाया। एक दिवसीय बिहार दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी पटना के बापू सभागार में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जाति जनगणना कराने बाद विकास उसी के अनुसार होना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, इससे पता चलेगा कि किसकी कितनी आबादी है। नौकरशाही, शैक्षणिक संस्थानों और निजी कंपनियों में उनकी कितनी भागीदारी है। साथ ही, उन्होंने कहा कि अंबानी और अदाणी को सत्ता दे दी गई है। राहुल गांधी ने बजट में पिछड़े समुदाय के प्रतिनिधित्व पर सवाल उठाया और कहा, केंद्र सरकार के 90 वरिष्ठ अधिकारी देश के बजट पर निर्णय लेते हैं। इनमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों की भागीदारी 10 प्रतिशत भी नहीं है, जबकि भारत की आबादी में इन वर्गों की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत है।

लोकसभा में विरोधी दल के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस किताब (भारत के संविधान) में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो-तीन लोगों के हाथ में चली जानी चाहिए। आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई शक्ति नहीं है। जब मैं पिछड़े समुदाय, दलितों, आदिवासियों से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसदों से मिलता हूं, तो वे कहते हैं कि हमें पिंजरे में डाल दिया गया है।

## हवाओं ने बढ़ाई कनकनी, झारखंड में जारी रहेगा ठंड का सितम

**रांची।** झारखंड के मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में राज्य में सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा, धुंध व आसमान साफ रहा लेकिन हवा का असर बना रहा। शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री, न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**19 जनवरी का मौसम :** मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन सुबह हल्के दर्जे का कोहरा, धुंध और आसमान साफ रहने की संभावना है। ऐसे में रविवार को रांची का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किये जाने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन तापमान में बहुत अधिक उतार चढ़ाव के आसार नहीं हैं। सुबह में हलके दर्जे के कोहरे और धुंध में आसमान साफ रहने के संकेत हैं। रूक-रूक कर चलने वाली हवा का असर अभी बना रहेगा।

पुलिस ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र में की कार्रवाई

## रांची में बरामद हुए 4.99 लाख के नकली नोट, तीन गिरफ्तार

**एक स्कूटी और छह मोबाइल फोन जब्त किए गए**



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी पुलिस ने नकली नोटों के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित अरगोड़ा थाना क्षेत्र में नकली नोट खपाने की तैयारी में थे। इनके पास से 500 के 4.99 लाख के नकली नोट, एक स्कूटी और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सूचना मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के कुलदीप स्कूल गली में कुछ युवक नकली नोटों का कारोबार कर रहे हैं। साथ ही, किसी ग्राहक को नकली नोट सप्लाई करने वाले हैं। सूचना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## खिलाड़ी चीन या कोई और अब ट्रंप के हाथ



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अदाणी ग्रुप के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में चीन का कनेक्शन सामने आने के बाद सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा में भाजपा सांसद महेश जेठमलानी ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर अदाणी ग्रुप पर आरोप लगाने वाले कुछ राजनेताओं के चीन के साथ संबंध की सरकार जांच करे। जेठमलानी ने हाल ही में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की उस रिपोर्ट के पीछे चीन का हाथ बताया था, जिसमें अदाणी ग्रुप को निशाना बनाया गया था। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने जनवरी 2023 में अदाणी ग्रुप के खिलाफ एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसके सभी दावों को सिरे से उसने खारिज कर दिया था। जेठमलानी ने आरोप लगाया कि अदाणी ग्रुप के खिलाफ ऐसी रिपोर्ट का मकसद वास्तव में चीन का बदला था चीन ने इस ग्रुप के हाथों हाइफा पोर्ट जैसे इंटरनेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट खोने का बदला लेने के इरादे से ये साजिश रची थी। भारत सरकार को उन लोगों के साथ चीन के कनेक्शन की जांच करनी चाहिए, जिन्होंने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के प्रकाशन से पहले और बाद में 'क्रोनी कैपिटलिज्म' को लेकर हंगामा किया था। एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ भारतीय राजनेताओं को हाइफा पोर्ट का प्रोजेक्ट हासिल करने वाली अदाणी ग्रुप की कामयाबी से खुशी नहीं थी। भारत मिडिल ईस्ट और यूरोप के इकोनॉमिक कॉरीडोर का उद्देश्य चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के साथ प्रतिस्पर्धा करना है। निष्कर्ष ये है कि हमारे राजनीतिक वर्ग का एक हिस्सा खुद को चीनी रणनीतिक हितों के साथ जोड़ने पर आमादा है, न कि भारतीय । इस शगूफे से छोटे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ। महेश जेठमलानी ने आरोप लगाया था कि चीन की एक लॉबिस्ट ने अदाणी स्टॉक को कम बेचकर भारी मुनाफा कमाया। इसमें कोई शक नहीं है कि द चाइना प्रोजेक्ट और इसके संस्थापक अनला चेंग लॉबिस्ट थीं। अमेरिकी कांग्रेस में उनके पूर्व स्टाफ शैनन वॉन सैंट ने भी इसके सबूत दिए हैं। चीनी जासूस आनला चेंग सप चाइना की सीईओ भी रहीं, ये एक प्रो चाइना मीडिया इनिशिएटिव है। उन्होंने अपने पति और अमेरिकी कारोबारी मार्क किंगडन के साथ हिंडनबर्ग को अदाणी ग्रुप पर रिसर्च के लिए हायर किया था। अदाणी के शेयरों की शॉर्ट सेलिंग के लिए एक ट्रेडिंग अकाउंट मुहैया कराने को कोटक की सेवाएं ली गई थीं। इससे अदाणी के मार्केट कैप को बुरी तरह चोट पहुंचाई गई। 'भाजपा नेता ने आगे कहा, 'हालांकि, अब जो पब्लिक डोमेन में है, वह यह है कि चेंग और उनके परिवार ने जनवरी/फरवरी 2023 में अदाणी स्टॉक को कम बेचकर कम से कम लगभग 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की। इसका एक हिस्सा आसानी से प्रोजेक्ट की फंडिंग कर सकता था।' जेठमलानी सवाल उठाते हैं, ₹ये कैसे तय होगा कि अदाणी ग्रुप के शेयरों की शॉर्ट शेलिंग में जो 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया, उससे उन लोगों ने मुनाफा नहीं कमाया? वो मुनाफा किसका था- चीन का या किसी प्राइवेट एक्टर का? क्या किंगडन, चेंग और उनके परिवार ने पहले भारतीय बाजारों में कम कारोबार किया था? और क्यों?₹ एक टीवी शो में सीनियर वकील और पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश जेठमलानी ने कहा कि हिंडनबर्ग इस पूरे खेल में ये एक छोटा खिलाड़ी था। बड़े खिलाड़ी और मास्टर माइंड अभी सामने नहीं आए हैं। उसका मास्टरमाइंड अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस और बाकी लोग हैं। यही वास्तव में गुनहगार हैं वो क्या करेंगे? भविष्य में वो कौन-कौन से एंटी इंडिया स्टेप्स लेंगे? ये अभी सामने नहीं आया है। 'अमेरिका में 20 तारीख से डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल की शुरूआत होने जा रही है। ट्रंप जरूर हिंडनबर्ग जैसी कंपनियों पर कोई एक्शन लेने वाले हैं, क्योंकि ये हिंडनबर्ग कंपनी रिपब्लिकन पार्टी और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ भी थी।' 'एक बात और भी देखने की है. भविष्य में हम ऐसे शॉर्ट सेलिंग से अपनी कंपनियों को बचाने के लिए क्या कदम उठाते हैं... ये भी देखना होगा। मुझे कोई शक नहीं है कि भारत सरकार इस मामले में कोई न कोई कदम उठाएगीक्योंकि सेबी पर भी आरोप थे।' 'हिंडनबर्ग पर ताला लगने से भारत में सियासत कैसे बदलेगी? इसके जवाब में महेश जेठमलानी कहते हैं,' जब हिंडनबर्ग की कहानी निकली, तो हम सोच रहे थे कि यही शॉर्ट सेलर है। लेकिन ये सिर्फ एक फ्रंट था। असल में इनके पीछे कई लोगों को छिपाया गया था। हम हमें मालूम पड़ा कि इस साजिश के पीछे ब्रोकर कोटक था। संसद में कई सांसदों ने जब अदाणी ग्रुप पर सवाल उठाए थे, उनकी बातों के कुछ कंटेंट हिंडनबर्ग रिपोर्ट के कंटेंट से मिलते हैं। हिंडनबर्ग के बंद होने का मतलब ये कतई नहीं है कि इसके पुराने अपराध मिट जाते हैं। हिंडनबर्ग ने ऐहतियातन अपनी दुकान बंद की है। अभी आगामी भारतीय संसद और ट्रंप इसे कैसे निबटाते हैं देखना दिलचस्प होगा। क्या असली खिलाड़ी बेनकाब होंगे जिनके लिए भारतीय अर्थव्यवस्था बर्बाद करना राजनीति या प्रतिशोध का हिस्सा है?

**हिंडनबर्ग विवाद में अदाणी**



## सैफ पर हमले का एक संदिग्ध छत्तीसगढ़ में हिरासत में लिया गया




**रायपुर/मुंबई (एजेंसी)।** बालीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के एक संदिग्ध आरोपित को आरपीएफ छत्तीसगढ़ ने शनिवार को हिरासत में लिया है। हमले के बाद मुंबई पुलिस की टीम ने एक संदिग्ध आरोपित की फोटो जारी की थी। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है। आरपीएफ के इंस्पेक्टर संजीव सिन्हा ने संदिग्ध आरोपित का नाम आकाश बताया है। उसे दुर्ग से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से मुंबई से भागकर दुर्ग पहुंचा था। संदिग्ध की शिनाख्त मुंबई पुलिस द्वारा भेजे गए फोटो के आधार पर की गई है। संदिग्ध जनरल डिब्बे में बैठा हुआ था, जिससे पूछताछ जारी है। पहले उसने अपना नाम राजेंद्र कोडोपे बताया था।

# नई सरकार और मंत्री से कोल्ड स्टोर का सपना पूरा होने की जगी उम्मीद

## चालू करने की आस लगाएं हैं व्यापारी व किसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** क्षेत्र के किसान और व्यापारी रविवारीय बाजार में निमार्णाधीन कोल्ड स्टोर के 5 साल से शुभारंभ होने की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने हेमंत- 2 सरकार और कृषि सहकारिता मंत्री के प्रति इससे फायदा मिलने के सपना के पूरा करने की उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि रविवारीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में कोल्ड स्टोर भवन बनकर तैयार है। वर्तमान में यह लावारिस पड़ा हुआ है। मगर इसके अधूरे काम को पूरा कर इसको चालू करने की सुधी नहीं ली जा रही है। इसकी स्थिति लगातार सूर्खियों में रहती है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर संबंधित अधिकारी इस कोल्ड स्टोर के अधूरे काम को पूरा कराकर किसानों और व्यापारियों के हित में सकारात्मक कदम उठाने के प्रति संजीदा नहीं नजर आए हैं।

### 30 मीट्रिक टन स्टोर की होगी क्षमता

बताया जाता है कि इस कोल्ड में स्टोरेज की क्षमता 30 मीट्रिक टन की होगी। मगर अब तक इस कोल्ड स्टोर के भवन निर्माण के अलावा और कोई भी संसाधन मुकम्मल नहीं किया जा सका है। बताया गया कि इस कोल्ड स्टोर भवन की ऊंचाई 13, लंबाई 41.3 और चौड़ाई 25 फीट है। इसे भारी क्षमता के जेनरेटर से संचालित किया जाना है। संवेदक को पैकेज में अन्य जगहों के कोल्ड स्टोर भवनों के साथ इसका टेंडर मिला है। अब तक इसके अधूरे काम को पूरा कर इसे चालू क्यों नहीं किया गया है, यह जांच का विषय बन गया है। बताया जाता है कि इसके बनने से किसानों और व्यापारियों को उनके कच्चे सामाग्रियों के इसमें स्टोरेज की उम्मीद जगी थी। मगर उनकी उम्मीद अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इसका उन्हें मलाल है। उन्होंने कहा कि अभी भी आलू की कोड़ाई से पहले इस कोल्ड स्टोर को चालू कर दिया जाता है, तो इसमें भंडारण कर महंगे दामों पर आयातित आलू और प्याज के क्रय-विक्रय की कीमतों को नियंत्रित किया जा सकता है।

### सहकारिता मंत्री को बताएंगे समस्या

बताया गया कि कृषि एवं सहकारिता विभाग के तहत इस कोल्ड स्टोर के निर्माण की मंजूरी दी गई है। ऐसे में कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए इस कोल्ड स्टोर के साथ ही इसी के पैकेज में अन्य प्रखंडों के निमार्णाधीन स्टोर को यथाशीघ्र चालू कराने की दिशा में सार्थक प्रयास करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा हुसैनाबाद, विश्रामपुर, नौडीहा, पिपरा और हरिहरगंज में भी कोल्ड स्टोर बनाने की निविदा इसी पैकेज में शामिल है।

# पहाड़ी कला आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र का पुनः होगा सर्वे : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पिपरा खुर्द पंचायत के पहाड़ी कला आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन को लेकर शनिवार को हुए आम सभा फिर से एक बार जेनरल और एससी के बीच विवादों की भेट चढ़ गया। विवाद का कारण एससी समुदाय के लोगों द्वारा आंगनबाड़ी सेविका द्वारा किए गए सर्वे को गलत बताया जाना और किरतो गांव को पहाड़ी कला के पोषक क्षेत्र में शामिल किया जाना है। चयन के नियमानुसार पोषक क्षेत्र में बहुलता को प्राथमिकता दिया जाना है, परंतु विवाद के कारण यहां बार-बार चुनाव को स्थगित करना पड़ा रहा है। आम सभा कराने पहुंचे बीडीओ जागो महतो ने दो दिनों के अंदर वीडियोग्राफी के साथ नया सर्वे करने की बात कही। बीडीओ ने कहा कि सोमवार व मंगलवार को सर्वे का कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा व 27 जनवरी को पुनः ग्राम सभा होगी। इसके बाद यदि किसी ने भी उस ग्राम सभा में व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश की तो उस पर सीधा कार्रवाई किया जाएगा। ग्राम सभा में सर्वे के लिए चुने गए ग्रामीण प्रतिनिधि में पहाड़ी कला गांव से छोटू सिंह तथा सत्येंद्र राम, पहाड़ी खुर्द गांव से आशीष कुमार तिवारी, किरतो गांव से सत्येंद्र पांडेय तथा प्रमुख सुनील कुमार पासवान, बभंडी गांव से आशीष शर्मा पदाधिकारी के साथ सर्वे में शामिल रहेंगे।

## प्रजापिता ब्रह्माबाबा का 56 वां स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मना

**हुसैनाबाद।** जपला मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में ब्रह्मा बाबा की 56 वां स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया और बाबा को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर बाबा की सादगीपूर्ण जीवन की चर्चा करते हुए बीके बहनों ने फूल पुष्प से की। मौके पर बीके नीरज ने कहा कि 18 जनवरी का दिन सृष्टि चक्र में एक अत्यंत ऐतिहासिक दिन है। यह तिथि एक ऐसे महान व्यक्ति का महाप्रयाण दिन है, जिसने अपने तन,मन,धन को समस्त मानव जगत कल्याण के कार्य में लगा दिया। साथ ही उसका कोई भी श्रेय लेने का संकल्प तक नही किया और इस जगत से विदा हो गए। मौके पर कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# धूप निकलने से ठंड में मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम में बदलाव के साथ शनिवार की सुबह धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। खिली धूप में पाला का प्रभाव कम पड़ने से किसानों ने मौसम में बदलाव को रबी फसलों के लिए फायदेमंद बताया। तापमान में भी थोड़ा सा उछाल आया। लोगों ने खुलकर खिली धूप का आनंद लिया। कई दिनों से कोहरे और ठंड से असहज महसूस कर रहे लोगों ने स्नान करने की हिम्मत की। महिलाओं ने कपड़ों की धुलाई की। मकर संक्रांति के बाद पहली बार ठंड से राहत भरे और सुहावने मौसम में खुशनुमा माहौल का लोगों ने आनंद उठाया। किसानों का कहना है कि इससे अरहर, चना, मसूर, सरसों, आलू और गेहूं की पैदावार को काफी हद फायदा मिलेगा। अब तक के मौसम में नुकसान की संभावना को लेकर लहलहाती फसलों को देख उनके मन की खुशी उनकी चिंता का कारण बन गया था।

**मौसम में बदलाव फसलों के लिए फायदेमंद होने की उम्मीद**

# यज्ञ के चौथे दिन माता रानी का हुआ महास्नान व पूजन

## परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन समारोह आज**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ के चौथे दिन माता की प्रतिमा का महास्नान व पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरूआत कर दी गई। महायज्ञ के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। पूर्व मंत्री भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह, अजीत सिंह ने भी यज्ञशाला की परिक्रमा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोचारण के साथ माता का डोला उठाया गया। डोला को नगर भ्रमण के उपरांत पुनः मंदिर परिसर लाया गया। मंदिर निर्माण व पांच दिवसीय महायज्ञ को पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कराने का प्रण लिया था। उसे पूरा किया है। यज्ञ के यजमान चंदन कुमार सिंह एवं ज्योत्सना सिंह हैं। यज्ञशाला की परिक्रमा में बड़ी संख्या में शामिल महिला पुरुष ने अनुमंडल मैदान में लगे मेला का भी आनंद लिया। रविवार को भंडारा के साथ यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ के चौथे दिन पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सृष्टि को चलने वाले के प्रति आस्था सभी को होनी चाहिए। उन्होंने मंदिर निर्माण कर माता की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का जो प्रण लिया था, उसे माता ने पूरा कराया। उन्हें काफी खुशी है। उन्होंने राज्य व पलामू वासियों की खुशहाली की कामना माता रानी से की। कहा कि हुसैनाबाद शहर में माता का भव्य मंदिर बन जाने से आम लोगों को पूजा पाठ करने में सुविधा होगी। उन्होंने भंडारा में क्षेत्र वासियों को आमंत्रित करते हुए मंदिर परिसर पहुंचने का आग्रह किया है। मौके पर मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी के संरक्षक व भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह,मिथलेश पाठक,अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, रतन लाल, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, रणजीत पासवान, संजय सिंह, रामराज मेहता, विमलेश सिंह,सह सचिव अजय प्रसाद गुप्ता, मनु सिंह, विनय पासवान, व्यवस्थापक, सुधीर सिंह, बलराम मेहता, बसंत चौहान, दुर्गा शर्मा, लल्लू, सीबी रमन सिंह, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, व्यवस्थापक उदय विश्वकर्मा, रविन्द्र कांस्यकर, पूजा प्रमुख, बीटू बाबा, विपुल बाबा, अखिलेश बाबा, केएन गिरी, जयप्रकाश के अलावा बड़ी संख्या में पुरूष व महिलाएं श्रद्धालु शामिल थे।

# न्यूज | बॉक्स

### किशोरी से दुष्कर्म के एक आरोपी गिरफ्तार

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जंगल में बकरी खोजने गई एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी को गंभीर हालत में एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के अनुसार, 16 जनवरी की शाम को किशोरी बकरी खोजने गई थी। जंगल में पहाड़ के पास उसकी मुलाकात नाजिर अंसारी से हुई, जिसने उसे बकरियों के बारे में गलत जानकारी दी। वहाँ पहले से ही मनुव्वर और रज्जाक मौजूद थे। तीनों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। किशोरी के चिल्लाने पर रज्जाक भाग गया, लेकिन मनुव्वर ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे वह बेहोश हो गई। परिवार के लोगों ने उसे ढूँढकर इलाज के लिए ले गए। घटनास्थल पीड़िता के घर से 5 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मनुव्वर अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### कांग्रेस ने संविधान बचाओ सम्मान मार्च निकाला, किया विरोध प्रदर्शन

**हुसैनाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर हुसैनाबाद में संविधान बचाओ अभियान को लेकर जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के निर्देश पर शनिवार को जय भीम, जय बापू, जय संविधान अभियान के तहत हुसैनाबाद के आंबेडकर चौक से गांधी चौक तक पदयात्रा का आयोजन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही अंबेडकर चौक पर नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। इसके पूर्व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी, प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह सहित कांग्रेस नेताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर व गांधी चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आंबेडकर चौक पर नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम गृहमंत्री के संसद में डॉ. भीमराव आंबेडकर के विरोध में गलत टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी देशव्यापी आंदोलन कर रही है। जिस तरीके से भाजपा नेताओं द्वारा भीमराव आंबेडकर के खिलाफ गलत टिप्पणी और आए दिन संविधान को तोड़ने की कोशिश और षडयंत्र के तहत भारतीय संविधान को खत्म करना चाहती है। इसके खिलाफ पूरे देश में व्यापक पैमाने पर आंदोलन और प्रदर्शन किया जा रहा है। गृहमंत्री को बर्खास्त करने के बजाय देश के प्रधानमंत्री इस पर चुप्पी साधे हुए हैं, जो बड़ा ही शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। देश चलेगा तो संविधान से चलेगा। मौके पर नुक्कड़ सभा को जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, अवधबिहारी सिंह,शैलेश सिंह, अर्जुन सिंह, शंभू सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अंबिका सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय, मेहताब सिद्दीकी, प्रवीण तिवारी, शाहिद सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महुअरी पंचायत में एक सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के हुसैनाबाद क्षेत्र अंतर्गत महुअरी पंचायत के बसारी गांव में मुखिया ने गरीब व असहाय के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया सरिता कुमारी और उपमुखिया सुषमा ने संयुक्त रूप से गरीब, असहाय, वृद्ध व विधवा महिलाओं के बीच 100 कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि सरकार की ओर से 86 कंबल उपलब्ध कराया गया है, जिसका सीधा लाभ लाभुकों को मिलेगा। साथ ही अपने निजी खर्च से भी गरीबों को कंबल दी हैं। उपमुखिया ने कहा कि बसारी गांव में जनता के जरूरत के मुताबिक कंबल नहीं मिला है, बावजूद लाभुकों के अनुसार सूची तैयार कर जरूरतमंदों को लाभ घर तक पहुंचाया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान लल्लू राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जीसीपीए कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव का समापन समारोह

**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने कहा कि कोलकाता के एक कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में जन्मे विवेकानंद का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था। कॉलेज के खेल विभाग द्वारा वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। खेलकूद प्रतियोगिता में लूडो, कैरम, चेस का खेल विद्यार्थियों के बीच कराया गया। मंच का संचालन योगेंद्र विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मुन्नी देवी ने किया। मौके पर कॉलेज सभी कर्मी व विधार्थी उपस्थित थे।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**उंटारी रोड।** डीडीयू रेलखंड के उंटारी रोड व सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 336/25 के निकट से उंटारी रोड पुलिस ने शनिवार की सुबह रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। हालांकि पहचान कराने के लिए पुलिस ने काफी प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। मृतक की जेब से रेलवे का एक टिकट मिला है। टिकट गढ़वा रोड से डेहरी ऑन सोन की है। उंटारी रोड थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुख्य पथ में काशीसोत पुल की रेलिंग जर्जर अवस्था में पहुंची

## थोड़ी सी असावधानी पर हो सकती है बड़ी दुर्घटना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ में मोहम्मदगंज-भजनियां पंचायतों की विभाजन रेखा पर स्थित पुल की रेलिंग जगह-जगह जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। रेलिंग का जगह-जगह कमजोर पड़ जाना दुर्घटना का कारण बन गया है। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क के सुनसान पड़ जाने पर जगह-जगह हथौड़े से उसे तोड़ा जा रहा है। लोग इसे लोहा चोरों की करतूत भी बताते हैं। बताया जाता है कि उत्तर कोयल परियोजना के लौह सामग्रियों से लेकर ईंट पत्थरों तक को चोरों ने चोरी कर ली है। अब ऐसे ही जगहों से लोहे को चुराने वाले चोरों की नजर इस पुल की रेलिंग के मोटे रॉड पर टिकी है। लोगों का कहना है कि कभी जहां बड़ा वर्कशॉप और कई गोदाम थे, अब उनके खंडहर भी वहां नहीं बचे हैं। ऐसे में सिंचाई विभाग क्षेत्र में कुछ नहीं हाथ लग रहा है, तो इस पुल की रेलिंग को तोड़कर रॉड को चुराने के काम में लोहा चोर जुट गए हैं।

### राज्य संपोषित सड़क बनी, लेकिन नया पुल नहीं

जानकारी के अनुसार पुल काफी पुरानी हो गई है। इसे उत्तर कोयल परियोजना के तहत भीमबराज और मुख्य नहर के निर्माण से पहले प्रारंभिक चरण में ही बनवाया गया था। बाद में मुख्य सड़क का भी निर्माण किया गया। जिससे सामान्य तौर पर आवागमन का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके साथ ही भारी मशीन के अलावा अन्य जरूरी सामानों की ढुलाई की गई। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में इसका राज्य संपोषित योजना के तहत चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया गया। मगर 4 दशक से भी अधिक पुराने इस पुल के मरम्मत तक नहीं करायी गई। अब तो इसकी रेलिंग को तोड़कर खतरा पैदा किया जाने लगा है। रेलिंग पूरी तरह टूट गई, तो वाहनों और राहगीरों के लिए इससे गुजरना जोखिम भरा बन जाएगा। जानकारी के अनुसार मुख्य नहर के लाइनिंग वर्क के साथ इसमें पड़ने वाले पुलों को भी नया बनाना है। मगर 2019 से शुरू किया गया लाइनिंग वर्क ही अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। इसके निर्माण की समयावधि जून 2025 तय है। कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ में भजनियां के पास, मोहम्मदगंज स्टेशन और सिंचाई कॉलोनी रोड के बड़े पुलों का भी निर्माण किया जाना है। वैसे भी संतोषडीह (हैदरनगर), शिलापर और किशुनडीह-पदारथडीह के पास बने पुलों को तकनीकी रूप से खराब बताया जाता है।

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सभी केंद्र पर कदाचारमुक्त संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू 2 के कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा शनिवार को हुसैनाबाद में कदाचारमुक्त संपन्न हो गया। परीक्षा को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखी। सभी केंद्रों पर एसडीएम स्तर से मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा में पलामू जिले के 11 प्रखंड के 1753 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमे 1377 ही उपस्थित हुए। शेष 376 अनुपस्थित रहें। प्रभारी एसडीएम गौरांग महतो ने उर्दू मध्य विद्यालय, बक्शी उच्च विद्यालय व बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा को सफल बनाने में नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी,नामांकन प्रभारी सह लाइब्रेरी आशमुनि प्रसाद, अभिषेक कुमार, नसीम मालिक, शालिनी तिग्गा, नितिन पांडेय,संतोष प्रसाद आदि का योगदान रहा। हुसैनाबाद प्रखंड के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र प्लस 2 बालिका उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सह अंचलाधिकारी पंकज कुमार, थाना के एसआई नर्मदेश्वर सिंह, स्कूल के प्राचार्य प्रेम प्रकाश सिंह सजग दिखे। साथ ही क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास, बीईईओ रामनरेश राम ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

**1753 में 1377 परीक्षार्थी हुए शामिल**

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** नारी सशक्तिकरण व शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन शनिवार को सतबरवा के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में पलामू उपजोन प्रभारी शिव शंकर सिंह के उपस्थिति में परिवाचक रंजन सिंह द्वारा भजन पूजन कर कार्यक्रम संपन्न कराया गया। विचार क्रांति अभियान का झंडा फहराया व पूजन हवन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यजमान जिप सदस्या सुधा कुमारी द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मेदिनीनगर से शिव शंकर पांडेय, सरिता कुमारी मेहता, निरंजन प्रसाद, संजय कुमार, सत्यनारायण मेहता, कमलेश कुमार, संतोष प्रजापति, विनोद चौधरी, कंचन देवी, उषा कुमारी, सुशील गुप्ता, वीरेंद्र कुमार साहू, सुरेश सिंह समेत सैकड़ो गायत्री परिवार के उपस्थित थे।

# सराहनीय पहल | पांकी में अनाथ बच्चे का सहारा बना विद्यालय परिवार

## हर जरूरतें पूरी कर रहा विद्यालय प्रबंधन, बच्चा कुपोषण से उबरा




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** होटाई पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनई के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार और विद्यालय परिवार ने एक अनूठी पहल की है। यहां आदिवासी समाज के अनाथ छात्र शिवम कुमार की सभी आवश्यकताएं पूरी की जा रही हैं। बच्चे के पठन-पाठन, पोशाक, खाने-पीने से लेकर स्वास्थ्य की देखरेख तक, विद्यालय परिवार माता-पिता की तरह जिम्मेदारी निभा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन साल पहले बिजली करंट लगने से शिवम के पिता की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली, जिससे शिवम पूरी तरह अनाथ हो गया। अब उसकी देखभाल बूढ़े दादा-दादी कर रहे हैं। 2023 में शिवम का दाखिला विद्यालय में हुआ, जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन समिति ने उसे गोद लिया और उसकी हर जरूरत पूरी करने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने बताया कि बच्चे की बेहतर शिक्षा और जीवन के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने शिवम के लिए मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत छात्रवृत्ति की मांग भी की है।

### कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम रोकथाम पर दिए गए विशेष निर्देश

# पलामू एसपी कार्यालय में क्राइम मीटिंग: अपराध नियंत्रण पर गहन चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आज एक महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक एसपी रीष्मा रमेशन ने की। इसमें सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी, और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या, और साइबर क्राइम जैसे अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करें और पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिलाएं। साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए विशेष टीमों के गठन और लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की योजना बनाई गई। एसपी ने कहा कि साइबर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एसपी ने जिले में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया। एसपी ने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाए और आवश्यकतानुसार छापेमारी की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाने और जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया।

महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष सुरक्षा योजनाओं को लागू करने पर चर्चा की गई। एसपी ने कहा कि महिला सुरक्षा पुलिस बल की तैनाती संवेदनशील स्थानों पर सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि सड़क निर्माण और अन्य कंस्ट्रक्शन स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। चोरी, अव्यवस्था, या असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाएगी। मजदूरों की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों का भरोसा जीतें। साथ ही, प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने इलाके में अपराध रोकथाम की जिम्मेदारी लेने को कहा गया। बैठक के अंत में एसपी ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक कार्य अपराध पर रोकथाम और जनता को सुरक्षा का अहसास कराना है। कंस्ट्रक्शन साइट्स, महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं।

# विधानसभा चुनाव 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित करने के लिए एसपी कार्यालय के सभा कक्ष में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।




इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य किया। उनकी सक्रियता और समर्पण ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के सम्मान पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने में सहायक होते हैं।

### कार्यक्रम में कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी विशेष रूप से सम्मानित किए गए

इनमें दिलीप कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, निखिल कुमार सिंह, दिनेश राम, मनोज कुमार गुप्ता और अशोक कुमार गुप्ता के नाम शामिल हैं।

एसपी रीष्मा रमेशन ने पुलिस बल की टीम भावना और तत्परता की प्रशंसा की।

उन्होंने पुलिस कर्मियों से भविष्य में भी इसी प्रकार की निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थानों और विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

# गौतम बने पाल्हेकला पैक्स अध्यक्ष, मिला प्रमाण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**पाटन।** रविवार को हुए पैक्स अध्यक्ष के चुनाव में गौतम गोविंद सिंह ने अरुण कुमार सिंह को हराकर जीत दर्ज की। चुनाव पर्यवेक्षक सौरभ कुमार सिन्हा ने बताया कि पाल्हेकला पैक्स के 351 मतदाताओं में से 261 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोटों की गिनती में गौतम गोविंद सिंह को 140 वोट मिले, जबकि अरुण कुमार सिंह को 81 वोट, अमरेंद्र कुमार सिंह को 22 वोट, और वशिष्ठ नारायण सिंह को केवल 8 वोट प्राप्त हुए। 9 वोट अवैध घोषित किए गए। गौतम गोविंद सिंह ने 60 वोटों की निर्णायक बढ़त के साथ जीत हासिल की। उन्हें पर्यवेक्षक द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया। चुनाव हर पांच साल में आयोजित होता है। पहले पैक्स अध्यक्ष का चयन मनोनीत प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता था, लेकिन इस बार मतदान प्रक्रिया अपनाकर पर्यवेक्षक की निगरानी में निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराया गया। गौतम गोविंद सिंह, जो पहले पंचायत समिति सदस्य रह चुके हैं, ने जीत के बाद कहा कि मैं पंचायत के लोगों की सेवा में पक्षपात से परे रहकर काम करूंगा। जनता ने मुझ पर विश्वास जताया है, और मैं इसे कायम रखते हुए उनकी सेवा करता रहूंगा।

# महिलाओं के साथ अश्लील व्यवहार है अपराध : संतोष कुमार पांडेय

### कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए अधिनियम 2013 पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिलाओं के साथ अश्लील व्यवहार कानून के तहत गंभीर अपराध है। ऐसी घटनाओं पर चुप्पी साधने के बजाय, महिलाओं को न्याय के लिए आगे आना चाहिए। यह बात लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे पलाश जेएसएलपीएस के तत्वाधान में आयोजित कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 पर एकदिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि यौन उत्पीड़न के मामलों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 के तहत दंडनीय अपराध माना गया है। इसमें किसी महिला को गलत तरीके से छूना, अश्लील प्रस्ताव देना, अश्लील



बातें करना, या अश्लील सामग्री दिखाना शामिल है। इसके दोषी को तीन साल की सजा और जुमार्ने का प्रावधान है। पांडेय ने कहा कि पीड़ित महिला घटना के तीन महीने के भीतर आंतरिक शिकायत समिति या पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करा सकती है।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंद महिलाएं डालसा से संपर्क कर सकती हैं। डालसा द्वारा अनुभवी वकील मुफ्त कानूनी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

यह अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। 10 या अधिक कर्मचारियों वाले सभी संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। उन्होंने विशाखा दिशा-निर्देश और सरकारी योजनाओं जैसे वन स्टॉप सेंटर, उज्ज्वला गृह, नारी शक्ति पुरस्कार आदि पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेटा ने कहा कि अधिनियम लागू होने के बाद कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराना आसान हो गया है। नई दिशाएं की सचिव इंदु भगत ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और झूठे मुकदमों से बचना चाहिए।

इस अवसर पर प्रवीण कुमार, नवल किशोर राजू, बैभव कांत आदर्श, सत्यप्रिय तिवारी, और अन्य कई अधिकारी व प्रबंधक मौजूद रहे।

# नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय दो महीने से बंद

### छात्रों और कर्मचारियों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अंतर्गत केंद्रीय पुस्तकालय पिछले दो महीने से बंद पड़ा है, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति पर विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है।

**पुस्तकालय की दुर्दशा :** केंद्रीय पुस्तकालय के बंद होने से इसकी हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। दरवाजों पर मकड़ियों के जाले साफ संकेत देते हैं कि पुस्तकालय लंबे समय से नहीं खुला। इससे विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई में परेशानी हो रही है। छात्रों को संबंधित विषयों की पुस्तकें दूसरे छात्रों से मांगनी या दुकान से खरीदनी पड़ रही हैं, जबकि विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन के समय पुस्तकालय के लिए अलग से राशि ली जाती है।

**ट्रांसफर सर्टिफिकेट और नो ड्यूज में परेशानी :** केंद्रीय पुस्तकालय बंद होने से पीजी विभाग के छात्रों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट प्राप्त करने में समस्या हो रही है, क्योंकि इसका नो ड्यूज प्रमाण पत्र पुस्तकालय से ही बनवाना आवश्यक होता है। इसी तरह, सेवानिवृत्त विश्वविद्यालय कर्मचारियों को भी नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी समस्याएं बढ़ गई हैं।

**छात्रों और कर्मचारियों की मांग :** छात्रों और कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से केंद्रीय पुस्तकालय को शीघ्र चालू करने की अपील की है ताकि उनकी पढ़ाई और अन्य कार्यों में कोई रुकावट न आए। इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि छात्रों और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो सके।

# दहेज हत्या मामले में अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-05, डालटनगंज ने एस.टी. नंबर 29/2015, तरहसी थाना कांड संख्या 40/2014 के अंतर्गत दहेज हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त पच्चु साव (पिता- गणेश साव, निवासी- परसाई, थाना- तरहसी, जिला- पलामू) को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। यह निर्णय 18 जनवरी 2025 को सुनाया गया। जानकारी के अनुसार यह मामला वादी रघु साव (पिता- स्व. बोधी साव, निवासी- गोईन्दी, थाना- तरहसी) के लिखित आवेदन पर दर्ज किया गया था। शिकायत में उन्होंने बताया था कि उनकी पुत्री मुन्ती देवी को अभियुक्त द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उसकी हत्या कर दी गई।

इस कांड की जांच सहायक अवर निरीक्षक (सअनि) हरिराम पासवान ने की। उनके सटीक और निष्पक्ष अनुसंधान के परिणामस्वरूप अभियुक्त को दोषी ठहराया जा सका। दहेज प्रथा के खिलाफ एक सख्त संदेश बताया। साथ ही, उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि दहेज संबंधित किसी भी अपराध की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस ने इस प्रकार के मामलों में कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। बहरहाल, यह फैसला समाज में दहेज प्रथा के उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस घटना ने यह संदेश दिया है कि दहेज हत्या जैसे अपराध करने वालों को कानून के अनुसार सख्त सजा भुगतनी होगी।

# महाकुंभ विश्व का आकर्षण, झारखंड सरकार को वादे निभाने की नसीहत : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मेदिनीनगर में महाकुंभ और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 144 वर्षों बाद भारत के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हम सभी के लिए गर्व का विषय है। भारत की संस्कृति और सभ्यता को समझने के लिए न केवल देश के विभिन्न हिस्सों से बल्कि विदेशों से भी लाखों लोग इस आयोजन का हिस्सा बनने पहुंचे हैं। महाकुंभ वर्तमान में पूरे विश्व का केंद्र बिंदु बना हुआ है।



ज्ञात हो कि अर्जुन मुंडा मेदिनीनगर में भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह के यहां वैवाहिक उत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारत विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ रहा है। यही कारण है कि विपक्षी दलों की बेचैनी बढ़ रही है। उन्होंने झारखंड सरकार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो वादे कर वर्तमान सरकार सत्ता में आई है, उसे जनता के हित में पूरा करना चाहिए और लोगों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 पर बात करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा के विधायक अपना नेता चुनने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि राज्य और जिला स्तर पर पार्टी विभिन्न स्तरों पर हार की समीक्षा कर रही है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री मनोज सिंह, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, मनिका के पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, भाजपा नेता परशुराम ओझा और अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड-बिहार के श्रेष्ठ विद्यालयों में शामिल संत मरियम, सोनू सूद के हाथों सम्मान

# सम्मान पाना गौरव की बात है : अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय ने एक बार फिर से अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। झारखंड और बिहार के श्रेष्ठ विद्यालयों में अपनी जगह बनाकर इस विद्यालय ने न केवल अपने शिक्षण परिवार को बल्कि पूरे जिले को गर्व का क्षण दिया है। रांची के होटल ब्लू रेडिशन के सेंट्रल हॉल में टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित बिजनेस अवॉर्ड सह सम्मान समारोह में सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता और सामाजिक कार्यकर्ता सोनू सूद ने विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव को सम्मानित किया। यह अवॉर्ड शिक्षा, संस्कार, प्रशासनिक व्यवस्था, प्रबंधन, स्वच्छता और सेवा जैसे मानकों पर टाइम्स ऑफ इंडिया के आंतरिक सर्वे के आधार पर दिया गया, जिसमें संत मरियम विद्यालय ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस सम्मान को लेकर अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम विद्यालय को समय-समय पर उत्कृष्ट शिक्षा के लिए पुरस्कार मिलते रहे हैं, लेकिन टाइम्स ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा सम्मानित होना हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। सोनू सूद जैसे महान व्यक्तित्व से यह पुरस्कार पाना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए विशेष है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान का श्रेय विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और उन अभिभावकों को जाता है जिन्होंने हम पर विश्वास किया। यह बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमारी जिम्मेदारी को और भी बढ़ाता है। हम इस विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। समारोह में सोनू सूद की उपस्थिति ने आयोजन को और भी खास बना दिया। कोविड महामारी के दौरान उनकी मानवता और सेवा ने उन्हें एक मिसाल बना दिया है। अविनाश देव ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सोनू सूद जैसे व्यक्तित्व से सम्मान पाना उनके लिए अविस्मरणीय क्षण है।




# सरस्वती पूजा 3 फरवरी को मूर्ति निर्माण में जुटे मूर्तिकार

**मेदिनीनगर।** सरस्वती पूजा के लिए जिलेभर में तैयारियां जोरों पर हैं। मेदिनीनगर के विभिन्न प्रखंडों में मूर्तिकार दिन-रात मूर्तियां बनाने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकार अमित ने बताया कि इस बार सरस्वती पूजा के लिए 100 से अधिक मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है, जो मेदिनीनगर के विभिन्न हिस्सों में भेजी जाएंगी। इस बार बड़े आकार की मूर्तियों की मांग अधिक है। शहर के बीसफुटा चौक, हमीदगंज, पुलिस लाइन रोड, अघोर आश्रम और बाजार क्षेत्र में बड़ी मूर्तियों की डिमांड ज्यादा है। अधिकतर मूर्तियां 5 फीट की बनाई जा रही हैं। मूर्ति की कीमत 700 रुपये से 4,000 रुपये के बीच रखी गई है। मूर्तिकारों के अनुसार, इस साल मूर्ति निर्माण की लागत में 10-20% की वृद्धि हुई है। बांस और पुआल जैसी सामग्रियों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। उदाहरण के लिए, 50 रुपये में मिलने वाला बांस अब 80-90 रुपये में मिल रहा है। मूर्तिकार अमित ने कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर बच्चों और शैक्षणिक संस्थानों की मांग के अनुरूप 1 फीट से लेकर 5 फीट तक की मूर्तियां बनाई जा रही हैं। इन मूर्तियों की स्थापना कर छात्र-छात्राएं श्रद्धा के साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं। सरस्वती पूजा की तैयारियों से शहर में उत्साह का माहौल है। मूर्ति निर्माण में तेजी और बढ़ती मांग से मूर्तिकार भी व्यस्त नजर आ रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता में आगे है वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट

### संस्था ने 28 हजार से अधिक बच्चों को किया जागरूक सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए चला रही मुहिम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल की अग्रणी सामाजिक संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट सड़क सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह ट्रस्ट विशेष रूप से स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा अभियान चला रही है। संस्था का मानना है कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं और सड़क पर सुरक्षा के नियमों की शिक्षा बचपन से ही दी जानी चाहिए।

संस्था का अभियान मुख्य रूप से उन बच्चों को लक्षित करता है, जो टीनएज में साइकिल, बाइक, या स्कूटी चलाने के प्रति उत्सुक होते हैं। कई बच्चे 18 साल की उम्र पूरी किए बिना दोपहिया वाहन चलाने लगते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। संस्था बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों, गाड़ी चलाने की सही उम्र, हेलमेट के महत्व, ओवरस्पीडिंग और ओवरटेकिंग से बचने की सलाह देती है।

संस्था अभिभावकों से भी अपील करती है कि वे अपने बच्चों को सही उम्र से पहले वाहन चलाने की अनुमति न दें। 18 साल की उम्र के बाद भी, अभिभावकों को




बच्चों को हेलमेट उपहार में देने और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर गाड़ी जब्त करने की शर्त लगाने का सुझाव दिया गया है।

अब तक वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट 28-29 हजार बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला चुकी है। इस अभियान में युवाओं से लेकर महिलाओं तक की भागीदारी है। प्रमुख रूप से मयूरेश द्विवेदी, लक्ष्य श्रेष्ठ, मन्नत सिंह बग्गा, राखी सोनी, कंचन गुप्ता, फरहा नाज, रिनू शर्मा और संध्या अग्रवाल जैसे लोग जागरूकता फैलाने में जुटे हैं। इस टीम का नेतृत्व संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा करती हैं। अभियान के दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, ब्लॉगर अभिषेक तिवारी, और समाजसेवी व ट्रस्ट के संरक्षक पंकज लोचन विशेष अतिथि के रूप में जुड़ते हैं। ये सभी सड़क सुरक्षा से जुड़े टिप्स और अनुभव साझा करते हैं।

संस्था के प्रयासों की क्षेत्र में सराहना हो रही है, और लोग इसे एक महत्वपूर्ण पहल मानते हैं। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और समाज को सुरक्षित बनाना है।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह और हेलमेट का महत्व

जनवरी माह में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान ट्रस्ट 'हेलमेट लगाओ, जीवन बचाओ' का संदेश देता है। ट्रस्ट के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें सिर में चोट लगने के कारण होती हैं। सचिव शर्मिला वर्मा कहती हैं, 'हमारा उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को रोकने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। कैंसर से भी ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटनाओं के कारण हो रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है।' संस्था लोगों से अपील करती है कि दुर्घटना होने पर वीडियो बनाने के बजाय घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं। गोल्डन आवर में समय पर इलाज से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस का भी सहयोग मिलता है। ट्रस्ट ने कई जागरूकता कार्यक्रम ट्रैफिक विभाग के साथ मिलकर आयोजित किए हैं।

# सर्द रातों में अलाव और कंबल से मदद, शहरवासियों के बीच चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर की पहली महापौर अरुणा शंकर, कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अपने सेवा कार्यों के लिए सुर्खियों में हैं। पिछले 15 दिनों से वह चौक-चौराहों पर अपने निजी खर्च से अलाव जलवा रही हैं। ठिठुरती सर्द रातों में वे देर रात तक अलाव स्थलों का निरीक्षण करती हैं, राहगीरों और जरूरतमंदों से उनकी कुशलता पूछती हैं और कंबल वितरित करती हैं। अरुणा शंकर के इस सेवा भाव की पूरे शहर में चर्चा हो रही है। कार्यकाल खत्म होने के बावजूद शहर की देखभाल में जुटी हैं। वे न केवल अलाव की व्यवस्था कर रही हैं, बल्कि चौक-चौराहों, उद्यानों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए भी सक्रिय हैं। उन्होंने अपने निजी खर्च पर माली और इलेक्ट्रिशियन रखे हैं ताकि शहर के डिवाइडर, कोयल रिवर फ्रंट और गांधी उद्यान की रोशनी और हरियाली बरकरार रहे। अरुणा शंकर ने कहा कि मैं इस शहर की नगर माता रही हूं। यह मेरी जिम्मेदारी है कि पद पर रहूं या न रहूं, शहर की सेवा करती रहूं।



अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट पर लगे धौलपुर स्टोन की जालियों को तोड़े जाने की घटना पर दुख जताते हुए कहा कि इसके संरक्षण के लिए नई जालियां लगाई जा रही हैं और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक स्थल की खूबसूरती बचाने में सहयोग करें। ह्लकोयल रिवर फ्रंट न केवल शहर की पहचान है, बल्कि सैकड़ों लोगों के रोजगार का साधन भी है। इसकी देखभाल हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। मैं जल्द ही स्थानीय अभिभावकों की एक कमेटी बनाऊंगी, ताकि रिवर फ्रंट की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके,ह्व उन्होंने कहा।

## वन विभाग ने पीड़ित परिवार को दिया मुआवजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** वन विभाग ने शनिवार को हाथी से पीड़ित परिवार के सदस्यों को चिनियां मुखिया प्रतिनिधि अरबाज अंसारी के हाथों 107800 रूपए की मुआवजा का चेक परिजनों को प्रदान किया। बताते चले कि लगभग 6 माह पहले चिनियां थाना क्षेत्र के चिरका गांव निवासी वकील भुइंया पत्नी मानती देवी का खपरैल घर को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिससे पीड़ित परिवार ने मुआवजा को लेकर वन विभाग को आवेदन दिया था। मौके पर चिनियां के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने कहा कि दुःख की बात है कि हाथियों ने गरीब परिवार का खपरैल घर को क्षतिग्रस्त कर दिया था। पीड़ित परिवार मुआवजा में मिली राशि का सही उपयोग करें। राशि से परिवार के लोग अपना पक्का घर बना सकते हैं। मौके पर बदन राम रवि, वन कर्मी प्रेमचंद दास, विपिन मेहता, हेमंत तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

# सीओ ने बालू लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त

### दोनों ट्रैक्टर मुखिया व उपमुखिया का

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ शनिवार को सीओ शंभू राम ने कार्रवाई करते हुए भवनाथपुर बाजार क्षेत्र से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त कर स्थानीय थाना को सुपूर्द कर दिया है। उक्त दोनों ट्रैक्टर केतार की ओर से आ रही थी। एक ट्रैक्टर नंबर का तथा एक बिना नंबर का ट्रैक्टर था। सीओ की जांच के दौरान ट्रैक्टर चालकों ने कहा कि उक्त गाड़ी पाचाडूमर पंचायत के मुखिया के मुखिया सोनवर्षा निवासी श्यामसुंदर बैठा और केतार निवासी उपमुखिया संजय पाल का है। दोनों पर चालान का बालू होने की बात कही। चालान में खोखा घाट से बालू का उठाव और बरडीहा में अनलोड कराने को अंकित है, जिस पर सीओ ने कहा कि जब ट्रैक्टर को बरडीहा जाना था तो भवनाथपुर में क्या कर रहा है। जबकि बरडीहा का रास्ता केतार से ही है। दबे जुबान से चर्चा है कि उक्त लोड बालू सोन नदी के खैरवा घाट का है,जबकि चालान खोंखा घाट का है। मामला संदिग्ध जानकर सीओ ने बालू लदे दोनों टैक्टर को थाना को सुपूर्द कर दिया है। इस संबंध में सीओ शंभू राम ने बताया कि अवैध बालू कारोबार की सूचना के आलोक में कार्रवाई किया गया है। चालान खोखा से बरडीहा का है तो भवनाथपुर में ट्रैक्टर बालू लेकर क्या करने आया था। यह जांच का विषय है।



## आयुष्मान आरोग्य मंदिर नियमित नहीं खुलने से मरीजों को होती है परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नियमित रूप से नहीं खुलने से इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को मजबूरी में आठ किमी दूर सीएचसी जाना पड़ता है। शनिवार को 11 बजे आयुष्मान आरोग्यम मंदिर के गेट का ताला तो खुला था,लेकिन वहां तैनात सीएचओ अंकित कुमार त्रिवेदी, एएनएम उपस्थित नहीं थे। वार्ड सदस्य पप्पू सिंह,राकेश यादव, उपेंद्र यादव योगेन्द्र यादव,प्रमुख यादव आदि ने बताया कि अस्पताल की एएनएम आती हैं। सीएचओ कौन हैं,कब आते हैं,और उनका क्या काम है नहीं जानते। सभी ने कहा अगर सीएचओ नियमित बैठते तो पंचायत के लोग इलाज के लिए भवनाथपुर क्यों जाते? उन्होंने कहा कि यहां केवल प्रसव कराया जाता है। इस संबंध में एएनएम मीना कुमारी ने कहा कि आज हम घाघरा में टीकाकरण कर रहें हैं। सीएचओ अंकित कुमार त्रिवेदी ने कहा कि हम अभी नगर में हैं। आज मेरा सीएचसी में नाईट ड्यूटी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि विभागीय बैठक में जिला में आए हैं। अस्पताल में कर्मी उपस्थित क्यों नहीं हैं,इसका पता लगाते हैं। सीएस डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि केंद्र में कर्मी उपस्थित नहीं हैं,यह एक गंभीर मामला है। उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही।



## शिशु विद्या मंदिर में पुराने छात्रों का सम्मेलन सह बाल मेला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को पूर्व छात्र सम्मेलन सह बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुराने छात्रों द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के तस्वीर पर पुष्पार्चन एवं दीप जलाकार किया गया। 150 पुराने छात्र उपस्तिथि थे। मौके पर प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा संगठन के रूप में है। सबने अपने विचारों को व्यक्त किया तथा अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। समारोह को वरिष्ठ आचार्य अजीत कुमार चौबे, अमरेंद्र मिश्रा, बैजनाथ गुप्ता, सचिव रामसुरेश राम, बजरंगी साह, काशीराम, बबन साह ने भी संबोधन किया। पुराने छात्रों के बीच पूर्व छात्र सम्मेलन का गठन किया गया। अध्यक्ष सचिव, संयोजक, सह संयोजक बनाया गया। आयोजित बाल मेला का उद्घघाटन अभिभावक राजेश्वर प्रसाद गुप्ता व प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में गुलाब जामुन ,मोमोज, पापड़ी चाट, लिटी चोखा, पानी पुरी, समोसा,ब्रेड पकोड़ा, चाय, गाजर का हलवा, झाल मुड़ी आदि 35 प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाए गए थे।



### मृतक के परिवार को मिला दीदी बाड़ी योजना का लाभ

**धुरकी।** शनिवार को जेएसएलपीएस धुरकी के बीपीएम सुनील कुमार के निर्देश पर ग्राम मीरचैया में दो सदस्यीय टीम ने स्व मुक्लेश कोरवा के घर पहुंच कर दुःख प्रकट किया। बता दें कि 12 जनवरी 2025 को उनका डोभा मे डूबने से मृत्यु हो गया था। बीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता ने जेएसएलपीएस से संचालित दीदी बाडी योजना को उनके पत्नी सोनी देवी के नाम से योजना को सवीकृत किया। बिरसा हरित ग्राम योजना आदि के लाभ देने के बात कही। डीईओ जितेंद्र विश्वकर्मा ने उनके पति के नाम से किया गया बीमा प्रधानमंत्री जीवन जयोति बीमा योजना बैंक से जांच कराने के बाद बीमा के माध्यम से 2 लाख रुपये शीघ्र ही दिलवाने के बात कही। मौके पर सोनी देवी, इतलाल कुमार, माया देवी, रविरंजन कुमार, सोनमती देवी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### लाभुको ने ई केवाईसी के नाम पर डीलर पर पैसा लेने का आरोप लगाया

**डंडई।** प्रखंड के जरदे गांव के जन वितरण प्रणाली दुकानदार रामदेव राम द्वारा इ केवाईसी के नाम पर प्रत्येक लाभुक से 30 रुपए राशि की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। लाभुक राजू भुइयां, राजेश्वर विश्वकर्मा, राजा राम भुइयां, बीवी देवी, मुंशी भुइयां, राम्याय भुइयां सहित अन्य ने बताया कि डीलर रामदेव राम प्रत्येक राशन कार्डधारी से 30 रूपए ई केवाईसी के नाम पर लिया जा रहा है। डीलर रामदेव राम ने लाभुकों से पैसे लेने की बात स्वीकारते हुए कहा कि सिर्फ मैं ही राशन में कटौती नहीं कर रहा हूं। प्रखंड के सब डीलर राशन में कटौती कर रहे हैं। प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी यशवंत नायक ने बताया कि दो-तीन दिन पूर्व ही सभी डीलरों के साथ बैठक कर हिदायत दी गई है कि राशन ई केवाईसी करने में किसी भी लाभुकों से पैसे नहीं लेना है। साथ ही राशन में कटौती भी नहीं करना है। ई केवाईसी के नाम पर डीलरों द्वारा पैसा लिया जा रहा है तो निश्चित रूप से डीलर के पर कार्रवाई होगी।

### 35 महिलाओं के बीच सब्जी बीज का वितरण



**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय के सभागार में शनिवार को कृषि विभाग की ओर से बीटीएम राकेश कुमार द्वारा कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के योजनाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में प्रखंड उद्यान मित्र संतोष कुमार ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा लौकी, स्वीट कॉर्न, बैंगन, करैला का बीज स्वयं सहायता समूह के दर्जनों महिलाओं के बीच में वितरित किया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि इस बीज को लगाकर इसकी उपज को बाजार में बेचकर स्वावलंबी बन सकते हैं। 35 महिलाओं के बीच सब्जी बीज का वितरण किया गया। बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि यह बीज कम जगह में लगाकर अधिक उपज प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही उद्यान विभाग की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर मुखिया मूंगा साह, परमार्थी एफपीओ के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, स्वयं सहायता समूह के महिलाएं उपस्थित थें।

### खुर्शीद आलम बने अल्पसंख्य कांग्रेस के जिलाध्यक्ष



**गढ़वा।** जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी की बैठक में खुर्शीद आलम को पुनः जिला अध्यक्ष के रूप में चुन लिया गया। सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश द्वारा नियुक्त पलामू प्रमंडल के प्रभारी अरशदुल कादरी और मो. गुलरेज अख्तर अंसारी मौजूद थे। बैठक में अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला कमेटी, प्रदेश कमेटी पर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद सभी कांग्रेसियों ने पूर्व जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम को पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन किया। बैठक में समाज सेवी मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजाउद्दीन अंसारी,मो. संजर अंसारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ऋषभ चंद्रवंशी,एनएसयूआई प्रदेश सचिव हसनैन रजा,एनएसयूआई महासचिव इजहार अंसारी,शाहिद रजा, खुर्शीद आलम,प्रो. जमील अहमद, बशीरुद्दीन अंसारी, डॉ. महताब आलम, शमशाद आलम, करार हुसैन, जमशीद आलम, कलीमुद्दीन अंसारी,अब्दुल रज्जाक खान, फिरोज अंसारी, जफर इकबाल,मो. कयामुद्दीन, मंसूर अंसारी,अनवर आलम,आबिद हुसैन,यूसुफ अंसारी,प्रो, शमीम अंसारी,प्रो, मोहसिन जलाल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त किया

**मेराल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने शनिवार को मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव पहुंच भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार चौबे से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। मालूम हो कि पांच दिन पूर्व विनय कुमार चौबे के बड़े पुत्र पीयूष कुमार चौबे का लंबी बीमारी के बाद असमय मृत्यु हो गई है। 25 वर्षीय पीयूष कुमार चौबे नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष का छात्र था।पीयूष बचपन से ही काफी मेधावी था। उनके परिजनों के लोगों को पूर्ण विश्वास था कि वह अपने जीवन में सफल होगें। लेकिन एक साधारण बीमारी के क्रम में असाध्य रोग में बदल गई और पीयूष का मृत्यु हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के साथ-साथ राजनीति के कई बड़े-बड़े दिग्गज विनय कुमार चौबे से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। जिनमें पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी शामिल है। शनिवार को बाबूलाल मरांडी के साथ विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, उनके प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, रघुराज पांडेय, डॉक्टर पतंजलि केसरी सहित कई लोग शामिल थे।

## एक नजर

### झडोंत्तोलन के लिए समय निर्धारित

**मझिआंव।** 76वे गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर प्रखंड सभागार में शनिवार को बैठक आयोजित की गई।अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक ने की। बताते चले कि सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन करने को लेकर समय निर्धारित किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 8:30 बजे,थाना परिसर में पूर्वाह्न 8:50 रेफरल अस्पताल पूर्वाह्न 9:15 पशु चिकित्सालय पूर्वाह्न 9:30, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय 9:45, नगर पंचायत कार्यालय परिसर पूर्वाह्न 10:00 बजे, प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी पंचायत भवन में पूर्वाहन 10:5, प्रगतिशील यूनियन कार्यालय परिसर 10:10 भारतीय किसान संघ परिसर पूर्वाह्न 10:15 बजे, शिवेशवर चंद्रवंशी महाविद्यालय पूर्वाहन 10:20, चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय परिसर पूर्वाहन 10:30 बजे, दूरसंचार कार्यालय परिसर 10:35 मिनट पर झंडोत्तोल करना सुनिश्चित किया गया है।

### लाभुकों को मिला धोती, साड़ी व लूंगी

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रखंड के सभी डीलरों को साड़ी, धोती एवं लूंगी आवंटित की गई। प्रधान सहायक सिद्धेश्वर नाथ सिंह व कंप्यूटर ऑपरेटर सिराज अंसारी ने बताया सभी डीलरों के बीच 9310 साड़ी, 5586 धोती एवं 3724 लूंगी का वितरण किया जा रहा है। प्रखंड कार्यालय से उठाव के बाद इस माह में उक्त सामग्री को लाभुकों के बीच वितरित किया जायेगा। साड़ी, लूंगी एवं धोती का उठाव कर रहे राशन डीलर चंद्रदेव बैठा एवं गोपाल बैठा ने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। जिससे इस महंगाई में भी गरीबों को मात्र 10 रूपए में साड़ी, धोती लूंगी उपलब्ध कराई जाती है।

## धरती आबा उत्कर्ष अभियान के तहत आमसभा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया। प्रखंड के बालेखाड गांव में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न टोले से बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया। इसके पूर्व प्रखंड कर्मियों के द्वारा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बालेखाड़ गांव के विभिन्न टोला मोहल्ला में सर्वे किया गया। इस दौरान कर्मियों के द्वारा गांव व टोला में भ्रमण कर सभी जन उपयोगी योजनाओं का जानकारी लिया गया। तत्पश्चात ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय बालेखाड़ को उच्च विद्यालय बनाया जाए, आदिवासी छात्रावास का निर्माण कराया जाए, गांव में स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जाए, बालेखाड़ गांव के पुरानी पंचायत भवन से पचौर चौक तक कालीकरण सड़क का निर्माण कराने सहित कई निर्णय लिए गए। मौके पर डॉ, प्रतिमा कुमारी, मुखिया सरिता कुमारी सिंह, बीपीओ रेणु बाला, बीपीएम सुनील कुमार, पंचायत सचिव सुनील कुमार, बीपीआरओ विकास कुमार, प्रखंड समन्वयक अमित द्विवेदी, लघु कुटीर उद्योग के अरविंद कुमार,बीडीसी अनिशा देवी,बीपीओ रंजन कुमार, रोजगार सेवक पंकज कुमार सिंह, प्रभारी कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णकांत सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रिंट रेट से अधिक दर पर बिक्री किया जा रहा शराब

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के गढ़वा मझिआंव मुख्यमार्ग पंचफड़ी मोड़ के पास अनुज्ञप्ति प्रदत कम्पोजिट शराब दुकान में प्रिंट दाम से अधिक दर पर शराब का बिक्री किया जा रहा है। इस पर उत्पाद विभाग पूरी तरह मौन साधे हुए है। इस संबंध में राहुल कुमार सहित कई ग्राहकों ने बताया कि इस शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब खरीदने को विवश हैं। फिल्ड अफसर से शिकायत करने के बाद भी कोई सुधि नहीं लेता है। इसलिए लाचार होकर हम लोग प्रिंट से अधिक दाम देकर शराब खरीदने को मजबूर हैं। मालूम हो कि पंचफेडी. मोड़ पर 22-23 शराब दुकान है। अनुज्ञप्ति धारी झारखंड राज्य विवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के तहत यह दुकान चल रहा है। प्रिंट रेट से अधिक दामों पर शराब बेचने के बारे में पूछने पर शराब दुकान में कार्यरत पंकज कुमार एवं मनीष कुमार ने बताया कि प्रति बोतल 10 से 20 रुपए अधिक बढ़ाकर लेते हैं। पंचफेड़ी मोड शराब दुकान में प्रिंट से अधिक दर पर शराब बेचने के मामले में उप प्रमुख निजामुद्दीन खान के कहा कि इस पर उत्पाद विभाग को संज्ञान लेकर सख्त कारवाई करना चाहिए। जिससे सरकार की छवि धूमिल न हो। इधर फील्ड अफसर ललन कुमार ने शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक राशि लेने से संबंधित पूछने जवाब देने से बचते रहें। उत्पाद निरीक्षक निर्मल कुमार ने कहा कि प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री करना गैरकानूनी है।




## टैलेंट हंट एग्जाम में उत्तीर्ण बच्चों को मिला प्रशस्ति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत10 वर्षों से संचालित रिपीटेड शिक्षण संस्थान अक्षर-द पब्लिक स्कूल में टैलेंट हंट एग्जाम में प्रतिभाशाली उत्तीर्ण बच्चों को प्रशस्ति पत्र, डिक्शनरी सहित प्रोत्साहन राशि विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं द्वारा प्रदान किया गया। बता दें कि अक्षर-द पब्लिक स्कूल के द्वारा पिछले महीने टैलेंट हंट का एग्जाम कराया गया था, जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

**टैलेंट हंट का एग्जाम :** शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त करने को लेकर आरके पब्लिक स्कूल को हायर किया गया था। रिजल्ट कैलकुलेशन के पश्चात अक्षर-द पब्लिक स्कूल में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्रुप-ए में कक्षा चार के देवानंद कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ग तीन पुनीत मालाकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार की छात्रा वर्षा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रुप-बी में कक्षा 6 के छात्र दिव्यांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 के ही छात्रा तनु कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 के छात्र हिमांशु कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभावान टैलेंट हंट एग्जाम में उत्तीर्ण्य बच्चों को प्रशस्ति पत्र डिक्शनरी बुक सहित प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया गया। मंच का संचालन सोनू ने किया। मौके पर स्कूल के निदेशक रंजीत, शिक्षक अल्तमश खां,यसदेव तिवारी, रंजन शाह,वरुण सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## नामजद आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया थाना में नामजद आरोपी राजेश चौधरी पिता विनोद चौधरी ग्राम गेरुआ थाना मेराल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार रमना थाना के हरादाग कला निवासी शंकर चौधरी पिता चनारिक चौधरी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था।

## कार्यक्रम

### सड़क सुरक्षा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

# गुड समेरिटन की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सड़क सुरक्षा बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत इंडोर स्टेडियम गढ़वा में प्रज्जवलित कर किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में तहत बैडमिंटन मैच के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबधित जानकारी दी गयी। सभी को हिट एंड रन और गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि समाज के बीच के दायरे को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन बहुत जरूरी है। गोल्डन आवर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं, पुलिस कभी भी आपको किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है। ऐसा गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 द्वारा आपको हक मिलता है, जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है। किसी भी प्रकार की कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे। गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर रुपए 2000 से रुपए 5000 तक से आपको सम्मानित किया जाता है। साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहन कर चलने की बात कही गई। दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की गई। यदि ऐसी सतर्कता बरती जाये तो ही आने वाली दुर्घटना को टाला जा सकता है। इस दौरान बताया गया कि दुर्घटना में सिर ही ऐसा अंग है, जिसका इलाज संभव नहीं है। इसलिए अपने सिर को बचाने के लिए जब भी गाड़ी को चलायें या गाड़ी में बैठने का मौका मिले हेलमेट के उपयोग में बहाना ना बनाये। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा 2025 के तहत विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, सडक सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा समेत अन्य संबंधित लोग उपस्थित थें।



## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा के द्वारा शनिवार को उच्च विद्यालय हरिहरपुर के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल मैच के लिए आठ टीमें भाग ली। इसमें फाइनल मुकाबला हरिहरपुर और कवलदाग के बीच मैच खेला गया। फाइनल मुकाबला हरिहरपुर की टीम 1-0 से जीत लिया। विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक दिलीप कुमार, हरिहरपुर ओपी एस आई बाबूलाल राम, मुखिया अनुज कुमार , राजन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# नो एंट्री मांग को लेकर व्यवसायियों ने दुकान बंद कर किया विरोध




**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** भारी वाहनों के अनियमित परिचालन से हो रहे दुर्घटना से लोग त्रस्त हो आंदोलन पर उतर आए हैं। शनिवार को इसका व्यापक विरोध देखने को मिला है। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभी दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को सुबह से ही बंद कर भारी वाहनों के परिचालन का विरोध किया है। दुकानदारों ने कहा कि वर्षों से दिन रात कोयला गाड़ी का परिचालन हो रहा है, जिससे ग्रामीण धूल कण से काफी परेशानी हो रही है। साथ ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। कोयला वाहनों से दिन प्रतिदिन लोग सड़क हादसा का शिकार हो रहे हैं। कई जान भी जा चुकी है। 4 वर्ष पहले से ही सुबह से लेकर शाम तक नो एंट्री की मांग किया जा रहा है, जिसको लेकर प्रखंड पुलिस प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन को भी लिखित रूप से जनप्रतिनिधि, समाजसेवी से निवेदन किया जा चुका है। अब बाध्य होकर ग्रामीण सड़क पर उतर सड़क जाम कर रहे हैं।

### उपायुक्त ने बारियातू कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

# कार्यों में लापरवाही बार्दश्त नहीं : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बारियातू प्रखंड कार्यालय का शनिवार को निरीक्षण कर कार्यालय कर्मियों व कार्यालय के गहनता से जायजा लिया। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालय, बारियातू द्वारा किए जा रहे कार्यों व अभिलेखों के संधारण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया। प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के क्रम में बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उपायुक्त ने विद्यालय का भ्रमण करते हुए परिसर में स्वच्छता, आवास, भोजन, विद्युत, जल आदि का जायजा लिया। उपायुक्त ने आवासीय संबंधी जानकारी ली। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्कूल प्रबंधन व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। पंचायत बालूभांग अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि कार्यलयों में लापरवाही बार्दश्त नहीं किया जायेगा। साथ ही धान अधिप्राप्ति केंद्र का औचक निरीक्षण कर जरूरतमंदों को दिए जा रहे राशन में किसी भी प्रकार की अनियमितता व उचित वजन समेत अन्य की जांच किया, जिससे जरूरतमंद लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हों। उपायुक्त ने इमानदारी पूर्वक राशन वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, हीसरी का निरीक्षण के क्रम में छोटे बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही मनरेगा, अबुआ आवास योजना व अन्य संचालित योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। मौके परआईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकार, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी बारियातू, अंचल अधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### कांग्रेस जय संविधान अभियान आज

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जय संविधान अभियान के तहत कांग्रेस कार्यालय (शहीद चौक रोड) से विरोध मार्च निकालने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज ने दी है।

### मेगा स्वास्थ्य मेला 20 को

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में 20 जनवरी से 24 जनवरी तक मेगा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुदीप कुमार ने उक्त आयोजन में ग्रामीणों से अधिक लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कैंप में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न बीमारियों की जांच कर रोगियों को निःशुल्क दवाईयां दी जायेगी। साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य, टीकाकरण, डिजिटल हेल्थ कार्ड, ईएनटी, मोतियाबिंद समेत अन्य जांच व आवश्यक परामर्श दिया जायेगा।

### परीक्षा में 20 छात्र अनुपस्थित

**बारियातू।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू में जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए आंकलन परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। पांचवी पास छठा वर्ग में नामांकन के लिए 240 छात्र आवेदन किया था, जिसमें 220 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। 20 छात्र अनुपस्थित रहे। केन्द्राधीक्षक रुपेश कुमार साव और वीक्षकों द्वारा परीक्षा केंद्र में कदाचार मुक्त परीक्षा लिया गया। केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षक संदीप कुमार ओझा, मजिस्ट्रेट सत्येंद्र उरांव भी मौजूद थे।

### असहायों के बीच कंबल वितरण

**बारियातू।** राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने 35 वृद्ध गरीब असहाय महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया। राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने बताया कि बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड प्रशासन द्वारा राजद को 35 कंबल वितरण करने के लिए दिया गया था। जिसे लोदमदाग, भंडार टोले के गरीब वृद्ध असहाय के बीच वितरण कर दिया गया। कंबल पाकर लोगों ने राजद प्रखंड अध्यक्ष व प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

### नवोदय विद्यालय में नामांकन को लेकर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**लातेहार।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पांचवी कक्षा में नामांकन को लेकर शनिवार को जिले में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हो गया। परीक्षा को लेकर पूरे जिले में 11 केन्द्र बनाए गए थे। पांचवी कक्षा में नामांकन को लेकर जिले से 2882 बच्चों ने फार्म भरा था। परीक्षा में बैठने वाले बच्चों की संख्या की बात करें तो यह 2280 रहा। शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध प्रशासन द्वारा किया गया था। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका उच्च विद्यालय में बनाए गए केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ देखी गई।

# हाथियों के झुंड ने चार घरों को किया क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के सेकलेतरी गांव में बीती रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने सेकलेतरी निवासी किसान महेंद्र भगत, कर्मा भगत,विकास भगत और नंदे भगत के घर को ध्वस्त कर कर घर में रखे अनाज को चट कर गये। हाथियों ने घर मे रखे सामानों को भी क्षति पहुंचाई है। भुक्तभोगी किसानों ने बताया कि हम लोग अपने-अपने घर मे सोये थे, तभी अचानक आधी रात को हाथियों का झुंड गांव में आ धमका और घरों में तोड़ फोड़ शुरू कर दिया। उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। घटना की जानकारी मिलते ही माल्हन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा सेकलेतरी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही वन विभाग से मिल कर हाथियों द्वारा पहुंचाए गए नुकसान का मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। मुखिया जतरु मुंडा ने कहा कि जिनके घरों को हाथियों ने ध्वस्त किया है वैसे परिवारों को पीएम आवास व अबुआ आवास देने की मांग वह अधिकारियों से मिलकर करेंगे। उन्होंने घटना स्थल से ही वन विभाग को घटना की जानकारी देते हुए हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। बताते चले कि चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पिछले कुछ वर्षों से हाथियों ने लोगों का जिना मुहाल कर रखा है। हाथियों ने अब तक कई ग्रामीणों की जान भी ले चुके हैं। ग्रामीण रात-रात भर जाग कर पहरा देने को मजबूर हैं।

# सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक ट्रांसपोर्टिंग की अनियमितताओं पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को सड़क सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कोल माइंस हेरहंज, बालूमाथ और लातेहार की समितियों के तत्वावधान में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य तूवेद कोल माइंस से कुशमाही साइडिंग तक चल रही हाईवा ट्रांसपोर्टिंग की अनियमितताओं पर चर्चा करना था। बैठक में जिला से आए एडीएम, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, डीवीसी के कर्मचारी, और बालूमाथ-हेरहंज क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में ग्रामीणों ने ओवरलोडिंग की समस्या और ट्रांसपोर्टिंग रूट परिवर्तन की मांग की और ड्राइवरों की 12 घंटे की ड्यूटी को कम करने और ट्रांसपोर्टिंग का समय निर्धारित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा सड़क पर कचरे के जमाव को हटाने और गाड़ियों की कवरिंग अनिवार्य करने की बात कही गई।

सदस्यों ने दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों और घायलों को मुआवजा दिलाने पर जोर दिया। वहीं बच्चों के स्कूल समय में नो-एंट्री सुनिश्चित करने की मांग की गई।

एसडीएम ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और ओवरलोडिंग रोकने, ट्रांसपोर्टिंग रूट बदलने, और दुर्घटना मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाने का आश्वासन दिया। बैठक में चंद्रदेव उरांव, पप्पू सिन्हा, रंजीत जैसवाल, ओम जायसवाल, संजू भोक्ता, उपेंद्र यादव, दीपक सिंह, लाडले खान, कृष्ण प्रसाद साहू, विजय उरांव, संकेश्वर राम, फुलवा गंजू, राम ब्रिज भोक्ता, समनारायण सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घायल को आरपीएफ जवानों ने आधी रात पहुंचाया अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन पर स्थित टोरी-चेटर रेलवे लाईन के बीच किमी सं 190/17-19 के समीप एक युवक अप टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अर्जुन उरांव पिता फूलदेव उरांव (40) ग्राम कुट्टी सिमरिया (चतरा) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ट्रेन से गिरने के बाद युवक गंभीर अवस्था में काफी देर तक रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा रहा। देर रात टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर रंजीत रंजन सहाय को सूचना मिली की एक व्यक्ति घायल अवस्था में टोरी-चेटर रेलवे लाईन के बीच घायल पड़ा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर के निर्देश पर आधी रात को ही उप निरीक्षक विंध्याचल कुमार,आरक्षी ठाकुर शंभूनाथ व आरक्षी आदित्य कुमार एंबुलेंस लेकर उक्त स्थल पर पहुंचे। आरपीएफ जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए रेलवे ट्रैक के किनारे पड़े घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से चंदवा अस्पताल पहुंचाया। इस बात की सूचना युवक के परिजनों को दी। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। आरक्षी आदित्य कुमार घायल को एंबुलेंस से लेकर रिम्स पहुंचे और उसे रिम्स में भर्ती कराया।

### फास्ट फूड होटल का उद्घाटन

**महुआडांड़।** शहर के मुख्य बाजार स्थित पेट्रोल पंप के सामने डेलिसियस फास्ट फूड होटल का उद्घाटन किया गया। होटल का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। मौके पर होटल संचालक आनन्द कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर 28 को प्रदर्शन करेंगे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड पर टोरी स्टेशन के पूर्व परसाही-भंडारगढ़ा स्थित पोल संख्या 182/28-29 के बीच अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों के शनिवार को बैठक की। बैठक में अंडर पास निर्माण की मांग को लेकर 28 जनवरी को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर गंझू ने की। कामता पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने कहा कि परसाही-भंडारगढ़ा के बीच रेलवे लाइन बिछाने के लिए रेलवे द्वारा गड्ढा खोदा जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण जिस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं, उस रास्ते में भी गढ्ढा हो गया है। रेलवे द्वारा गढ्ढा खोदे जाने से रास्ता बंद हो गया है। इस कारण इस रास्ते का इस्तेमाल करने वाले कई गांवों के सैंकड़ों ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण बताते हैं कि आजादी के पहले से स्कूल,कॉलेज,बाजार समेत प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए तिलैयादामर, तुरी सोंत, मरमर, फुलटांड़, लोहसिंगना, महुआमिलन, पिपराही,भंडारगढ़ा गांव के ग्रामीण इस रास्ते से पैदल आवागमन करते आ रहे हैं।

मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर गंझू,गुजरा भगत, सहजीवन भोगता, सितामनी देवी,आशिष कुमार, सोमरी देवी, वंशी गंझू,अनिता देवी, शिबु गंझू, मनतोरिया देवी, फुलचंद गंझू, सितली देवी, सुदेशी देवी, लालो देवी, सुरज गंझु,रूपमनी देवी, शालो देवी, सरिता देवी, लेवकी देवी, कैशलैया देवी, संगीता देवी, रितु देवी, एतवरिया देवी, कुशुम कुमारी, अमृता कुमारी, सुनीता देवी, सोनाननी देवी, नरेश महतो, मंदु भोगता, गुजरा गंझू, गोपी गंझू, दिनेश गंझू, त्रिभुवन भोगता, मठु गंझू, मुनेश गंझू, गुडू गंझू, धनलाल गंझू, ललन गंझू, फलिन्द्र गंझू, इंदर राय, बाबुलाल गंझू, सुरेश गंझू समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

### हाईटेंशन पोल गाड़ने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी से विद्युत आपूर्ति के लिए गाड़े जा रहे हाईटेंशन पोल को लेकर सराढू के ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों ने कार्यस्थल में जाकर नारेबाजी की। ग्रामीणों की मानें तो गणेश इलेक्ट्रिकल कंपनी द्वारा वन भूमि तथा गैर-मजरुआ भूमि में ग्रामीणों को गुमराह कर कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें इस मामले में कार्रवाई करते हुए पिछले साल वन विभाग ने एक हाइवा और एक ट्रैक्टर को जब्त किया था। इस मामले में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने बताया कि समुचित जांच कराया जायेगा। नियमों कानूनों की अनदेखी करने वालों पर वन विभाग सख्त कार्रवाई करेगी। मौके पर जितेंद्र राम, उमेश कुमार, सुबोध सिंह, चलितर सिंह, जयनंदन सिंह, अशोक राम, गोबिंद राम ,जगरनाथ राम, कृष्णा राम, अफजल मियां, राजेन्द्र राम ,दुलार प्रजापति, छोटू सिंह ,महेश सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई

# एक लाख 4 हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त, 8 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध खनन टॉस्क फोर्स की टीम लगातार क्षेत्रों में छापेमारी व जांच अभियान चलाया रही है। शुक्रवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर मयूरहंड अंचल क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहुर आलम के नेतृत्व में बीडीओ सह सीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार, खान निरीक्षक राजेश हंसदा ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि मयूरहंड अंतर्गत मौजा सोकी एवं सुगी स्थित बराकर नदी घाट विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू उत्खनन परिवहन, भंडारण के विरुद्ध संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौजा सोकी व सुगी स्थित



विभिन्न स्थलों पर 70 से 400 सीएफटी लगभग 704 ट्रैक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। बालू को जब्त कर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त 8 के अलावा अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा दूसरी जगह पर लगभग 36700 सीएफटी भंडारण पाया गया है। इस मामले में संवेदक द्वारा भंडारण के लाइसेंस होने का दावा किया, इसके आलोक में दावा की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच में अवैध बालू भंडारण पाया जाता है तो प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा अवैध बालू का खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी।

### 1200 सीएफटी अवैध बालू जब्त

**गिद्धौर (आवाज)।** थाना क्षेत्र के द्वारी पंचायत स्थित बाय गांव में अवैध बालू की भंडारण की सूचना पर सीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल का गठन कर 1200 सीएफटी बालू जब्त किया। छापेमारी दल में थाना के अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी शामिल थे। इसके बाद गांव में छापेमारी अभियान चलाई गई। जब्त बालू को जब्त कर थाना स्टोर कर दिया गया है। सीओ ने बताया कि अवैध बालू भंडारण में शामिल बालू माफियाओं को चिन्हित किया जा रहा है। शीघ्र ही बालू भंडारण में शामिल माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीओ के कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है।

## न्यूज बॉक्स

### विनोद कुमार हो सकते हैं इंडियन बैंक के नए एमडी व सीईओ, एफएसआईबी ने की नाम की सिफारिश



**मयूरहंड (चतरा)।** विनोद कुमार हो सकते हैं इंडियन बैंक के नए एएमडी व सीईओ, एफएसआईबी ने नाम की सिफारिश की। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को चेन्नई स्थित इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक के पद के लिए विनोद कुमार के नाम की सिफारिश की। पंजाब नेशनल बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत कुमार अगले महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो एसएल जैन का स्थान लेंगे। एफएसआईबी ने चयन प्रक्रिया के परिणाम की घोषणा करते हुए एक बयान में ब्यूरो ने कहा कि रविवार को 15 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति करेगी। श्री कुमार मुलतः मयूरहंड क्षेत्र के मायापुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक नकुलदेव सिंह के पुत्र हैं। सीईओ पद के लिए सिफारिश पर क्षेत्र के रणधीर सिंह, मालिक बाबू, मालेश्वर सिंह, मनोज कुमार सिंह, श्याम सुंदर सिंह के अलावा दर्जनो लोगों ने बधाई दी है।

### माई भारत आउटरीच की जानकारियों को किया साझा

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा के तत्वावधान में माई भारत आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने इसके खुबियां और उपलब्धियों के बारे में बच्चों के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में कॉलेज के बच्चे अपना-अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद उपस्थित रहे।

### स्वर्णरेखा महिला समिति ने बांटे कंबल व खाद्य सामग्रियां

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड में बनहरदी कोल परियोजना के रीता सिंह, अध्यक्ष स्वर्णरेखा महिला समिति, पतरातु, पीवीयूएनएल के कामेश्वरी, सुपर्णा बोस तथा अन्य समिति सदस्यों द्वारा बनहरदी कोल ब्लॉक के पास स्थित पहड़िया टोला ग्राम लतदग में बुजुर्ग तथा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इसके अलावा धरमपुर लातेहार स्थिति बनहरदी कोयला खनन परियोजना कार्यालय के आस-पास के बुजुर्ग तथा जरूरतमंद लोगों को भी कंबल तथा खाद्य सामग्री वितरित किया। मौके पर बनहरदी खनन परियोजना अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा धरमपुर लातेहार स्थिति बनहरदी कोयला खनन परियोजना कार्यालय के आस पास के बुजुर्ग तथा जरूरतमंद लोगों को भी कंबल तथा खाद्य सामग्री वितरित किया। मौके पर बनहरदी खनन परियोजना अधिकारी मौजूद थे।

### हाइवा वाहन मालिकों ने लगाया भाड़ा कटौती का आरोप

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग में शनिवार को विस्थापित-प्रभावित हाइवा वाहन मालिकों की बैठक हुई। अध्यक्षता विजय साहू व संचालन होरिल साहू ने किया। वाहन मालिकों ने कोल ट्रांसपोंटिंग कंपनी ओडिशा स्टीवडोर्स तथा प्रणव नमन पर आम्रपाली परियोजना से एनटीपीसी तक कोयले की ढुलाई का उचित भाड़ा भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया गया। साथ ही पूर्व में बनी सहमति को दरकिनार कर उक्त ट्रांसपोटिंग कंपनियों द्वारा बाहरी गाड़ियों के उपयोग किए जाने पर आक्रोश व्यक्त कर ढुलाई बंद करने की चेतावनी दी। साथ ही कमेटी का समय-सीमा पूर्ण हो जाने के कारण 23 जनवरी को पुनर्गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके लिए पांच पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। मौके पर गणेश कुमार साहू, रंजीत महतो, सुरेश साहू, ईश्वर कुमार, जितेन्द्र कुमार,मनोज राम, दीपक महतो,चेतलाल साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### पिरामल फाउंडेशन की टीम पहुंची बिरहोर गांव

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के नवादा पंचायत में बिरहोर गांव टायाक्रम में पिरामल फाउंडेशन की टीम पहुंच कर पंचायत को सशक्त कैसे बनाया जाये विस्तार पूर्वक चर्चा की। पंचायत सशक्त बने इसके लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, इलेक्ट्रिसिटी, बुनियादी सुविधा समेत कई बिन्दुओं पर चर्चा की। इसमें पंचायत के मुखिया भरत यादव, पिरामल फाउंडेशन सीओई शांत कृष्णा, डिस्ट्रिक्ट लीड अमित भारती, गांधी फैलो आदित्य राज, प्रदीप कुमार, पिरामल फाउंडेशन के स्वयं सेवक उमेश पासवान,कपिल कुमार, पंचायत स्वयं सेवक संतोष भोक्ता, शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### आम्रपाली परियोजना में ड्राइवरों के आंखों की जांच की गई

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना के जीएम कार्यालय परिसर में परिवहन सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वाहन चालकों को अधिकारियों द्वारा निर्धारित यातायात नियमों की जानकारी दी गई। डीटीओ इंद्र कुमार ने ड्राइवरों को परिचालन के दौरान नशामुक्त रहने, ओवरटेक नहीं करने,ओवर स्पीड नहीं चलाने समेत अन्य मानकों का अनुपालन के लिए शपथ दिलाकर सख्ती से पालन करने के का निर्देश दिया। साथ ही नेत्र जांच शिविर में 53 वाहन चालकों समेत मौजूद सीसीएल व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी चिकित्सकों से अपने आंखों का जांच कराया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज, महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुर्यांशु मुखर्जी, डॉ. संतूर समेत अन्य मौजूद थे।

### जंगल बचाओ अभियान के तहत मोटरसाइकिल रैली निकाली

**लातेहार।** प्रखंड के पांडेयपुरा पंचायत के ग्रामीणों ने जंगल बचाओ अभियान के तहत आधा दर्जन गांवों में मोटरसाइकिल रैली निकाल कर लोगों को जंगल की कटाई नहीं करने की अपील की। मोटरसाइकिल रैली की शुरूआत सालोडीह स्थित गर्म जल कुंड से शुरू की गई, जो बुचीदाढ़ी, कनवदी, मानिकपुरा, पांडेयपुरा, कढ़िमा, कुदर समेत कई गांव का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। रैली का नेतृत्व विनोद उरांव ने किया। विनोद ने बताया कि जंगल की कटाई तेजी से हो रही है, जिससे जंगल का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। ऐसे में जंगल को बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले दिन रैली निकाल कर लोगों को जंगल नहीं कटाई करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। फिर भी लोग जंगल की कटाई करेंगे, तो वन विभाग से मिलकर उक्त लोगों पर कारवाई की जाएगी। सकेंदर अगेरिया ने कहा कि हम सभी को मिलकर जंगल बचाना है। मौके पर उमेश प्रसाद, विनोद उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, राजेश उरांव, सुनील उरांव, अमित उरांव, विष्णु देव उरांव, मिथिलेश कुमार, मंगल उरांव, सोमर उरांव, सकेंद्र अगेरिया, कपिल देव उरांव, अनिल उरांव, आशीष उरांव, छोटेलाल उरांव, शिवनारायण उरांव समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### कीटनाशक विक्रेताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**लातेहार।** जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में शनिवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत कीटनाशी विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, रांची संदीप साल्वे, तकनीकी सहायक, रांची नीतीश कुमार सुमन, तकनीकी सहायक पूर्णेन्द्र मिश्र और जिला परामर्शी, एनएफएसएम, लातेहार बलबीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह ने फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत फसलों में लगने वाली विभिन्न कीड़ों और उनके प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संदीप साल्वे ने कीटनाशी छिड़काव में बरती जाने वाली सावधानियों और घरेलू उपचार की जानकारी दी। नीतीश कुमार सुमन ने कीटनाशी एंटीडोट (विष निवारक) के उपयोग के तरीकों को समझाया, जबकि पूर्णेन्द्र मिश्र ने कीटों, व्याधियों और खरपतवार प्रबंधन में कीटनाशियों के उचित प्रयोग के विषय में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन बलबीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से कीटनाशी विक्रेताओं में आयुष कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुशवाहा, कैलाश बैठा, नीतू देवी, अमजद अंसारी, कन्हैया चौधरी, दुर्गेश प्रसाद, राजेश राम, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, रामकृष्ण सिंह, मनीष कुमार, सारिक अहमद, प्रदीप कुमार, रबी कुमार, चंद्रिका प्रसाद, कुमार श्रीकर, मुकेश कुमार, राजन कुमार आदि उपस्थित रहे।

लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# जिला के ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को मंच देने का कार्य करेगा : रीना कुमारी

### राइफल शूटिंग और रिले दौड़ का हुआ आयोजन

### खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा :धीरज प्रसाद साहू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** 67वीं राज्यस्तरीय एथलीट मीट का आयोजन जिला एथेलेटिक्स एसोशिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय ललित नारायण मिश्रा स्टेडियम में दूसरा दिन का खेलकूद हुआ संपन्न । इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने पुरुस्कार वितरण की और कहा की लोहरदगा जिला एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा खेलकूद का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभा को आगे लाने का मंच साबित होगा बहुत ही बेहतर ढंग से साहू परिवार दवाई विगत 1951 से कराया जा रहा आयोजन इस बार भी काफी सराहनीय है झारखण्ड राज्य के कई जिलों से प्रतिभागी आये है इससे खेलकूद में विकास होगा`

दूसरे दिन के खेल कूद आयोजन को सफल बनाने में संजय साहू, सैफाली साहू, सबिता साहू, साईमा साहू, भावना साहू, दुर्गेश साहू, सौरभ साहू, रीना कुमारी अध्यक्ष जिला परिषद, फुलझरी देवी प्रमुख सेन्हा, निशीथ जायसवाल, संजय बर्मन, राजकिशोर महतो, ऑफिशल अरुण राम, रश्मि खेस, संध्या सिंह, जोहरा जमाल, मुमताज अहमद, मुरारी गोस्वाम, नसीम अख्तर, नईम खलीफा, दिनेश साहू, साबिर हुसैन, तकनीकी पदाधिकारी अनवर हुसैन, अजय प्रसाद, सोमा उरांव, राकेश सिंह, एम वी राव, अभिजीत पात्रा, मोहम्मद कमरुद्दीन, मिथिलेश सिंह, पिंटू सिंह, जयश्री गोराई, सागर, नवीन कुमार, लक्ष्मण राम, सुनील यादव, क्यूंम खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। साईकिल रेस पुरुष वर्ग प्रथम रामविलास पासवान गुमला, द्वितीय सोमा उरांव लोहरदगा, तृतीया चन्दर उरांव लोहरदगा, महिला वर्ग प्रथम नीमा कुमारी गुमला, द्वितीय आरती कुमारी गुमला, तृतीय संजू कुमारी लोहरदगा,1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग में प्रथम राम महली रांची, द्वितीय सोनू मिंज नवांटांर, तृतीय रोहित कच्छप धुर्वा रांची,जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम सिया तिग्गा रामगढ़, द्वितीय क्रांति कुमारी लोहरदगा, तृतीय अनीशा बागे रामपुर, जूनियर बालक वर्ग में प्रथम राम महली रांची, द्वितीय सोनू मिंज नवांटांर, तृतीय रोहित कच्छप धुर्वा रांची, पुरुष वर्ग में प्रथम विपुल कुमार रांची, द्वितीय मंसूर अंसारी लोहरदगा, तृतीय दिनेश तुरी लोहरदगा, महिला वर्ग में प्रथम चंद्रमूनी उरांव गुमला, द्वितीय ऋतु कुमारी रांची, डिस्कस थ्रो पुरुष वर्ग प्रथम मोहम्मद समीर लोहरदगा, द्वितीय अविनाश कुमार धनबाद, तृतीय आदित्य भारद्वाज पलामू, महिला वर्ग प्रथम शिवानी कुमारी पलामू, द्वितीय नीमा कुमारी गुमला, तृतीय भूमिका राय( धनबाद ),पुरुस्कार वितरण में जूनियर बॉयज 600मीटर रवि उरांव (गुमला )द्वितीय सुखराम एक्का संत जॉन नवाताांड, तीसरा स्थान करामचंद भगत (गुमला )बालिका सीमा उरांव प्रथम, अनिशा बागे, द्वितीय, निधि तिग्गा तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसे जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा एवं सेन्हा प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी द्वारा लॉन्ग जम्प में प्रथम निशांत भगत (लोहरदगा ), आनंद उरांव गुमला, अमित ओहदार गुमला को पुरुस्कार दिया गया तथा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अलोक रॉय द्वारा भी पुरुस्कार वितरण किया गया। चिकित्सा दल में डॉक्टर शमशाद अहमद, सोनी टोपनो, आलोक कुमार, रफीक अहमद, मनीष कुमार ने सहयोग किया।

## कृषि मंत्री ने एफपीओ का निरीक्षण किया



**लोहरदगा।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का लोहरदगा जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला कृषि कार्यालय के समीप सदर प्रखंड में दक्षिणी कोयल फार्मर कंपनी लिमिटेड एफपीओ में कंपनी सदस्य के साथ वार्ता कार्यक्रम हुई। एफपीओ के सचिव के द्वारा बताया गया कि 2019 से यह एफपीओ कार्यरत है एवं समूह के सहयोग से उन्होंने अब तक 55 लाख राशि रिवाल्विंग फंड के रूप में संग्रहित कर ली है। साथ ही इस वर्ष उनके द्वारा नई-नई तकनीक के माध्यम से टमाटर एवं तरबूज के पाठशाला का निर्माण किया जा रहा है और नए उत्पाद के विक्रय का भी प्लानिंग किया गया है। आने वाले समय में लोहरदगा प्रखंड में पके आम केप पैकेजिंग के साथ के व्यवसाय के ऊपर में भी जोर दिया जा रहा है। मंत्री के द्वारा उपस्थित एफपीओ महिला सदस्य के साथ उनके कृषि के विभिन्न कार्यों के ऊपर में जानकारी ली गई जिसमें पशुपालन नर्सरी, उत्पादन मुर्गी पालन आदि शामिल था। समूह के द्वारा बताया गया कि उन्होंने प्रखंड जिला स्तरीय और विभागों में सहयोग से प्राप्त प्रशिक्षण एवं जानकारी उपरांत अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रगति प्राप्त की है। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

## 50 दिवसीय बेल मेटल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**लोहरदगा।** शनिवार को लोहरदगा जिले के लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बाराटपुर में बेल मेटल (डोकरा) के निर्माण और कौशल विकास के लिए 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में 20 कारीगरों ने भाग लिया। समापन समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक ने कहा उन्होंने डोकरा के उन्नत निर्माण हेतु जल्द कारीगरों को टूल किट वितरण किया जायेगा और इसके विक्रय को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा आसिफ अहमद ने कारीगरों को बताया कि पारम्परिक कार्य को करते हुए अपना उत्पादन बढ़ाये लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से आपको बाजार उपलब्ध कराया जायेगा कार्यक्रम के दौरान जिला उद्यमी समानवयक सूरज कुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक आसिफ अहमद, जन जागरण केंद्र एजेंसी से जैनुल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में निपुण बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।

## राज्य के मुख्यमंत्री से मिले जिला प्रमुख मोजम्मिल अहमद



**लोहरदगा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जेएमएम के लोहरदगा संयोजक प्रमुख ने मोजम्मिल अहमद ने मिलकर जानता होने वाली समस्या से अवगत कराया । इसके साथ ही कुडू को नगर पंचायत घोषित किए जाने की आवश्यकताओं की ओर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है। मोजम्मिल अहमद ने सीएम को एक निवेदन पत्र देते हुए कहा है कि कुडू एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है यहां से होकर कई जिलों और राज्य के लिए लोगों का आना-जाना होता है। यहां साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं के विकास को लेकर इसे नगर पंचायत बनाया जाना जनहित में आवश्यक है।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया.वही द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में उगरा,अलौदी,सेरेंगहातु तोड़ार,अरु पंचायत के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर वंदना कच्छप,नवलीन कौर तथा रामस्वारथ महतो के द्वारा सहजकर्ता दल के सदस्यों को ग्राम विकास योजना,निर्माण प्रक्रिया सहजकर्ता दल,दल के सदस्यों का कार्य,ग्राम सभा एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन के संबंध में पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से विस्तृत जानकारी दिया गया.वही गांव का विकास के लिये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का चयन प्रक्रिया साथ सामाजिक मानचित्र,संसाधन मानचित्र और ग्रुप के माध्यम से योजनाओं का संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई.वही मनरेगा रोजगार योजना के माध्यम से गांव का विकास के लिये सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जानकारी दिया गया.मौके पर पंचायत सचिव आरती चेरमाको,नागमनी उरांव,माही कुमारी परमिंदर कुमार,सुजीता देवी,पूनम देवी,शिला उरांव, पूर्णिमा देवी,सीता देवी,सुशांती कुजूर के अलावे एवं ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पांच दिवसीय यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू के नावाटोली में नवनिर्मित शिव मंदिर सह हनुमंत देवता प्राण - प्रतिष्ठा एवं पांच दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ 18 जनवरी शनिवार को शुरू हो गया। मंडप परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में सैंकड़ो कन्याएं एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान कलश यात्रा के लिए प्रस्थान करते हुए कलशधारी क्षेत्र का नगर भ्रमण कर कुडू के टीको नदी के तट पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य नीरज कुमार त्रिपाठी समेत ने अन्य पंडितों ने यजमान अनिरुद्ध साहु सहित अन्य यजमानों को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश में जल लेकर मंडप परिसर पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारे व भजनों से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, अजय प्रसाद, ब्रजेश साहु सहित कई लोग उपस्थित थे। गौर तलब है कि आयोजन को लेकर यज्ञशाला का निर्माण किया जा चुका है।

## धुंध के कारण बॉक्साइट लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**सेन्हा-लोहरदगा।** धुंध के कारण लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर बक्सीडीपा पेट्रोल पंप के समीप बॉक्साइट लदा ट्रक पलट गया। जिसे कोई हताहत नही हुआ परंतु वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पंहुची। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा पेट्रोल पंप के समीप एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर शुक्रवार रात्रि करीब तीन बजे सुबह घाघरा की ओर से लोहरदगा तरफ जा रही बॉक्साइड लदा ट्रक जे एच 01ई जेड 8011पलट गया और रास्ते पर बॉक्साइड पत्थर बिखर गया। जिसे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ था। वही घटना की सूचना मिलने पर रात्रि में ही पुलिस प्रशासन का गस्ती दल घटना स्थल पहुंच सड़क पर बिखरा बॉक्साइड पत्थर को हटवा कर सुचारू रूप से यातायात को बहाल कराया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि घटना अत्यधिक धुंध होने और विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन के कारण हुआ। विपरीत दिशा से आ रहे वाहन की रौशनी से चालक का आंख चौंधिया गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित हो सड़क पर ही पलट गया।

## एबीडीएम के द्वारा विधायकों का नागरिक अभिनंदन सह वनभोज आज, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा ।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश के द्वारा विधानसभा चुनाव में विजयी दो विधायकों तथा धोबी समाज के प्रत्याशियो के द्वारा विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने वाले आधा दर्जन उम्मीदवारों का नागरिक अभिनंदन सह प्रदेश स्तरीय वन भोज कार्यक्रम का आयोजन 19 जनवरी दिन रविवार को रांची के रूक्का डैम परिसर में आयोजित किया गया है. धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि धोबी समाज के दो उम्मीदवारों कांके से कांग्रेस के टिकट पर सुरेश कुमार बैठा तथा चंदनकियारी से झामुमो के टिकट पर उमाकांत रजक चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे तथा झारखंड में धोबी समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। दोनों विधायकों का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। नागरिक अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विशुनदेव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक विधायक सुरेश कुमार बैठा, उमाकांत रजक विधानसभा चुनाव मे गिरीडीह गांडेय से प्रत्याशी रहे अर्जुन बैठा सहित विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने वाले आधा दर्जन प्रत्याशियों सहित साल 2024 में विभिन्न सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया शामिल होंगे।कार्यक्रम 19 जनवरी की सुबह दस बजे से शुरू होगा इसमें विभिन्न जिलों के अध्यक्ष अपनी रूपरेखा पेश करेंगे इसके बाद संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, दोपहर दो बजे लंच के बाद अतिथियों का संबोधन के बाद शाम चार बजे कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा तथा प्रदेश पदधारियो के द्वारा शनिवार को विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष से फोन पर बात करते हुए तैयारियों की समीक्षा तथा कार्यक्रम में शामिल होने वाले आमजनों की जानकारी ली।

## अवैध ईट भट्ठा के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठों के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को किस्को प्रखंड में अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा को सील कर बंद कर दिया गया। भट्ठा संचालक के विरुद्ध किस्को थाना में खान निरीक्षक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिला खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठा मालिकों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार खनन नियम कायदा के अनुसार ईट भट्ठा चलाने के लिए लगातार स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। बावजूद, भट्ठा मालिक खनन नियम कायदों का अनुपालन करने से परहेज करते आ रहे हैं। इसको लेकर को शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारियों की माने तो, आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में अवैध संचालित ईट भट्ठा पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी की गई है। बताया गया कि शनिवार को किस्को प्रखंड स्थित राजा ब्रिक्स ईट भट्ठा में छापामारी किया गया। इसमें अवैध तरीके से ईट का निर्माण किए जाने की स्थिति मिली। तत्काल राजा ब्रिक्स सील कर काम बंद कर दिया गया।


### कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, (I.T.D.A) लातेहार
(अ0ज0जा0,अ0जा0,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**आम सूचना**

लातेहार जिला के प्रखण्ड–लातेहार, बरवाडीह एवं गारू में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन प्रारम्भ किया जाना है। जिसमें तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है, जिसके लिये स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, कला/क्राफ्ट शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक (महिला/पुरुष) का चयन हेतु पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वः अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक–10.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन हेतु प्रपत्र लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार

PR 344587 Welfare(24-25)#D



### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**आम सूचना**

ज्ञापांक................../ दिनांक.................

दिनांक 26.01.2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी मीट, मुर्गा एवं मछली की दुकाने बंद रहेगी। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मीट, मुर्गा एवं मछली विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अपने सभी माँस की दुकानों को बन्द रखेगें। अन्यथा पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम, 2011 के तहत् कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 344597 (District)24-25*D



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

सदर थाना कांड सं0–79/2024, दिनांक–05.09.2024 धारा 281/106(1) बी0एन0एस0 परिवर्तित धारा 103(1)/61(2) बी0एन0एस0 2023 के प्रा0 अभियुक्त आन्नद कुमार पिता शिव साव, पता–सुआ थाना सदर जिला पलामू झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706239
थाना प्रभारी, सदर :– 9572428224

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 344633 Police(24-25)#D



### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

पत्रांक......................./ दिनांक........................

**आम सूचना**

मेदिनीनगर नगर निगम में आम जनता में सफाई के प्रति उत्साह भरने हेतु Clean Shop प्रतियोगिता निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी दुकानदारों एवं होटलों के लिए आयोजित की जा रही है। सूचित किया जाता है कि वह अपने दुकान एवं होटल को स्वच्छ एवं सुन्दर रखें। निगम द्वारा गठित टीम के द्वारा प्रायः जिनका दुकान एवं होटल स्वच्छ एवं सुन्दर पाया जायेगा उन्हें 26 जनवरी 2025 को पुरस्कृत किया जाना है। जिसका प्रथम पुरस्कार 5000/–, द्वितीय पुरस्कार 3000/– एवं तृतीय स्थान 2000/– रूपए देकर सम्मानित किया जायेगा। इस कार्य हेतु सहायक नगर आयुक्त की अध्यक्षता में मो० शाहिद हसन, नगर प्रबंधक एवं जोन प्रभारी इसके सदस्य होंगे।

Clean Shop प्रतियोगिता के निरीक्षण में निम्नांकित बिन्दुओं पर ध्यान दिया जायेगा।

- अपने परिसर एवं आसपास स्थल को साफ–सफाई रखेंगे।
- अपने परिसर के कचरे को Segregate कर Dustbin में रखेंगे।
- प्लास्टिक का इस्तेमाल वर्जित रहेगा।
- किसी प्रकार का दूषित जल, मलवा एवं गंदगी का निकास सार्वजनिक स्थल में नहीं करेंगे।

नगर आयुक्त–सह–प्रशासक,
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 344634 District(24-25)D



### समाहरणालय, लातेहार
(निर्वाचन शाखा)

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025**

"आम सूचना"

आप अवगत हैं कि भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस यथा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस सभी मतदान केन्द्रों सहित प्रखण्ड स्तर/अनुमण्डल स्तर एवं जिला स्तर पर मनाया जायेगा। इस क्रम में लातेहार जिला के सभी मतदातागण/प्रबुद्ध नागरिकों/राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जिला परिषद सदस्य/पंचायत समिति सदस्य/मुखियागण एवं वार्ड सदस्यों से आग्रह है कि अपने–अपने मतदान केन्द्रों में दिनांक 25 जनवरी 2025 को आयोजित हो रहे राष्ट्रीय मतदाता दिवस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों में अवश्य भाग लिया जाय।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने मतदान केन्द्र में दिनांक 25 जनवरी 2025 को उपस्थित हो कर राष्ट्रीय महत्व से संबंधित कार्यक्रम यथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस को सफल बनाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

साथ ही जो मतदान केन्द्र विद्यालय में अवस्थित हैं, उनके प्रधानाध्यापकों को निदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.01.2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 का अपने पर्यवेक्षण में सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे।

15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 का Theme "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" "Nothing Like Voting, I Vote for Sure" है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 344563 Election(24-25)D



### कार्यालय :– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
email-npsbnagar@gmail.com
ज्ञापांकः–43 दिनांकः–17.01.2025

**आम–सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) हेतु नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय में रहने वाले आवास विहीन वैसे योग्य लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गये हैं, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि यदि वे योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हैं तो सभी दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र समर्पित कर सकते हैं।

कौन कर सकते हैं आवेदन :–

- आवेदक अथवा उसके परिवार के सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का घर नहीं होना चाहिए।
- योजना में संबंधित लाभुक के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्शिक आय अधिकतम रू 3 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजो का होना आवश्यक है :–

- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल नम्बर आधार कार्ड से लिंक्ड हो
- परिवारिक फोटो
- मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- बैंक अकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति
- आय प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड की छायाप्रति
- भारतवर्श में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र
- भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र
- अद्यतन होल्डिंग रसीद

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर।

PR 344582 Urban Development(24-25)D

## वृद्धजनों के बीच कंबल का किया गया वितरण



(गुमला)। सिसई प्रखंड कार्यालय में झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के दक्षिणी छोटानागपुर प्रभारी शीलाष बाड़ा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज कुमार वर्मा,जिला उपाध्यक्ष जीतवाहन साहू, सदस्य लक्ष्मी भगत ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत भदौली की रहने वालीं 65 वर्षीय वृद्ध महिला शहबइत महतो के अलावे अन्य वृद्धों को कम्बल देकर सहयोग प्रदान किए। तथा उन्होंने कहा कि मानव सेवा सर्वोपरि है, खासकर वैसे वृद्धजनों की सेवा करना हमारी पहली प्राथमिकता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। इसके अलावे हमारा संगठन अन्य कई सामाजिक कार्यों के द्वारा लोगों को सहयोग प्रदान करने का काम करता है।

## वूमेन फार्मर प्रोडूयूसर कंपनी लिमिटेड घाघरा को उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया

घाघरा। विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली में बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 9वें संस्करण एफपीओ कॉन्क्लेव और एग्री अवाड्र्स 2025 में विभिन्न संगठनों द्वारा सहयोग प्राप्त भारत के 12 अलग-अलग राज्यों के विभिन्न एफपीओ ने भाग लिया, जिसमें घाघरा वूमेन फार्मर प्रोडूयूसर कंपनी लिमिटेड, घाघरा को कृषि-इनपुट आपूर्तिकर्ता के रूप में उत्कृष्ट योगदान और उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के वक्ताओं जैसे- एआईसी, सॉलिडेरिडाड, एपीडा, ईसीजीसी लिमिटेड आदि ने किसानों और एफपीओ के लिए बीमा, ऋण, योजनाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी।

## पंडरिया में सरना सनातन समरसता भोज का हुआ आयोजन



सिसई (गुमला)। हिंदू जागरण सिसई प्रखण्ड के द्वारा सरना सनातन समरस्ता भोज मकर सक्रांति उत्सव ग्राम पंडरिया कोटेग टंगरा में मनाया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू जागरण के अठारह पंचायत के सैकड़ो कार्यकर्ता सरस्वती विद्या मंदिर के सभी आचार्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माननीय देववर्त पाहन जी, विभाग संघ चालक माननीय साहू प्रकाश लाल, विभाग प्रचारक सम्मी जी, कार्यक्रम में हिंदू जागरण झारखंड प्रदेश संयोजक ऋषि नाथ सहदेव, प्रांत परावर्तन प्रमुख संजय कुमार वर्मा, विभाग धर्म जागरण प्रमुख अजीत सिंह, मंडल संयोजक मुकेश ताम्रकार, विनोदानंद पाठक ,श्यामसुंदर साहू, वीरेंद्र केवट, बालेश्वर भगत, सुमेश्वर उराँव, दिनेश लकड़ा, एतवा उराँव ,विश्व भूषण बिलुंग ,कर्मपाल उराँव ,पोदार अधिकारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारतीय संस्कृति को मिटाने का काम पश्चिम सभ्यता के लोग कर रहे हैं सभी को एकजुट होकर धर्मान्तरण पर रोक लगाने व लव जिहाद संबंधित सभी विषयों पर विशेष चर्चा हुई। प्रदेश संयोजक ऋषि नाथ शहदेव ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें तिल के समान जीवन में छोटा और शहद की तरह मधुर रहना चाहिए। तो हम जीवन में बहुत बड़ा बनते हुए बहुत सफल हो पाएंगे। सामाजिक जीवन में सफल होने के लिए शक्ति और भक्ति चाहिए तथा व्यक्तिगत और आध्यात्मिक जीवन में भक्ति और मुक्ति चाहिए।

## डूमरटोली के पास दो बाइक की टक्कर, दो युवकों की मौत

गुमला। जारी थाना क्षेत्र के डूमरटोली के पास दो बाइकों की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। बेतरी निवासी राहुल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि डूमरटोली निवासी 22 वर्षीय अनीश लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अनीश को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, अनीश अपनी मां उर्मिला केरकेट्टा (जारी प्रखंड प्रमुख) को स्कूल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता से लाने जा रहा था। वहीं, बेतरी के राहुल और उसका साथी मेला देखने देवरखा जा रहे थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे से इलाके में शोक की लहर है।

### गुमला में विशेष शैक्षणिक भ्रमण

## 140 दिव्यांग बच्चों ने किया प्रमुख स्थलों का दौरा

गुमला। गुमला जिला प्रशासन के समावेशी शिक्षा प्रभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 140 दिव्यांग बच्चों ने अपने अभिभावकों और शिक्षकों के साथ गुमला के प्रमुख शैक्षणिक और ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विज्ञान केंद्र, पालकोट किला, गोबर सिली और ऋषिमुख पर्वत जैसे स्थलों की जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उनके मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया, जबकि समावेशी शिक्षा प्रभाग प्रभारी डॉ. मीतू सिन्हा ने आयोजन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। बच्चों को उनके प्रखंडों के रिसोर्स शिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया, जिससे भ्रमण शिक्षाप्रद और आनंदमय रहा।

### जिला प्रशासन की पहल

## सीलिंगा गांव की समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे



गुमला। रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती सीलिंगा गांव का दौरा कर परियोजना निदेशक, आईटीडीए, सुश्री रीना हांसदा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। लगभग 300 की आबादी वाले इस गांव में बिजली, पानी, सड़क, और पुलिया निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी मुख्य समस्याएं हैं। सुश्री हांसदा ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने गांव की वर्तमान स्थिति का गहन निरीक्षण करते हुए 28 जनवरी 2025 को स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन का भी निर्देश दिया, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा सकें। सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश परियोजना निदेशक ने यह भी निर्देश दिया कि ग्रामीणों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा, जिला प्रशासन नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही ठोस कदम उठाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## गुमला प्रशासन की सख्ती बसिया में अवैध खनन और क्रशरों पर छापेमारी, कार्रवाई तेज

गुमला। जिला प्रशासन ने अवैध खनन और क्रशरों पर शिकंजा कसते हुए बसिया अनुमंडल क्षेत्र में आज औचक निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया। उपायुक्त के निर्देशानुसार, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, जिसमें जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, और सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान मौजा बसिया के दो प्लॉटों पर स्थित क्रशर मशीनें बिना वैध स्वीकृति पत्र (सीटीओ) के संचालनरत पाई गईं। नियमों के उल्लंघन पर दोनों क्रशर मशीनों के इंजन रूम को सील कर दिया गया। साथ ही, पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त कर बसिया थाना भेजा गया, और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जांच के दौरान धारित खनन पट्टों में अनियमितताएं पाई गईं, जिनके लिए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### सिरा सीता राजकीय मेला

# राजकीय मेला की तैयारियों का जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

गुमला। डुमरी प्रखंड के अकासी पंचायत स्थित सिरा सीता (सिरसी-ता नाले) स्थल पर जिला प्रशासन ने आगामी 5-6 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले सिरा सीता राजकीय मेला/जतरा की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस आयोजन को पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा राजकीय मेला का दर्जा दिया गया है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। निरीक्षण की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त गुमला ने की। उन्होंने मेला स्थल पर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा, और यातायात प्रबंधन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

**धर्मगुरुओं और समाज के वरिष्ठों का सहयोग**

धर्मगुरु श्री बंधन तिग्गा और समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने मेला के पारंपरिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए आयोजन को भव्य बनाने के लिए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**निरीक्षण दल में प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति**

निरीक्षण में उप विकास आयुक्त के साथ अपर समाहर्ता गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, भूमि सुधार उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरी, जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी, पर्यटन विशेषज्ञ शुभम पटेल, पंचायत समिति सदस्य, और स्थानीय मुखिया समेत कई अधिकारी शामिल हुए।

**प्रशासन की अपील**

जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से मेला में भाग लेने की अपील की है।

साथ ही, प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## लोहरदगा के सदानंद जी महाराज का पहला शिविर प्रयागराज कुंभ में लगा

लोहरदगा। शहर के बौली बगीचा स्थित मां दुर्गा मंदिर सिद्धपीठ के महाराज शास्त्रीय विधि के राष्ट्रीय श्रीमद्भागवत एवं सरस श्री राम कथावाचक श्री सदानंद रामानुज श्री वैष्णव जी महाराज का पहला शिविर प्रयागराज कुंभ के पावन भूमि पर लगाया गया। जहां बड़े पैमाने पर लोगों की सेवा की जा रही है। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री अयोध्या कोशलेष सदन पीठ पीठाधीश्वर श्री वासुदेवाचार्य स्वामी श्री विद्याभास्कर महाराज जी के सानिध्य में चरित्रवन बक्सर का यह शिविर प्रयागराज कुंभ पूर्वी गंगा के तटपर, पीपा पुल नंबर 16 से सीधे चलकर हरिश्चंद्र शंकराचार्य चौराहा सेक्टर नंबर 18 में लगाया गया है।

# पारस जलाशय योजना की नहरों की मरम्मत के कारण सिंचाई सुविधा बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

गुमला। गुमला जिले के भरनो प्रखंड के विभिन्न गांवों के किसानों को सूचित किया गया है कि पारस जलाशय योजना की मुख्य नहर और शाखा नहरों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और लाइनिंग का कार्य जारी है। इस कारण नहरों से खेतों में पानी की आपूर्ति अगले आदेश तक बंद रहेगी।

जलपथ प्रमंडल, रांची के कार्यपालक अभियंता के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, नहरों से सिंचाई सुविधा अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

अतः सभी किसान इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी फसल की बुआई की योजना बनाएं। मरम्मत कार्य पूरा होने तक नहरों से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाएगी। किसानों को सलाह दी जाती है कि फसल की बुआई और सिंचाई की वैकल्पिक व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करें।

## थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

घाघरा। पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार घाघरा थाना के गेट के समीप थाना प्रभारी तरुण कुमार दास के नेतृत्व में घाघरा थाना के गेट के समीप एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें सभी दो पहिया वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस इंसुरेंस एवं हेलमेट की जांच की गई । एवम सभी तरह के कागजात की जांच की गई। वहीं थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया की बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चालकों की चेकिंग की जा रही है जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट पहने हुए एवं शराब पीकर वाहन चला रहे हैं वैसे वाहन चालक पकड़े गए तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## कांग्रेसियों ने बाबा साहेब डॉ आंबेडकर का निकाला सम्मान मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

शनिवार को घाघरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम जय बापू -जय भीम -जय संविधान के तहत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया । कांग्रेसी नेताओं कार्यकताओं ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान, बाबा साहब अमर रहे, महात्मा गांधी अमर रहे, सोनिया गांधी जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाये । साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री इस्तीफा दो, केंद्रीय गृह मंत्री हाय हाय, अमित शाह मुरादाबाद के नारे भी लगाए गये।

**कांग्रेस पार्टी ने ही देश को संविधान दिया : कृष्ण लोहरा**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को संविधान दिया और उस संविधान की रक्षा की और आगे भी संविधान निमार्ता और संविधान की रक्षा के लिए लड़ती रहेगी और कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हैं । मौके परमोके पर ज़िला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा , राजू उराव महेश ज़िला सीक्छा प्रकोस्ट अध्यक्ष अगस्तीन कुजूर ,अल्पसंख्यक अध्यक्ष नसीम अंसारी , युवा उपाध्यक्ष आदित्य भगत ,दिलबहार अंसारी ,सौरभ भगत ,सत्यदेव सिंह ,शीव साहू ,कालीम अंसारी ,सोमनाथ भगत ,इलाही राय ,कयूम अंसारी ,बिनू राम ,रुबेंन भगत ,सुमन्त ठाकुर सहित कई लोग थे।

## सांसद सुखदेव भगत के आगमन पर युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

सिसई। लोकसभा सांसद सुखदेव भगत जी एकदिवसीय दौरे पर सिसई पहुंचे जहां गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में बस स्टैंड के समीप युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने माला पहनाकर कर स्वागत किया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने सभी युवा कार्यकताओं का चुनाव में किए गए सहयोग के लिए आभार जताया। और उन्होंने कहा हर समय आपके लिए खड़ा रहेंगे आपके हर समस्याओं को निदान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर सिसई प्रमुख मीना टोप्पो उप प्रमुख सह विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव, युवा अध्यक्ष मनीष तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अंजलिता बाड़ा, जय सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# योग शिविर का किया गया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

सिसई(गुमला)। रंजीत नारायण सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुदरा में योग गुरु गजराज महतो जी के सानिध्य में विद्यालय के छात्र- छात्राओं के साथ सभी शिक्षकों ने योगाभ्यास किये। सर्व प्रथम माँ सरस्वती, माँ भारती के चरणों में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। तत्पश्चात योग गुरु जी ने योग को अपने दैनिक रुटिन में शामिल कर तन - मन को निरोग कर आनंदमय जीवन जीने को कहा। जीवन दायिनी तीन प्राणायाम का विधि पूर्वक अभ्यास कराया गया। और उन्होंने बतलाया कि, ब्रह्म मूहुर्त के पावन बेला मे भस्त्रिका प्राणायाम, कपाल भांति प्राणायाम व अनुलोम- विलोम प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीर के समस्त नस - नाड़ियां सक्रिय हो जाती है। जिससे शरीर के सभी अंग प्रत्यंग सुचारू रुप से कार्य करते हैं। अंदर के आंतरिक अंग जैसे श्वास नली, फेफड़ा, हृदय, यकृत, पाचनतंत्र, पैंक्रियाज व किडनी अगले 100 वर्षों तक निरोग रहते हैं। इनके नित्यदिन अभ्यास से बी. पी., सुगर, अस्थमा, थायराइड अपच आदि गंभीर रोग से छुटकारा संभव है। और तन- मन की शुद्धि भी होती है। उन्होंने कहा कि, हमारे पूर्वजों व ऋषि - मुनियों ने इस अनमोल विद्या को अपनाकर 100 वर्षों से अधिक जीवन जिया है। हमारे शरीर के सभी अंगो की आयु लगभग 400 वर्षों की है। परन्तु हमारी दिनचर्या सही नहीं होने के कारण हमारी सभी अंग समय से पहले रोगग्रस्त होकर निष्क्रिय हो जाते हैं। अतः हम सभी को सपरिवार योगाभ्यास कर अपने तन- मन को आरोग्य लाभ देना है। प्रतिदिन प्रातः ध्यान, आसन, प्राणायाम के साथ ईश वंदन कर मन की शुद्धि करना है, और परम पिता परमेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करना है। सभी लोगों को हाथ व पैरों की सुदृढता के लिए सुक्ष्म - व्यायाम का अभ्यास कराया गया। प्रभु भजन करते हुए प्राणायाम का अभ्यास कराया। हास्यासन का अभ्यास कराते हुए कहा कि, अपने हृदय को हर पल आनंदमय रखने का सबसे आसान विधि है हास्यासन ।अंत में सभी के मंगलमय जीवन हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शांति पाठ कराए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा जी ने योग गुरु जी का स्वागत करते हुए कहा कि, योग व आयुर्वेद को हम अपने जीवन मे शामिल करेंगे। और ऋषि मुनियों के जीवन शैली को अपनाऐंगे।

# पूरे जिले में अपनी पहचान कायम करने वाले इंटर महाविद्यालय भवन का विशप ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

बसिया(गुमला)। बसिया के कोनबीर नवाटोली स्थित चर्च परिसर में आज संत जोसेफ इंटर कॉलेज उद्घाटन किया गया। मोनफोर्ट ब्रदर ऑफ संत गाब्रिएल एजुकेशन सोसाइटी रांची के सौजन्य से संचालित इस महाविद्यालय का उद्घाटन विशप लिनुस पिंगल एक्का और प्रोभिनसियल ब्र0 हेरमन बिजय लकड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मिस्सा पूजा और दीप प्रज्वलित कर किए गए उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत यह कामना की गई कि इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में शिक्षा को दिशा देने में यह संस्थान मील का पत्थर साबित होगा। इसकी स्थापना में प्राचार्य ब्रदर सुशील टोप्पो के पहल की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि इस ग्रामीण क्षेत्र के आम लोगों से राय लेकर गत 2016 से यहाँ इंटर के पढ़ाई की शुरूआत की गई। इस ग्रामीण क्षेत्र में शैक्षणिक अवसर की चर्चा करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी कि यहाँ के अधिकतर बच्चे होनहार होने के बावजूद आर्थिक तंगी के कारण उच्च शिक्षा से बंचित रह जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए संत जोसेफ विद्यालय के भवन में इंटर की पढ़ाई शुरू की गई और शिक्षकों के समर्पण के कारण इस संस्थान ने बहुत कम अवधि के दौरान पूरे जिले में अपनी पहचान कायम कर ली है।

प्रपत्र VI क

**समाहरणालय गढ़वा (विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी) (शाखा संबंधित, पलामू) या उपायुक्त, गढ़वा समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

अधिनियम 30/2013 की धारा 11(i) के अधीन

पत्रांक– 18 वि0भू0अ0, मेदिनीनगर दिनांक– 11.01.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, गढ़वा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–रानीचेरी, थाना–चिनियां, थाना नं0–04, अंचल–चिनियां, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ धनकुटी नाला योजना अन्तर्गत डूब क्षेत्र एवं चेकडैम निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(i)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–रानीचेरी, थाना–चिनियां, थाना नं0–04, अंचल–चिनियां, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 1.20 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 1 | 19 | 281 | रैयती | टांड़ II | 1.08 | महावीर सिंह, पिता–स्व0 गुप्तेश्वर सिंह वो जम्मेदार सिंह, पिता–स्व0 बासुदेव सिंह, जाति खरवार, निवास नीज ग्राम | नदी | नीज | एकबाल सिंह | नीज |
| 2 | 84 | 279 | रैयती | टांड I | 0.12 | रामसहाय सिंह, पिता–स्व0 धनेश्वर सिंह वो राम एकबाल सिंह, पिता–स्व0 शिवनाथ सिंह, जाति–खरवार निवास नीज ग्राम | नदी | नदी | नदी | महाबीर सिंह |
| | | कुल योग :– | | | 1.20 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा 11(i) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित हेलरी उर्फ छतौलिया व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरिक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर और उनके कर्मचारी तथा अधियाची पदाधिकारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू
ह0/– प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू
ह0/– अपर समाहर्त्ता, गढ़वा
ह0/– उपायुक्त, गढ़वा

PR 344609 Land Reforms (24-25)_D

**प्रपत्र VI क समाहरणालय गढ़वा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी (शाखा मेदिनीनगर, पलामू)**

या उपायुक्त, गढ़वा समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

अधिनियम 30/2013 की धारा 11(i) के अधीन

पत्रांक–15 वि0भू0अ0, मेदिनीनगर दिनांक–11.01.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, गढ़वा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–चिनियां, थाना–चिनियां, थाना नं0–05, अंचल–चिनियां, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ धनकुटी नाला योजना अन्तर्गत डूब क्षेत्र एवं चेकडैम निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(i)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–चिनियां, थाना–चिनियां, थाना नं0–05, अंचल–चिनियां, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 9.93 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 1 | 205 | 1502 | रैयती | टाड़ 3 | 0.74 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | नीज | नदी | बशीरउद्दीन | नीज |
| 2 | 142 | 1501 1503 | रैयती | टाड़ 1 | 1.64 | मो0 बषीरूद्दीन, जहीरूद्दीन वो मसीरूद्दीन, पिता स्व0 मो0 आबिद | लघूमन कोरवा | नदी | नीज | राम औतार |
| 3 | 142 | 1504 | रैयती | धान 1 | 0.77 | मो0 बषीरूद्दीन, जहीरूद्दीन वो मसीरूद्दीन, पिता स्व0 मो0 आबिद | नीज | जहीर उद्दीन | मसीर उद्दीन | नीज |
| 4 | 16 | 1500 | रैयती | धान 3 | 0.31 | मो0 बषीरूद्दीन, जहीरूद्दीन वो मसीरूद्दीन, पिता स्व0 मो0 आबिद | मो0 असलम | नीज | मो0 असलम | नीज |
| 5 | 16 | 1500 | रैयती | धान 1 | 1.98 | मो0 असलम, पिता स्व0 मो0 आजम, | लघूमन कोरवा | जीतन कोरवा | नीज | बशीर उद्दीन |
| 6 | 49 | 1498 | रैयती | धान 1 | 0.75 | गोपेश्वर प्रसाद सिंह व गोरक्षण प्रसाद सिंह, पिता स्व0 शशि शेखर प्रसाद सिंह | अयोध्या साव | मो0 असलम | नीज | जरबू साव |
| 07 | 16 | 1499 | रैयती | धान 1 | 0.15 | मो0 इस्ताक वगैरह, पिता–स्व0 मो0 इशहाक वो मो0 असफाक, पिता स्व0 मो0 अब्दूल मजीद | गोपेश्वर प्रसाद | जहीरउद्दीन | मो0 अषफाक | मो0 असलम |
| 08 | 16 | 1499 | रैयती | धान 1 | 0.80 | मो0 असलम, पिता स्व0 मो0 आजम | गोपेश्वर प्रसाद | नीज | जहीर उद्दीन | नीज |
| 09 | 16 | 1499 | रैयती | धान 1 | 0.03 | मो0 असलम, पिता स्व0 मो0 आजम | मो0 असलम | जहीर उद्दीन | मो0 असलम | जहीर उद्दीन |
| 10 | 16 | 1499 1515 | रैयती | धान 1 | 0.50 0.35 | मो0 जहीरूद्दीन पिता स्व0 मो0 आबिद वो मो0 असफाक पिता स्व0 अब्दुल मजीद | इस्तीयाक | औतार मांझी | मो0 अषफाक | मो0 असलम |
| 11 | 240 | 1514 1521 | रैयती | धान 1 | 0.65 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | जहीर उद्दीन | नीज | नीज | जहीर |
| 12 | 240 | 1521 | रैयती | धान 1 | 0.08 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | मो0 अषफाक | नीज | मूमताज | नीज |
| 13 | 240 | 1521 | रैयती | धान 1 | 0.03 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | नीज | नीज | रामसेवक | जहीर |
| 14 | 16 | 1505 | रैयती | धान 1 | 0.31 | मो0 बषीरूद्दीन, जहीरूद्दीन वो मसीरूद्दीन, पिता स्व0 मो0 आबिद | नीज | औतार मांझी | मो0 असलम | नीज |
| 15 | 239 | 1507 | रैयती | धान 2 | 0.03 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | बशीरू द्दीन | नीज | नीज | बशीरू द्दीन |
| 16 | 239 | 1507 | रैयती | धान 2 | 0.05 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | नीज | नीज | नीज | बशीरू द्दीन |
| 17 | 205 | 1502 | रैयती | धान 2 | 0.07 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | छतौलिया ग्राम | नीज | बशीरू द्दीन | नीज |
| 18 | 240 | 1521 | रैयती | धान 1 | 0.15 | रामऔतार मॉझी, पिता स्व0 रामसेवक मॉझी | मो0 अषफाक | नीज | मूमताज | नीज |
| 19 | 47 | 1519 | रैयती | धान 2 | 0.11 | मो0 मुमताज वो मुन्ना, वो इम्तायज, वो मो0 नाजीर, पिता स्व0 गुलाम हुसैन | मूशताक | लघूमन कोरवा | इस्तीयाक | औतार मांझी |
| 20 | 16 | 1550 | रैयती | धान 2 | 0.17 | मो0 इस्ताक, पिता मो0 इशहाक व मजीद मोमीन | मो0 अषफाक | नीज | नीज | नीज |
| 21 | 16 | 1587 | रैयती | धान 2 | 0.11 | मो0 इमत्याज वगैरह, पिता स्व0 सिराजुद्दीन | नीज | लघूमन कोरवा | दूराइ कोराइ | मूशताक |
| 22 | 16 | 1585 | रैयती | धान 2 | 0.12 | मो0 बषीरूद्दीन, जहीरूद्दीन वो मसीरूद्दीन, पिता स्व0 मो0 आबिद | नीज | नीज | बशीरू द्दीन | मूशताक |
| 23 | 16 | 1586 | रैयती | धान 2 | 0.03 | मो0 असलम, पिता स्व0 मो0 अजाम | बशीर | बशीर | पक्की सड़क | इम्तियाज |
| | | | | कुल :– | 9.93 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0 30/2013), की धारा 11(i) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित चिनियां व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरिक्षण विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर और उनके कर्मचारी तथा अधियाची पदाधिकारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– मापक, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– प्रभारी कानूनगो, विशेष भू–अर्जन कार्यालय, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।
ह0/– अपर समाहर्त्ता, गढ़वा।
ह0/– उपायुक्त, गढ़वा।

PR 344603 Land Reforms(24-25)D

## संगम



मनीष सिंह 'वंदन

रात के पौने दो बज रहे हैं। यूं तो घुप्प अंधेरा कायम है मगर सन्नाटा नहीं है। एक गुपचुप कोलाहल है चारों तरफ। ऊपर से दाँत को कटकटाने वाली बेरहम सर्दी है तो पैरों के नीचे संगम क्षेत्र की निष्ठुर सर्द रेती। दोनों में कोई होड़ लगी हो मानो अत्यधिक शीतलता प्रदान करने की। इस अपार भीड़ में कोई किसी को जानता नहीं, सब बढ़े चले जा रहे हैं एक धुन में घाट की तरफ। इस भयंकर ठिठुरन में भी एक अलग ही गर्मजोशी दिख रही है। क्या कहने इस अविस्मरणीय मंजर के। अलौकिकता का उन्माद हावी है। बच्चे-बूढ़े, नर-नारी, साधू-किन्नर सब भक्ति के रंग में रंगे हैं।। रात्रि के इसी उन्मुक्त गगन में एकाकी विचरता, भटकता, गिरता, पड़ता चला जा रहा हूं घाट की ओर शायद इस उम्मीद पर की अपना भी संगम होगा? इस शबरी से राम की तरह कोई आकर गले लगेगा। निशा के निद्रा के नियम को सिरे से अस्वीकार करती दो फूली-फूली मेरी आँखें धुंधलके को चीरने का असफल प्रयास कर रही हैं। मैं वह अभिशप्त तारा हूँ, जिसकी चेतना अब क्षीण सी हो गई है और जिसका अस्तित्व केवल अंधकार की पृष्ठभूमि में शेष है।। मेरी सूर्ख लाल ऑखों में बहुत दूर तक मरुस्थल की वीरानी पसरी है। मृगनैनी तुमसे पृथक होने का पापबोध मेरे हृदय पर वज्र की भाँति प्रहार कर रहा है। भोर की प्रथम किरण का आश्वासन ना पा सकने का बोझ मेरे रक्त को विष में बदल रहा है। मेरे भीतर की यह अग्नि मुझको पल-पल भस्म कर रही है। तुम्हारे आलिंगन के शीतोत्सव की उष्ण बूंदों से शायद इसको तृप्ति मिले।।



यह देह केवल एक शिथिल कवच है, पार्थिव आवरण है, छाया मात्र है जिसके भीतर प्राणों का कोई स्पंदन नहीं है। मेरे अश्रु-सरोवर की नीरजा, तुम खिलना अगले जन्म में सिर्फ मेरे लिए, मेरे दिल के आंगन में। इल्तजा है कि मेरी आत्मा से बस इतना इकरार करती जाना। अरे यह क्या मैं तो गिर पड़ा लड़खड़ाकर। कदम जड़ हो गए। अब और चलना असंभव सा जान पड़ता है यह बोझ लेकर। सांस फूलने लगी है। आँखें मगर खुली ही हैं किसी के इंतजार में।। तभी सर्र से कुछ निकला शरीर से और वह निढ़ाल होकर एक तरफ लुढ़क गया। आत्मा ने वह ढांचा वहीं छोड़ दिया। अब कुछ बचा भी तो नहीं था उसमें। जीते जी तो किसी संगम का सुख पा न सका मगर अब उसके इस पार्थिव देह को संगम के जल का आलिंगन जरूर नसीब होगा। जाओ विलीन हो जाओ और बहकर दूर किसी खेत की मिट्टी में मिल जाना। हमारा-तुम्हारा साथ यहीं तक था। आत्मा इतना कहकर अनंत में खो गई। पीछे छोड़ गई मिट्टी के मानुष को संगम की मिट्टी पर अचेतावस्था में।।

# यात्रा वृत्त : पहाड़ों की रानी कौन

दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल का बेहद लोकप्रिय पर्वतीय क्षेत्र। यहाँ जीवन में कम से कम एक बार आने के लिए हर पर्यटक लालायित। कंचनजंघा की तुषार धवल चोटियों पर उगते-अस्त होते सूर्य के प्रकाश को देखना, टॉय ट्रेन की सवारी करना, हिमालय के इस भूखंड के मौसम को महसूस करना, स्थानीय लोगों की मासूमियत भरी खूबसूरती को अपलक ताकते रहना, बादलों की धूप-छाँव कोहरे की शरारत और कई महत्वपूर्ण प्वाइंट को देखने में वक्त बिताना, घाटियों की गहराई पर्वतों की ऊँचाई, देवदार की छाया आदि को देखना। यही तो हर पर्यटक का शौक रहता है। दार्जिलिंग के प्रसिद्ध स्कूल की चर्चा आम है। यह भी आकर्षण का एक बड़ा केन्द्र है।



अनिता रश्मि



एक मीठी सुबह आठ लोगों का दल बोलेरो गाड़ी से दार्जिलिंग के लिए निकला। मन उमंग से लबरेज। सिलीगुड़ी की ओर हम हँसते-गाते-बजाते बढ़ते रहे। बीच-बीच में भोजन-पानी के लिए जगह-जगह रुकते हुए शाम के 4 बजे हमारी गाड़ी उस स्थान पर थी, जहाँ सिलीगुड़ी छोड़ हमें घुमावदार रास्ते में बढ़ना था। एक तरफ पर्वत की हरियाली, दूसरी तरफ गहरी खाई! गाड़ी बढ़ रही थी, शाम ढल रही थी। घाटी की गहराई भयावह होती जा रही थी। पर अजब आकर्षण से हम बींधे थे। ड्राइवर स्थानीय नहीं था, बल्कि वह उस नई नकोर गाड़ी का मालिक था। उसका आत्मविश्वास साथ था उसके। हम डरे-सहमे अँधेरा, आड़ी-तिरछी सड़कें, कभी बाएँ घाटी, तो कभी दाएँ, ऊपर से अन्य गाड़ियों की सरपट दौड़।

एक भूल, एक टक्कर हजारों फीट गहरी खाई में गेंद की मानिंद उछाल सकता था। पर वह बेफिक्र, बेखौफ (हमें ऐसा लग रहा था) गाड़ी दौड़ाए जा रहा था। टॉय ट्रेन की पटरी ही उसके लिए दिशा निर्देश का कार्य कर रही थी। बिना रुके झमाझम बारिश में पटरी के सहारे वह कभी दाएँ, कभी बाएँ काट, गंतव्य की ओर बढ़ रहा था। जगह-जगह लिखे 'दार्जिलिंगः पहाड़ों की रानी' हमें डरा भी रही थी। फिर अँधेरे में बिखरे जुगनुओं का सौंदर्य हमें मोहने लगा। हमने ऊपर-नीचे हर तरफ जुगनुओं के बिखरे संसार को आँखों में समेट लिया।

दार्जिलिंग के मेन रोड के एक होटल के कमरे में पहुँचते ही हमारा डर, ठंड सब छूमंतर ! हम खिड़की के सहारे बाहर दूर-सुदूर जुगनुओं के साथ। सवेरे खिड़की के पार से एक आकाशचुंबी वृक्ष अंदर झाँक रहा था। वही तुषार से निर्मित ऊँची-ऊँची गगनचुंबी श्रृंखलाएँ! कंचनजंघा की अलसाई चोटियाँ श्वेत वस्त्र धारण कर धुंध में अलसाई पड़ी थी। मेरे कैमरे का फ्लैश चमका। उस वृक्ष के साथ तथा वृक्ष के बिना भी मैंने तस्वीरें खींची पर धुंध ने उजले वस्त्र में जाग रहे गिरिश्रृंगों को धुमिल ही रहने दिया। हम जल्द तैयार होकर दार्जिलिंग के मेन रोड पर थे। नीलाभ आकाश को छूने के लिए मचलते कई शिखर दूर से ही दिखलाई पड़ रहे थे। कुछ लड़कियाँ स्वेटर आदि दिखलाने के लिए पीछे आ गई थीं। यहाँ एक खासियत है यहाँ के लोग चीजों को दिखला देते हैं, बहुत जिद नहीं ठानते कि लेना ही है। वे अपने आत्म सम्मान की भावना को सहेजते हुए चीजें देखने का आग्रह करते हैं। हमने गर्म कपड़ों के गठ्ठर खुलवाकर देखे। कुछेक सामान लिये भी। इतने दुर्गम रास्ते पर गाड़ी चलाना मैदानी इलाकों के लोगों के वश की बात है ही नहीं। मेहनतकश पर्वतवासियों ने पहाड़ काट-काटकर रास्तों का निर्माण तो कर दिया, परन्तु ये रास्ते काफी संकरें होते हैं। कोई दो गाड़ी एक साथ जा नहीं सकती। गाड़ियाँ एक-दूसरे को काटती हुई उस चमकीली धूप में नीचे की ओर दौड़ी जा रही थीं। भास्कर अपनी पूरी क्षमता के साथ वहाँ उपस्थित नहीं था।

अतः बहुत गर्मी का अनुभव नहीं हो रहा था। खूब बड़े से समतल भाग में स्थित था। हम बोटिंग के लिए लालायित हो उठे। सामने स्थित ताल में कई बोट किनारे से लगे हमारी बाट जोह रहे थे। वो बोट लेकर हम सभी लहरों पर तैरने लगे। दुर्घटना होते-होते बची। जरा-सी चूक बोट सहित हमें जल के बहाव के साथ ताल से नीचे ले आता और फिर अता-पता नहीं चल पाता। वहाँ तस्वीर भी खिंचवाई। हर पर्यटन स्थल की तरह वहाँ भी स्टूडियो, बाद में फोटो भेजने का आश्वासन देते हुए फोटोग्राफर ने धुंध में लिपटा ग्रुप फोटो लिया। अचानक बादलों के पगलाए से हाथी एक साथ टूट पड़े। हम लौटने को आतुर ! लगा, देर करने से यहाँ से निकलना आसान न होगा। बादल हमें निकलने न देंगे। अचानक जैसे शाम घिर आई। रात आने को थी। हम हड़बड़ाकर लौट पड़े। कुछ ऊपर आने पर एक मंदिर देखा। चट्टानों पर उछलकर चढ़ते हुए हम वहाँ पहुँचे थे। सामने ही एक छोटा-सा गाड़ी खड़ी करने का पड़ाव था। पर्वतों को हराने की कोशिश में लगा मनुष्य। अगले दिन की अंगड़ाइयों के साथ हम जग पड़े। कई महत्वपूर्ण चाय बगानों की सौंधी खुशबू नथुनों में बसी थी। एक जगह छोटी ही झोपड़ीनुमा जगह देखकर हम रुके और उस चाय चुस्की के बीच पानी की फुहारों के साथ बाहर सुदूर की हरियाली में खोए रहे मुग्ध! मगन! शांत! आनन्दित!

कहीं न कहीं दिल 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू...' के साथ भटकने लगता है। पटरी और सड़क साथ-साथ। इसी सड़क ने तो पहुँचाया था हमें। इसी ने धोखा भी दिया था। बच गए हम पर टॉय ट्रेन की सैर की इच्छा मन में रह गई।

## तपन



रश्मि सिंह

रागिनी जी को बहुत ठंड लग रही थी। रूम हीटर ऑन करने उठी, फिर अचानक ठिठक कर वापस बिस्तर पर अनमनी लेट गयी। कल की बहू सुमन की बातें फिर जेहन में घूम गयीं, जिसके केंद्र में वह थी। सुमन बोले जा रही थी, हद है थोड़ा भी नहीं सोचती हैं,पूरे टाइम हीटर ऑन, लाइट ऑन, गीजर ऑन....यहाँ बिजली का बिल बढ़ता जा रहा है पर उनको क्या, पैसे उनके जेब से थोड़ी न जाते हैं....। और ज्यादा नहीं सुन सकी, कमरे में आकर चुपचाप लेट गयी। दिसंबर की सर्द रात और कमजोर वृद्ध काया! ऊपर से खांसी का प्रकोप। फिर भी हीटर जलाने का मन नहीं किया। यूं ही सो गयी शॉल, स्वेटर लपेटे, रजाई ओढ़ ली। पर रात आँखों में कटी। गांव की बोरसी आज बड़ी याद आई।

बेहतर सुख सुविधा की लालसा में शहरी बेटे के पास आ गयी थी। सुबह उठी तो सर भारी था पर मन हल्का। नाश्ते की टेबल पर आते ही बेटे से बोलीं, बेटा एक दो दिन में टिकट करा दो मेरा, घर की बड़ी याद आ रही है।

पर माँ इतनी ठंड में वहां गांव में कैसे रह पाओगी। रात में कितनी ठंड होती होगी सोचो जरा। यहाँ तो बंद कमरे में हीटर जलाकर सोती हो। वहाँ कैसे रहोगी इसके बिना.....,कुछ-कुछ नजरें चुराते हुए बेटे ने कहा।

अरे नहीं बेटा, वहाँ ठंड नहीं लगेगी, सब हैं न। छोटे का परिवार भी तो रहता है न वहाँ। फिर बोरसी होती है न गांव में बेटा, बिजली भी नहीं उठती और तन मन में गर्माहट भर देती है, तपन देती है गलन नहीं।



## मुट्ठी भर धूप

कच्ची उम्र के बच्चें
जब कंधों पर फटी बोरियां
लटकाए, सारा दिन
शहर की गलियों को
नापते रहते हैं और
कूड़ेदान में
दुनिया के लिए बेमतलब
हो चुकी चीजों से
अपने मतलब की चीजें
तलाशते हैं जो
उनकी जिंदगी का
अनमोल हिस्सा है।
इन सबकी माँ
कोयले की अंगीठी की तरह
सारा दिन धुआंती रहती हैं
कितने रमुआ, होरी, राजा
कच्ची दारू के नशे में
अपने अपने झोपड़-पट्टी को
सर पे उठाए हुए है
और बजा रहा है
खाली बरतनों का बाजा
यह एक दिन की बात नहीं
बल्कि सालों साल से
इसी तरह का माहौल
हरदिन गरमाया हुआ है
पेट भरने के जुगाड़ में...
मन के भीतर
ठन गया है
विचारों का महाभारत
आखिर इनके हिस्से की
मुट्ठी भर धूप
इन्हें कब, कहाँ और
कैसे मिलेगी?



डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती'

## लड़खड़ाता बचपन



पुष्पा पाण्डेय

जैसे ही सिग्नल पर कार रुकी एक चार- पाँच साल का छोटा बच्चा गुब्बारों का गुच्छा लिए कार की खिड़की पर खड़ा हो गया। मेरी दो वर्षीय बेटी उसे लेने के लिए मचल उठी। मैं उस नन्हें बच्चों को देखकर द्रवित हो उठी। माँ की गोद से निकल कर स्कूल जाने के बजाए सड़कों पर गुब्बारा बेच रहा है। पेट की भूख जो न करा दे। मैं ने उससे पूछा-

स्कूल नहीं जाते हो?

जाता हूँ, भैया के साथ। आज शनिवार को भैया नहीं गया तो मैं भी नहीं गया।

उसने अपने भाई की तरफ इशारा करते हुए कहा।

वहाँ से थोड़ी दूरी पर एक कोने में चार- पाँच बच्चे लगभग बारह- तेरह साल के होंगे, गुब्बारों का गुच्छा लिए खड़े थे।

मैंने कहा- भाई वहाँ खड़ा है और तुम्हें गुब्बारा पकड़ा दिया बेचने को? भैया का दोस्त आ गया, उसे सिगरेट पीनी थी न इसलिए। अनायास नजर उधर चली गयी- गुब्बारों की आड़ में चेहरा छुपा था और धुआँ ऊपर से निकलता हुआ आसमान छूने की कोशिश कर रहा।



## टुसू, संक्रांति पर दोहे



बिनोद बेगाना

खेतों में सरसों खिली, मन
में खिले गुलाब।
मौसम के
बदलाव से,
बासंती हैं
ख्वाब।।
सरसों के सर
पर सजे,पीत
फूल के ताज।
पीताम्बर को ओढ़कर,
आया है ऋतुराज।।
उत्तर दिशि सूरज हुआ,
मिली शीत से शांति।
कई पर्व के संग में,आई है
संक्रांति।।
पोंगल, बीहू, लोहिड़ी, टुसू
और संक्रान्त।
सभी पर्व के साथ है,
खुशियां जुड़ीं अनंत।।
टुसू, लोहिड़ी, मकर का,
आज सुखद संयोग।
मना रहे है पर्व सब, खास
क्षेत्र के लोग।।
हुआ रवि उत्तरायणी,
आया शुभ संयोग।
दिनकर ने बदली दिशा,
मिटा शीत का रोग।।
दिनकर ने बदली दिशा,
लोग हुए खुशहाल।
संस्कार के वास्ते, शुभ
होता यह काल।।
अब तो धनु से
मकर में, रवि का
हुआ प्रवेश।
दिनकर ने बदली दिशा,
मिला सुखद संदेश।।
दिनकर ने बदली दिशा,
प्रखर हुआ है तेज।
मकर राशि में ताप से, रवि
होगा लबरेज।।

## आँखें ही होती हैं दिल की जुबान

ये मौन अधर मुखरित लोचन,
तुम कहाँ पढ़े विमल सा मन
पहुँची भी नहीं तनिक
तुम तक मेरे इस
हृदय का स्पंदन?
कहते हैं सब प्रेम हो अगर
भर जाता मन का सूनापन
तो कहो मदन! फिर हम कैसे
दिखला दें नीर भरे नयन?
इतने भी तो न थे अनजान,
जो पढ़ ना सके नैनो की जुबान।
गर कहीं मिलोगे तुम फिर से
ना तकना मेरी आँखों में
कई पन्ने अंकित है उसमें
जो संचित किये विरानी में।
सुधि में संचित अब भी प्रमाण
इतना न बनो प्रिये अनजान।
दीपक की भांति ही जल जल कर
मैं राख हुई हूँ कई दफा,
खाक हुये उन ही यादों से
होती थी तेरी ही पहचान,
बाकी है अब भी कुछ निशान।
करना क्यों है इतना अभिमान?
इतना भी ना रहो अनजान।



सविता सिंह मीरा

# युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद



उपासना सिन्हा

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त ना हो जाए का संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत समाज सुधारक युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन सिद्धांत, आलौकिक विचार और उनके आदर्श हैं। जिनका उन्होंने स्वयं पालन किया और भारत के साथ-साथ अन्य देशों में भी उन्हें स्थापित किया। स्वामी विवेकानंद ने जागृत भारत के ऐसे युवा पीढ़ी की कल्पना की थी जिसके हृदय में अध्याय, मस्तिष्क में विज्ञान और देह की सोने की दमकती शिराओं में पिघला लोहा दौड़ता हो। उनका मानना था कि आदर्श के बिना जीवन पशु वत है। किसी न किसी श्रेष्ठ आदर्श को लक्ष्य रखकर जीवन जीना चाहिए।

किसी भी देश के युवा उसका भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है। ऐसे में देश की युवा शक्ति को जागृत करना और उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराना अत्यंत आवश्यक है। विवेकानंद जी के विचारों में वह क्रांति और तेज है जो सारे युवाओं को नई चेतना से भर दे। उनमें नई शक्ति, ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार कर दें।

मनुष्य के अंदर हजारों सवाल उठते हैं। विश्वास अविश्वास की कई उलझन होती है स्वामी विवेकानंद उन सारी उलझनों को अपने वक्तव्य में सुलझा दिए हैं। मनुष्य जब कभी अंतर्द्वंद में पड़ता हो उस समय वह स्वामी जी के शिकागो वक्ता को पढ़ ले तो एक अजीब शक्ति मिलेगी प्रेरणा मिलेगी। सर्वप्रथम उन्होंने अध्यात्मिक सारी उलझनों को सुलझा दिए हैं।



सन 1893 ईस्वी में विश्व प्रदर्शनी के उपलक्ष पर शिकागो में एक धर्म सभा हुई थी। वहां स्वामी जी एकमात्र हिंदू धर्म के प्रतिनिधि थे। जब तक हिंदू पद्धति के अनुसार उन्होंने अमेरिकी निवासियों को अमेरिका निवासी भगनी तथा भ्रातगण कहकर संबोधित किया तब तमाम श्रोताओं में एक जोश की लहर सी दौड़ गई। इस सन्यासी ने स्त्रियों को पहले स्थान दिया और सारे विश्व को अपना कुटुम मानकर संबोधित किया और कहा मुझे एक ऐसे देश का व्यक्ति होने का अभिमान है इसमें इस पृथ्वी का समस्त पीड़ित और शरणागत जातियों तथा विभिन्न धर्मों के बहिष्कृत मतावलम्बियों को आश्रय दिया है। इस प्रकार स्वामी विवेकानंद लोगों को वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया और बताया कि भारतवासी पूरे विश्व को भाई बंधु समझते हैं।

स्वामी जी ने कुएं के मेंढक की कहानी सुनाकर लोगों की संकीर्णता को दूर करने का सुंदर प्रयास किया है। आज देश जाति धर्म संप्रदाय के नाम पर बर्बाद हो रहा है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सब मेंढक की तरह छोटे से कुएं में बैठकर यही सोचते हैं कि उन्हीं का सारा ब्रह्मांड है। हमारे सामने हमेशा यह प्रश्न आता है कि मेरे जीवन में इतना दुख क्यों है? दूसरे लोग तो बहुत सुखी हैं। मैंने क्या दुष्कर्म किए हैं? ऐसे बोझिल हृदय को स्वामी जी ने यह बतला कर हल्का किया है कि आत्मा नष्ट नहीं होती। वह शरीर बदलती है और सुख-दुख उसके पूवार्नुष्ठित कर्म का ही फल है। इसे स्वामी जी ने बहुत ही अच्छे ढंग से समझाया है।

स्वामी जी ने बताया कि विज्ञान एकत्व की खोज के सिवाय कुछ नहीं है ।यह अक्षरशः सत्य है। स्वामी जी ने बताया कि मूर्ति के बिना चिंतन असंभव है। यह सत्य है ।

स्वामी जी ने अपने शिकागो भाषण में हिंदू धर्म के साथ बौद्ध, जैन, इस्लाम, ईसाई सभी के साथ समन्वय को बड़ा ही सुंदर और सरल तरीके से समझाया है ।बौद्ध अथवा जैनी जगत पिता जगदीश्वर को भले ना देखा हो पर उसके पुत्र स्वरूप आदर्श मनुष्य बुद्धदेव या जिन को वह देखा है और जिसने पुत्र को देख लिया उसने पिता को भी देख लिया। यह तक कितना सटीक और सहज है। स्वामी जी ने धर्म को राष्ट्र का मेरुदंड कहा है। जिसे इनकार नहीं किया जा सकता।

अंत में यह पूर्ण विश्वास है कि आगामी अनेक शताब्दियों तक सर्वत्र ही लोग स्वामी विवेकानंद के संदेश से प्रेरणा लेते रहेंगे। राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर आइए हम सभी स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को अपने स्वयं के जीवन में अपनाने का संकल्प लें ताकि राज्य व राष्ट्र की उन्नति तीव्र गति से हो सके।

-संयोजन : नरेश अग्रवाल

### काव्य कोना

## मां, मेरी मां

मां, मेरी मां
जानता हूँ, तू दूर बहुत दूर है
व्योम और वसुधा के मिलन बिंदु से आगे
कहां दिखेंगी परछाई भी
मन में बसी एक सूरत, पर
आभास होता है यह अक्सर
बाट जोह रही झरोखे के पास अभी
जानता हूँ, तू दूर बहुत दूर है।
मां, मेरी मां
बसा है, रचा है, मन में भरा है
तेरे आँचल की सुगंध बिखरी है, अभी
फैलती है आँगन में हर झोंके संग
बिसारूँ कैसे, वो झिड़की प्यार भरी
आँचल का पंखा वैशाख की गर्मी में
हथेली का खुरदरापन रेशम से मुलायम
थपकी तुम्हारी अब कहां, अब कहां
हाय, यादों में अभी सुला
जाती हो अक्सर
लगता है जैसे, आँगन में
मिल जायेगी अभी
मां, मेरी मां
जानता हूँ, दूर बहुत दूर है।

नाग मणि

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

### आज का दोहा

चुनें रश्मियाँ भूमि से, खिले ओस के फूल।
खुले हृदय से , भेंट यह, सूरज करे कुबूल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## माँ का आँचल



रंजना वर्मा 'उन्मुक्त'

मालती की आंखों से नींद कोसों दूर थी। वह करवट पर करवट बदल रही थी। पोते के मुंडन पर बड़े प्यार से बेटी नैना को मायके बुलाया था। धूमधाम से मुंडन की तैयारी चल रही थी। बेटी को बुलाने मालती उसके कमरे में गई। उसने उसकी पीठ पर बड़े प्यार से हाथों फेरा। नैना कराह उठी। मालती ने चौक कर उसकी पीठ को देखा, लाल लाल धारियाँ उस पर हुए अत्याचार और जुल्मों की कहानियाँ को कह रही थी। मालती सर पकड़ कर धम्म से पलंग पर बैठ गयी।

मालती सोच रही थी, जब उसकी शादी हुई थी। उसने जब पहली बार अपनी तानाशाह सास के जुल्म के विरुद्ध आवाज उठाई थी तो उसकी सास ने अपने बेटे यानी उसके पति से उसे बुरी तरह पिटवाया था। पति की मार उसे शरीर से ज्यादा दिल पर लगी थी। वह उसी वक्त अपना सामान बांध कर अपने मायके पहुंच गई। मायके आकर उसने अपनी मां को सारी बातें बताई। उसकी माँ लोक-लज्जा एवं उसके घर टूटने की आशंका से कांप उठी। अगले दिन ही उसके पिता उसे ससुराल छोड़ आये है। अब तो उसकी सास को और उसके पति को पिटाई करने का कानूनी हक मिल गया। मालती को लगता था कि उसे यह सब इसलिए सहना पड़ रहा है क्योंकि वह आत्मनिर्भर नहीं है। वह अपने पति पर आश्रित है। उस समय उसने निश्चय किया कि अगर उसे बेटी होगी तो वह उसे खूब पढ़ायेगी, लिखायेगी और हर तरह से उसे आत्मनिर्भर बनाएगी। ताकि उसे वह सब नहीं सहना पड़े जो उसने सहा है। उसे अपने मायके से विरक्ति हो



गई थी। जिस ममता के आंचल की उसे चाह थी वह उसे नहीं मिला। बेटी के लिए उसका ममत्व उमड़ पड़ा तथा उसका दायित्व उसे बेटी के लिए कुछ करने की दुहाई देने लगा। उसने अपने पति को जगाते हुए कहा, नैना के ससुराल वालों का व्यवहार उसके साथ ठीक नहीं है।

क्या हुआ है?..... उसके पति ने बंद आँखों से ही पूछा। वे उसे मारते पीटते हैं। अरे घर में अनुशासन रखने के लिए थोड़ा बहुत यह सब जरुरी होता है। तुम चिंता ना करो सब ठीक हो जाएगा। नहीं मेरी बेटी यह सब नहीं सहेगी। तुम्हारा दिमाग तो खराब नहीं हो गया। मेरी बेटी ससुराल नहीं जाएगी। उसका भी तो आत्म सम्मान है। पानी पीने उठी नैना किवाड़ की ओट में खडी अपने माता-पिता की बातचीत को सुन रही थी। वह दौड़ कर अपनी मां के गले लग गई। तुम इसे बढ़ावा मत दो। इसका घर टूट जाएगा। सबकी बदनामी होगी सो अलग। फिर इसे कौन अपनायेगा। सारी जिंदगी यह अकेली कैसे रहेगी? नैना अकेली नहीं है। इसके साथ इसकी मां है। मालती ने नैना को ममता के आंचल में समेटते हुए कहा।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रयागराज महाकुंभ में आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का भी संगम

**एजेंसी। लखनऊ/महाकुंभ नगर**

कारोबार और रोजगार एक-दूसरे के पूरक हैं। अगर कारोबार होगा तो रोजी-रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इनमें से कुछ रोजगार स्थायी होंगे और कुछ अस्थायी। इससे संबंधित लोगों का जीवन पहले से खुशहाल हो जाएगा। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ भी इसका अपवाद नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कह चुके हैं कि पौष पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक करीब डेढ़ महीने के इस आयोजन में लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु, पर्यटक आएंगे। अगर औसतन एक पर्यटक अपनी बुनियादी जरूरतों पर लगभग 5,000 रुपए खर्च करे तो इस दौरान करीब दो लाख करोड़ रुपए का कारोबार होगा। एक्सपर्ट्स के अनुसार करीब डेढ़ महीने का यह कारोबार संबंधित लोगों के लिए आठ महीने के कारोबार के बराबर होगा। इसका बड़ा हिस्सा करीब (25 हजार करोड़ रुपए) टैक्स के रूप में सरकार को मिलेगा। साथ ही देश की जीडीपी में भी इसका .03 फीसद का योगदान होगा। प्रयाग महाकुंभ के दौरान कारोबार के साथ रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। इस बाबत विभिन्न एजेंसियों के रुझान भी आने लगे हैं। स्टैफिंग रिक्रूटमेंट सर्विसेज और फर्स्ट मेरिडियन ग्लोबल के मुताबिक महाकुंभ के दौरान 6 लाख से लेकर 10 लाख अस्थायी रोजगार सृजित होंगे। इसमें महाकुंभ की बसाहट और इन्फ्रास्ट्रक्चर संबंधी अन्य काम, लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्टेशन, डेटा एनालिस्ट, डिजिटल सुरक्षा, ब्रांडिंग, मार्केटिंग के लिए बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स, सोशल इन्फ्लूएंसर, हॉस्पिटैलिटी, इवेंट्स मैनेजमेंट आदि के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर प्रसाद बेचने वालों, नाई, पुरोहित, सिंदूर, बिंदी, चूड़ी, और टिकुली आदि बेचने वाले सबके हिस्से में कुछ न कुछ आना है। यकीनन यह औसत दिनों से कई गुना होगा। यही स्थिति कमोबेश स्थायी दुकानदारों की भी होगी। कारोबार और रोजगार का यह क्रम विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन प्रयागराज के महाकुंभ तक ही सीमित नहीं है। अगर काशी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर बनने के बाद वहां 2023 में करीब 10 लाख पर्यटक आए तो यकीनन उन्होंने काशी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया होगा। यही स्थिति अयोध्या की भी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आने का सारा रिकॉर्ड टूट गया।



## महाकुंभ के भव्य आयोजन से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक फीसदी से ज्यादा वृद्धि का अनुमान

**महाकुंभ नगर।** तीर्थराज प्रयागराज में हो रहा महाकुंभ न सिर्फ सांस्कृतिक और सामाजिक बल्कि आर्थिक पुनरुत्थान की दिशा में भी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाल ही में इसकी ओर संकेत किया था, जब उन्होंने कहा था कि महाकुंभ से दो लाख करोड़ का व्यापार होगा। तीर्थराज प्रयागराज में हो रहा महाकुंभ न सिर्फ सांस्कृतिक और सामाजिक बल्कि आर्थिक पुनरुत्थान की दिशा में भी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाल ही में इसकी ओर संकेत किया था, जब उन्होंने कहा था कि महाकुंभ से दो लाख करोड़ का व्यापार होगा। विशेषज्ञों की मानें तो 45 दिन तक चलने वाले इस महाआयोजन से उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की वृद्धि हो सकती है। यही नहीं, जीएसटी कलेक्शन में भी भारी उछाल देखने को मिलेगा।

## स्टेशन पर बनाए ऑब्जर्वेशन रूम श्रद्धालुओं को तुरंत मिल रहा उपचार

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ चल रहा है। इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इसके लिए रेलवे की तरफ से प्रयागराज और अलग-अलग स्टेशनों पर चिकित्सा को लेकर काफी अच्छे इंतजाम किए गए हैं ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी यात्री का तत्काल उपचार संभव हो सके। ये ऑ जर्वेशन रूम 24 घंटे खुले हुए हैं ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तीर्थयात्रियों को तुरंत उपचार मिल सके। विशेष चिकित्सा केंद्रों में हृदय संबंधित समस्याओं के लिए ईसीजी मशीन, दिल के रुकने पर डिफ़िब्रिलेटर, ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए ऑक्सीजन कॉन्सेन्ट्रेटर और शुगर के मरीजों के लिए ग्लूकोमीटर जैसे उपकरण रखे गए हैं।


## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे प्रयागराज, लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुंभ नगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ के अवसर पर त्रिवेणी में डुबकी लगाई। प्रयागराज यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इससे पहले यूपी सरकार के मंत्री अनिल राजभर और नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्नान किया। उनके पहुंचने से पहले आर्मी ने पूरे किला घाट को अपने क जे में ले लिया था। इस दौरान राजनाथ सिंह ने मां गंगा का आशीर्वाद लिया और देश की समृद्धि की प्रार्थना की। राजनाथ सिंह ने महाकुंभ के भव्य आयोजन की सराहना की और श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इसके पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "प्रयागराज के महाकुंभ में आज वह भाग लेंगे। महाकुंभ भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। रक्षा मंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। इस दौरान स्निफर डॉग्स और बम स्क्वायड ने जांच की। राजनाथ सिंह साधु-संतों से मुलाकात और सेना के अफसरों के साथ बैठक भी करेंगे। महाकुंभ क्षेत्र में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में जुटे हैं। दूसरी तरफ महाकुंभ को लेकर संगम और गंगा नदी के अन्य घाटों पर आस्था की डुबकी लगाने वालों की भीड़ लगी है। महाकुंभ का पहला अमृत स्नान मकर संक्रांति को बीत चुका है। वहीं, हर गुजरते दिन के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते नजर आ रहे हैं। महाकुंभ ने पूरी दुनिया में अपनी भव्यता और दिव्यता से ध्यान आकर्षित किया है। प्रयागराज में गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस आयोजन की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है।

## पुलिसकर्मियों को गोली मारने वाले के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया ढेर

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के ग्वालपोखर इलाके में दो पुलिसकर्मियों को गोली मारकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। पुलिस विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आरोपी सज्जाद आलम को शनिवार सुबह उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी बांग्लादेश भागने की तैयारी कर रहा था। जांच कर रही पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो उसने भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने उस पर फायरिंग कर दी। आलम को तीन गोलियां लगीं और वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां, इलाज के दौरान उसकी शनिवार सुबह करीब आठ बजे मौत हो गई। आलम पहले से ही एक हत्या के मामले में आरोपी था। 15 जनवरी को आलम को उत्तरी दिनाजपुर जिले की इस्लामपुर स्थित जिला अदालत से उसी जिले के रायगंज स्थित सुधार गृह में वापस लाया जा रहा था। इसी दौरान उसने जिले के ग्वालपोखर इलाके में दो पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया और भागने से पहले उन पर गोलियां चला दीं। गोली लगने से दो पुलिसकर्मी नीलकंठ सरकार और देवेन वैश्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी का फायदा उठाकर आलम घटनास्थल से फरार हो गया और तब से फरार था। हालांकि, दोनों पुलिसकर्मियों को इलाज चल रहा है। हालांकि, उस समय यह सवाल उठ रहे थे कि आलम को एक विचाराधीन अपराधी के रूप में बंदूक कैसे मिली। राज्य पुलिस के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि आलम का एक साथी अब्दुल शेख अभी भी फरार है। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है।

# पांच सालों में डेढ़ करोड़ लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए : मोदी

- प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के 15.63 लाख लोगों को बनाया जमीन का मालिक

**एडेंसी। भोपाल**



कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों से की बातचीत

प्रधानमंत्री ने शनिवार को देश के 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख ई-वितरण कार्यक्रम में वर्चुअली संपत्ति कार्ड वितरित किए। इनमें मध्य प्रदेश के 1052 गांवों के 15.63 लाख लोग शामिल हैं। प्रदेश में यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम सिवनी के पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वर्चुअली जुड़े हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों और अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अहम है। 5 साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी, इसका मकसद यह था कि गांवों में रहने वालों को उनके घर का कानूनी प्रमाण दिया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि अलग-अलग राज्यों में योजना का नाम अलग-अलग हैं लेकिन ये स्वामित्व के प्रमाण पत्र हैं। पिछले 5 सालों में देश के डेढ़ करोड़ लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले गांवों में लोगों के पास लाखों-करोड़ों की संपत्ति होने के बाद भी उसकी कीमत नहीं थी क्योंकि लोगों के पास घरों के कानूनी दस्तावेज नहीं होते थे, जिसके चलते घरों में विवाद होते थे। कई जगहों पर दबंग घरों पर कब्जा जबरन कर लेते थे और कानूनी दस्तावेज की कमी की वजह से बैंक भी इनसे किनारा कर लेते थे। लेकिन अब स्वामित्व प्रमाण पत्र होने से उन्हें उस जमीन का मालिकाना हक मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों से बातचीत भी की। सीहोर जिले के मनोहर मेवाड़ा से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने उनके परिवार के बारे में पूछा। मनोहर ने बताया कि उन्हें स्वामित्व योजना का पट्टा मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि मकान के कागज होने की वजह से सब काम आसान हो गया है। पट्टा मिलने के बाद 10 लाख रुपये का लोन लिया है। इससे डेरी फार्म खोला है। इसमें 5 गाय और एक भैंस हैं। परिवार के लोग डेरी के काम के साथ किसानी भी करते हैं। मेरी आमदनी 20 हजार के आसपास है, जिसमें मैं लोन की किश्त भर देता हूं और उससे घर खर्च भी आसानी से चल जाता है।

## कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप

**एजेंसी। सीतापुर**



सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। सीतापुर के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि सीतापुर कोतवाली में एक पीड़िता ने 15 जनवरी को एक प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें बताया गया है कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने चार वर्षों से शादी का झांसा देकर और राजनीतिक करियर में सहायता देने के नाम पर पीड़िता का बलात्कार किया है। पीड़िता ने अपने कथन के समर्थन में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और अन्य कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई है। पुलिस ने गहनता से अध्ययन किया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी की तरफ से लगातार धमकी दी जा रही है। पीड़िता और अभियुक्त सजातीय हैं। उन्होंने बताया कि उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर सीतापुर नगर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। विवेचना के क्रम में साक्ष्य का संकलन कराया जा रहा है। पीड़िता का मेडिकल और न्यायाधीश के समक्ष बयान भी दर्ज कराया गया है। न्यायाधीश के सामने पीड़िता ने अपनी घटना की पुष्टि की है। विधिक कार्यवाही की जा रही है। पीड़िता को उचित सुरक्षा भी प्रदान की जा रही है। ज्ञात हो कि राकेश राठौर 2017 के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में सीतापुर से चुने गए थे। मई 2021 में, उनकी निजी बातचीत के कई ऑडियो लीक हुए थे, जिसमें वह सरकार की कड़ी आलोचना कर रहे थे, खासकर कोरोना महामारी की प्रतिक्रिया पर। साथ ही पार्टी के भीतर जातिवादी रुझान की भी शिकायत कर रहे थे। भाजपा का दामन छोड़ने के बाद राकेश राठौर ने सपा का रुख कर लिया। हालांकि, 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें सपा ने टिकट नहीं दिया। इसके बाद राकेश राठौर ने राहुल गांधी से मुलाकात करके कांग्रेस जॉइन कर ली।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**एजेंसी। कोटा**

राजस्थान के कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र मनन जैन ने आत्महत्या कर ली। वो मूल रूप से बूंदी का रहने वाला था। वो कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। छात्र के इस कदम से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस संबंध में मृतक छात्र के मामा महावीर जैन ने मीडिया को जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मनन कोटा में रहकर आईआईटी की तैयारी कर रहा था। 22 तारीख को उसका मेंस का पेपर था। वह कोटा में तीन साल से रह रहा था। हमने उसे फोन किया, तो उसने रिसीव नहीं किया। इसके बाद हमने दूसरे छात्र से संपर्क किया, तो हमें पता चला कि उसने आत्महत्या कर ली है। वह अपने नाना के मकान में रह रहा था। नाना-नानी दोनों का स्वर्गवास हो चुका है। यह बच्चा बहुत ईमानदार और मेहनती था। उन्होंने कहा कि वह बहुत धार्मिक प्रवृत्ति का था और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। आठवीं के बाद यह नौवीं क्लास की पढ़ाई के लिए कोटा आ गया था। वह बहुत इंटेलिजेंट था। लेकिन, उसने यह कदम क्यों उठाया, यह पता नहीं चल पाया। कल आखिरी बार उससे बात हुई थी। उसने इस घातक कदम के बारे में किसी से कोई चर्चा नहीं की। उसके मौसी का बेटा भी उसी के साथ रहता था। लेकिन उसे भी कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बच्चे का शव हमें बिना पोस्टमार्टम के दिया जाए, तो बेहतर रहेगा। हमने बच्चे का नेत्रदान करवा दिया है। हम चाहते हैं कि जाते-जाते उसके हाथों पुण्य का काम हो।

# हार के डर से बौखलाई भाजपा ने करवाया केजरीवाल पर हमला : 'आप'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर एक गंभीर आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा हार के डर से बौखला गई है और उसने अपने गुंडों से आप के राष्ट्रीय संजोयक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करवाया है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने अरविंद केजरीवाल पर चुनाव प्रचार के दौरान ईंट-पत्थर से हमला किया। चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर हमला किया गया है। केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर फेंके गए हैं। इस आरोप के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, "हार के डर से बौखलाई भाजपा, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल पर हमला। भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वह प्रचार ना कर सकें। पोस्ट में आगे लिखा, "भाजपा वालों, तुम्हारे इस कायराना हमले से केजरीवाल डरने वाले नहीं हैं, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी। एक अन्य पोस्ट में आप ने लिखा, "भाजपा ने अपने गुंडों से दिल्ली के बेटे पर फिर करवाया हमला। भाजपा अपनी हार पास देखकर इतनी बुरी तरह बौखला गई है कि वो केजरीवाल की जान लेने पर उतर आई है।

### भाजपा ने 'आप' पर बनी फिल्म दिखाने से रोका, लगाई पुलिस फोर्स : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पर एक फिल्म बनी है। आज जहां इस फ़िल्म को पत्रकारों को दिखाया जाना था, वहां देखिए, कितनी भारी संख्या में पुलिस लगाकर भाजपा ने इस फ़िल्म को दिखाने से रोक दिया। भाजपा इस फिल्म से बुरी तरह से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस फिल्म को क्यों रोकना चाहती है? इस फिल्म में आखिर ऐसा क्या है जिससे भाजपा डरी हुई है? ये फिल्म पर्दे के पीछे के उन सब रहस्यों को उजागर करती है जब गलत तरीके से 'आप' के नेताओं को गिरफ्तार किया गया था। ये भाजपा सरकार के गैर कानूनी और गैर संवैधानिक कामों को उजागर करती है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पत्रकारों को देखने के लिए आम आदमी पार्टी पर बनी फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी। आज सुबह ही पुलिस ने वहां पहुंचकर इस फिल्म की स्क्रीनिंग रुकवा दी और कहा कि स्क्रीन नहीं की जा सकती है।

# संसद का सत्र 31 से, 1 फरवरी को पेश होगा बजट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक दो भागों में होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को आठवीं बार बजट पेश करेंगी। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी प्रोविजनल कैलेंडर के अनुसार, सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगी। इसके बाद उसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की सिफारिश पर बजट सत्र 2025 के लिए संसद के दोनों सदनों की बैठक 31 जनवरी 2025 से 4 अप्रैल 2025 तक बुलाने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू 31 जनवरी को सुबह 11 बजे लोकसभा चैंबर में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। रिजिजू ने लिखा, "केंद्रीय बजट 2025-26 आगामी 1 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया जाएगा। दोनों सदनों की कार्यवाही 13 फरवरी को एक लंबे अंतराल के लिए स्थगित की जाएगी। संसद की कार्यवाही 10 मार्च को दोबारा शुरू होगी जिसमें विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी और बजट पारित कराया जाएगा। बजट सत्र के पहले भाग में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे, जबकि वित्त मंत्री सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। पूरे बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी और यह 4 अप्रैल को समाप्त होगा। केंद्र में नई सरकार के गठन के कुछ सप्ताह बाद पिछले साल जुलाई में वित्त मंत्री सीतारमण ने अपना सातवां बजट पेश किया था और इस प्रकार लगातार छह बजट पेश करने का स्वर्गीय मोरारजी देसाई का रिकॉर्ड तोड़ा था। वित्त मंत्री सीतारमण ने इससे पहले 2014 से 2017 के बीच पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री के रूप में काम किया था। वह मई से नवंबर 2014 तक वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री रहीं और फिर मई 2014 से सितंबर 2017 तक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहीं।

बाद में, उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में वरिष्ठ पदों पर पदोन्नत किया गया। सीतारमण 2019 के बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान पीएम मोदी के नेतृत्व वाली पहली कैबिनेट में रक्षा मंत्री थीं। उन्हें 2019 में मोदी 2.0 कैबिनेट में वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला और तब से वह वित्त मंत्री हैं।



## राहुल गांधी पटना पहुंचते ही तेजस्वी यादव से मिले

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक दिन के बिहार दौरे पर शनिवार को पटना पहुंचे। यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने हवाईअड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया।

राहुल को सबसे पहले बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होना था। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करना था लेकिन पटना पहुंचने के बाद राहुल सीधे होटल मौर्या पहुंचे, जहां राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अहम बैठक चल रही है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद से उन्होंने मुलाकात की। तेजस्वी ने उनका स्वागत किया। हालांकि, दोनों के बीच क्या चर्चा हुई ये अभी तक साफ नहीं हो सका है। इस मुलाकात को इसलिए भी अहम समझा जा रहा है। क्योंकि, महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर अभी तक राजद और कांग्रेस के बीच खींचतान शुरू हो गई है। अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक राहुल गांधी पटना में 6 घंटे रहेंगे। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस सदाकत आश्रम में भी वे करीब दो घंटे रहेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद उनकी यह पहली बिहार यात्रा है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि सदाकत आश्रम के कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित इंदिरा भवन का राहुल गांधी उद्घाटन कर कर्मचारियों को आवास की चाबी सौपेंगे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का ऐलान, मो.शमी की हुई वापसी

## ऐसे ऑप्शन हमारी टीम के लिए अच्छे : रोहित शर्मा

| टी20 सीरीज | वनडे सीरीज | चैंपियंस ट्रॉफी |
|---|---|---|
| 22 जनवरी | 06 फरवरी | 19 फरवरी |

**कौन नहीं है टीम में**

संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर टीम में नहीं है। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

**नई दिल्ली। एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रहे सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ही चैंपियंस ट्रॉफी के मैदान टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। बीसीसीआई टीम इंडिया को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान के साथ टिकी हुई है। बीसीसीआई ने शनिवार दोहपर बाद एक बैठक में इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा कर दी। इसके लिए बीसीसीआई मुख्यालय में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ कप्तान रोहित शर्मा एक संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से शुरू होनी है जोकि 9 मार्च तक चलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम

**रोहित शर्मा (कप्तान)**, शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह। बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुना गया है।

### ए ग्रुप में है भारतीय टीम

टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

### आईसीसी मैंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शेड्यूल

**19 फरवरी :** पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड
**20 फरवरी :** भारत बनाम बांग्लादेश
**21 फरवरी :** अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका
**22 फरवरी :** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड
**23 फरवरी :** भारत बनाम पाकिस्तान
**24 फरवरी :** बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड
**25 फरवरी :** ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका
**26 फरवरी :** अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड
**27 फरवरी :** पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश
**28 फरवरी :** ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान
**1 मार्च :** इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका
**2 मार्च :** भारत बनाम न्यूज़ीलैंड
**4 मार्च :** सेमीफाइनल 1 बनाम सेमीफाइनल
**5 मार्च :** सेमीफाइनल 2 बनाम सेमीफाइनल
**9 मार्च :** फाइनल (सभी मैच दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होंगे।)


मो.शमी

### इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का शैड्यूल

**पहला टी20:** 22 जनवरी (कोलकाता)
**दूसरा टी20:** 25 फरवरी (चेन्नई)
**तीसरा टी20:** 28 फरवरी (राजकोट)
**चौथा टी20:** 31 जनवरी (पुणे)
**पांचवां टी20:** 2 फरवरी (वानखेड़े/मुंबई)

### टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

**सूर्यकुमार यादव (कप्तान),** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।


### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का शैड्यूल

**पहला वनडे :** 6 फरवरी (नागपुर)
**दूसरा वनडे :** 9 फरवरी (कटक)
**तीसरा वनडे :** 12 फरवरी (अहमदाबाद)

### वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम

**सूर्यकुमार यादव (कप्तान),** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

## डेनिस लॉ का 84 वर्ष की आयु में निधन



**मैनचेस्टर(आईएएनएस)।** फुटबॉल दिग्गज डेनिस लॉ का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह प्रतिष्ठित बैलन डी'ओर पुरस्कार जीतने वाले स्कॉटलैंड के इकलौते खिलाड़ी थे। "द किंग" और "द लॉमैन" के नाम से मशहूर लॉ ने फुटबॉल की दुनिया में अपनी छाप छोड़ी। मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ 11 साल बिताए, जहां उन्होंने 404 मैचों में 237 गोल किए। इस रिकॉर्ड के साथ वे क्लब के सर्वकालिक टॉप स्कोरर की सूची में वेन रूनी और सर बॉबी चार्लटन के बाद तीसरे स्थान पर हैं। एबरडीन में जन्मे लॉ ने हडर्सफ़ील्ड टाउन से अपना पेशेवर करियर शुरू किया। इसके बाद वे इटली के टोरिनो क्लब में शामिल हुए। बाद में उन्होंने मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए भी खेला, जहां वह एक फुटबॉल लीजेंड बन गए।

## रायपुर में छह फरवरी से शुरू होगी लीजेंड 90 लीग



**रायपुर(आईएएनएस)।** लीजेंड 90 लीग की शुरुआत 6 फरवरी से 18 फरवरी तक रायपुर में होगी। इस लीग में भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, सुरेश रैना और न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर जैसे दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच, श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान और मार्टिन गप्टिल जैसे बड़े नाम भी इस लीग का हिस्सा होंगे।

इस लीग में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लैडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात संप आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज, रॉयल किंग्स पंजाब और राजस्थान किंग्स जैसी रोमांचक टीमें हिस्सा लेंगी। 90 गेंदों का नया फॉर्मेट इसे क्रिकेट का एक अनोखा अनुभव बनाएगा।

लीजेंड 90 लीग के डायरेक्टर शिवैन शर्मा ने कहा, "हमें खुशी है कि हम यह लीग लेकर आ रहे हैं, जिसमें क्रिकेट के महान खिलाड़ियों को नए और रोमांचक फॉर्मेट में देखने का मौका मिलेगा। हमें यकीन है कि यह लीग क्रिकेट की दुनिया में नया इतिहास बनाएगी।"

छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम में मार्टिन गप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायडू जैसे खिलाड़ी होंगे। जबकि दिल्ली रॉयल्स की टीम में शिखर धवन और रॉस टेलर खेलेंगे। हरियाणा ग्लैडिएटर्स में हरभजन सिंह दिखेंगे तो राजस्थान किंग्स में ड्वेन ब्रावो खेलेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जायंट्स की ओर से खेलेंगे।

दिल्ली रॉयल्स की ओर से खेलने जा रहे शिखर धवन ने अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, "मैं इस सीजन में दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैदान पर अपनी बेहतरीन फॉर्म दिखाने के लिए तैयार हूं। मेरे सभी फैंस का प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।"

इसके अलावा, लीग में इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली भी खेलेंगे। दिग्गज खिलाड़ियों और नए फॉर्मेट के साथ, लीजेंड 90 लीग क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव बनकर उभरने के लिए तैयार है।

## उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड के होंगे दो जिम्नास्टिक के जज

**रांची।** भारतीय जिमनास्टिक महासंघ ने 6 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड के दो जजों दीपक कुमार साहु को एमएजी और हेमा कुमारी डब्लूएजी को सफलतापूर्वक प्रतियोगिता संचालित करने में योगदान के लिए मनोनीत किया है। यह चयन उनकी दक्षता और खेल आयोजनों के सफल संचालन में योगदान को ध्यान में रखते हुए किया गया है।प्रतियोगिता के संचालन के लिए इनके मनोनयन पर झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आर. के. आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे और झारखंड जिम्नास्टिक संघ के प्रमुख सदस्य तूलिका श्रीवास्तव, गोविंद झा, शशि भूषण पाण्डेय, राकेश कुमार ने उन्हें बधाई दी है। इसके अलावा, खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक खेल संदीप कुमार, और जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने भी दीपक कुमार साहू को इस सम्मानजनक भूमिका के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## दीपक बनें राष्ट्रीय खेलों के टेक्निकल ऑफिसर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ ने 6 से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए झारखंड जिम्नास्टिक संघ के प्रशासनिक सचिव दीपक कुमार साहू को मेंस आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के टेक्निकल ऑफिसर के रूप में ओर वूमेंस आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में सफलतापूर्वक प्रतियोगिता संचालित करने में योगदान के लिए मनोनीत किया है।यह चयन उनकी दक्षता और खेल आयोजनों के सफल संचालन में योगदान को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रतियोगिता के संचालन के लिए इन दोनों के मनोनयन पर झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आर. के. आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे और झारखंड जिम्नास्टिक संघ के अन्य प्रमुख सदस्य तूलिका श्रीवास्तव, गोविंद झा, राजीव रंजन, रंजीता रंजन, मुक्तिलता खेस, शशि भूषण पाण्डेय, राकेश कुमार ने उन्हें बधाई दी है।इसके अलावा, खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक खेल संदीप कुमार, और जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने भी दीपक कुमार साहू को इस सम्मानजनक भूमिका के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है और यह झारखंड के खिलाड़ियों और खेल संगठनों को आगे बढ़ने और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा प्रदान करेगा। झारखंड जिम्नास्टिक संघ का मानना है कि दीपक कुमार साहू अपने अनुभव और कुशलता से 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को और सफल बनाएंगे।

## आजसू छात्र संघ का हुआ कमेटी विस्तार

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)का हजारीबाग जिला कमेटी का विस्तार किया गया । विस्तारीकरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, युवा संयोजक चेतन प्रकाश, अजीत कुमार , दीपक कुमार, जिला प्रवक्ता शिवम मिश्रा जिला संयोजक शुभम राणा उपस्थित थे। इस बैठक की अध्यक्षता शुभम राणा ने किया एवं संचालन शिवम कुमार जी ने किया।

## अरगोड़ा सीए 7 रनों से विजयी रही

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर मैदान में अरगोड़ा सीए बनाम जेयूवीएनएल के बीच खेला गया। अरगोड़ा सीए ने 35 ओवर में सात विकेट पर 197 रन बनाया। शशांक ने 78 व आदर्श ने 28 रन बनाया। ज्वाला, विकास और अमित इंदवार को 2-2 विकेट मिले। जेयूवीएनएल ने 34.2 ओवर में 10 विकेअ पर 190 रन बनाया। अमित कुमार ने 54, श्याम ने 53 रन बनाया। आदर्श ने 31 रन देकर 4 विकेट व अमन ने 34 रन लेकर 2 विकेट लिया।

## सरला बिरला स्कूल ने 192 रन से जीत दर्ज की

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** वेंचर स्किल यू16 क्रिकेट टूर्नामेंट साखा ग्राउंड में सरला बिड़ला स्कूल बनाम लेडी केसी रॉय के बीच खेला गया। सरला बिड़ला स्कूल ने 32.4 ओवर में 10 विकेट पर 266 रन बनाया। ग्रंथ मुंजाल ने 101 रन व आयुष कुमार ने 32 रन बनाया। गणेश कुजूर ने 53 रन देकर 4 विकेट व ऋषभ शुक्ला ने 24रन देकर 2 विकेट लिया। लेडी केसी रॉय ने 14.2 ओवर में 10 विकेट पर 74 रन बनाया। आर्यन धमीजा ने 13 रन देकर 3 विकेट, ग्रंथ मुंजाल ने 2 रन देकर 2 विकेट, अक्षत तिवारी ने 24 रन देकर 2 विकेट व कुमार श्रेष्ठ ने 13 रन देकर 2 विकेट लिया। सरला बिरला स्कूल ने 192 रन से जीत दर्ज की।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## विप्रो 2026 में 12,000 से ज्यादा फ्रेशर्स की करेगी भर्ती




**नई दिल्ली।** दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 26) में 12,000 फ्रेशर्स को भर्ती करने की योजना बना रही है। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 25) में लगभग 10,000 फ्रेशर्स को नियुक्त करना है। कंपनी के चीफ एचआर सौरभ गोविल के कहा, अक्टूबर-दिसंबर अवधि (तीसरी तिमाही) में लगभग 7,000 फ्रेशर्स को भर्ती किया जा चुका है और चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 2,500-3,000 और लोगों के भर्ती होने की उम्मीद है। गोविल ने आगे कहा कि आईटी कंपनी ने घटती हुई छंटनी दरों के बीच कर्मचारी यूटिलिटी में सुधार लाने और मार्जिन बढ़ाने के लिए अपने नियुक्ति मॉडल का पुनर्मूल्यांकन किया है। विप्रो ने वित्त वर्ष 2024-25 के तीसरी तिमाही के नतीजों में बताया था कि 31 दिसंबर, 2025 तक कंपनियों में 2,32,732 कर्मचारी कार्यरत थे। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा तिमाही आधार पर 4.5 प्रतिशत बढ़कर 3,354 करोड़ रुपये हो गया है। नतीजों के साथ कंपनी ने 6 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम डिविडेंड का ऐलान किया था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए, कंपनी को उम्मीद है कि हमारे आईटी सर्विस बिजनेस सेगमेंट से आय 2,602 मिलियन डॉलर से

## मांग बढ़ने से भारत की आर्थिक वृद्धि दर में तेजी आने की उम्मीद : आरबीआई

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जनवरी के मासिक बुलेटिन में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि में उछाल आने की संभावना है, क्योंकि घरेलू मांग में मजबूती आ रही है।

आरबीआई के अनुसार, कृषि क्षेत्र की स्थिति अच्छी होने के कारण उपभोग मजबूत बना हुआ है। बुलेटिन में कहा गया कि 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधि के हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स में तेजी आने की संभावना है, जो एनएसओ के वार्षिक प्रथम अग्रिम अनुमानों में इस अवधि के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को दर्शाता है। बुलेटिन में बताया गया है कि दिसंबर में लगातार दूसरे महीने महंगाई दर में कमी आई है, हालांकि खाद्य महंगाई में स्थिरता के कारण इसके प्रभावों पर सावधानीपूर्वक निगरानी की आवश्यकता है। घरेलू मांग में फिर से मजबूती आने से भारत की आर्थिक वृद्धि में उछाल आने की संभावना है। कृषि क्षेत्र की स्थिति अच्छी होने के कारण ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, जो कि खपत में मजबूती को दर्शाता है। बुलेटिन में आगे कहा गया कि खरीफ की रिकॉर्ड फसल के कारण कृषि और इससे जुड़े सेक्टरों का अच्छा प्रदर्शन और रबी की अधिक बुवाई के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सुधार से प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बुलेटिन कहा गया है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 7 जनवरी को जारी 2024-25 के लिए पहले अग्रिम अनुमानों ने पुष्टि की है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगातार तीन वर्षों से 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि से घटकर 6.4 प्रतिशत हो गई है।




### अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था : आईएमएफ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ़ सकती है। यह हमारे अक्टूबर में जारी किए गए अनुमान के अनुरूप है। आईएमएफ का यह अनुमान वर्ल्ड बैंक के अनुमान के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जो कि चालू वित्त वर्ष की विकास दर के अनुमान से अधिक है।

## सरकार बजट सत्र में पेश कर सकती है नया आयकर विधेयक

**नई दिल्ली(हि.स.)।** सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में एक नया आयकर विधेयक पेश कर सकती है। इसका उद्देश्य वर्तमान आयकर कानून को सरल बनाना, उसे समझने योग्य बनाना तथा पृष्ठों की संख्या में करीब 60 फीसदी की कमी करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के बजट में इसकी घोषणा की थी। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। यह एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। फिलहाल, कानून के मसौदे पर विधि मंत्रालय विचार कर रहा है, जिसे बजट सत्र के दूसरे हिस्से में संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा के लिए जुलाई बजट में वित्त मंत्री की घोषणा के अनुसरण में सीबीडीटी ने समीक्षा और अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी, जिससे विवाद, मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को ज्यादा कर निश्चितता मिलेगी।

संसद का अगामी बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा। पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। इसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। केंद्रीय बजट 01 फरवरी को पेश किया जाएगा। संसद का बजट सत्र 10 मार्च को पुनः आरंभ होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा।

## ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही बिटकॉइन में तेजी

**नई दिल्ली(हि.स.)।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन ने एक बार फिर जोरदार तेजी दिखाते हुए 1 लाख डॉलर के स्तर को पार कर लिया। शुक्रवार देर रात बिटकॉइन 1,05,782.40 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि उसके बाद इस क्रिप्टोकरंसी की कीमत में गिरावट आई। आज भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 11.30 बजे बिटकॉइन 1,03,403.60 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अपने चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को दुनिया का क्रिप्टो कैपिटल बनाने का ऐलान किया था। ट्रंप के वायदे में क्रिप्टो इंडस्ट्री के लिए फेवरेबल रेगुलेशंस लाने की बात भी कही गई थी।

# रांची में छिनतई गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार



**रांची।** जिले की जगरनाथपुर थाना पुलिस ने छिनैती गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 18 मोबाइल फोन, 13 हजार 200 रुपये नकदी, तीन चेक, पैन कार्ड, आईडी कार्ड, तीन बैग और बाइक बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बाबला अंसारी, परवेज अंसारी और इमरोज अंसारी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने रांची में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए अलग-अलग इलाकों में गिरोह के सदस्यों को तैनात किया था। इस गिरोह ने जगन्नाथपुर, डोरंडा और अरगोड़ा सहित रांची के छह अलग-अलग इलाकों में कुल 16 घटनाओं को अंजाम दिया है। सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित पहले भी जेल जा चुके हैं। इस गिरोह ने पहले ब्राउन शुगर पेडलर का काम किया था लेकिन बाद में यह गिरोह छिनैती और अन्य अपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया।

## चान्हो के सिलागाई में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी

# कम कपड़ा, छोटा मकान में रह सकते है पर बगैर भोजन के नहीं : शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अमर शहीद वीर बुधु भगत की जन्म स्थली चान्हो के सिलागाई में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता के द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय किसान मेला में पांच जिलों के किसान शामिल हुए। किसान मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की। किसान मेला में लगे 50 से ज्यादा स्टॉल का निरीक्षण करते हुए किसानों से उनके उत्पाद की जानकारी ली। इससे पहले अमर शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर मंत्री सहित दूसरे अतिथियों ने माल्यार्पण किया।

इस मौके पर विभाग के द्वारा किसानों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। किसान मेला सह प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली, तो कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें शिक्षा मंत्री बनना चाहिए था, तो कुछ ने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनना चाहिए था। लेकिन मैं जानती हूं मांडर कृषि बहुल क्षेत्र है इसके विकास का ये बेहतर अवसर और विभाग है। इस विभाग से क्षेत्र और राज्य की जनता का ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकती हूं। किसानों से सीधा संपर्क कर उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम

**■ अन्नदाताओं के बगैर मनुष्य का जीवन है असंभव**




करूंगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि गुमला, लोहरदगा, खूंटी, के किसान बेहतर काम कर रहे है। यहां की दीदियां बहुत मेहनती है लेकिन मांडर पीछे है। विभाग के अधिकारी मांडर को रांची और शहर का हिस्सा मान कर योजना नहीं बनाते है।

किसानों को आपस में संवाद करना जरूरी है।तब जान पाएंगे की गुमला क्या कर रहा है। लोहरदगा क्या कर रहा, खूंटी के किसानों ने नया क्या किया। मंत्री ने आज रोजगार और पैसे के अभाव में किसान अपनी जमीन बेच रहे है, कही कारखाना खुल रहा है, तो कही अपार्टमेंट बन रहे है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कम कपड़ा- छोटा मकान में आप और हम रह सकते है पर बगैर भोजन के नहीं रह सकते है। उन्होंने ग्रामीण किसानों से मेधा डेयरी से जुड़ने और आज ही दुधारू गाय खरीदने की अपील की। मंत्री ने बताया कि दूध को मेधा डेयरी में दे कर 12 दिन में 5 रुपया अतिरिक्त का लाभ आसानी से ले सकते है। मांडर के कैम्बो की एक महिला महीने का डेढ़ से दो लाख रुपए दूध बेच कर कमा रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का 2500 रुपए को लाख में बदलने की योजना बनाने का काम महिलाएं करे। गुमला में महिलाएं अंडा का बेहतर काम कर रही है। किसान को गरीब बताया जाता है। किसान गरीब नहीं अन्नदाता है। गिरिडीह में मछली पालन कर समिति के लोग 40 लाख रुपया तक कमा रहे है। विभाग ने ये निर्णय लिया है कि पंचायत का तालाब पहले पंचायत में बंदोबस्त होगा।

कृषि मित्र , मत्स्य मित्र , कृषि पदाधिकारी के बगैर विभाग अपाहिज है। वी आई डब्ल्यू सिर्फ कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का काम करें। सभी 5 प्रमंडल में किसान मेला लगेगा। इस मौके पर राज्य समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा कि पहली बार चान्हो में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला का आयोजन हुआ है। किसान मेला का लाभ कैसे मिले इस जोर देने की जरूरत है। सरकार की योजनाओं का लाभ गांव तक नहीं पहुंचा पाता है। इस मेले में आपको 90 प्रतिशत सब्सिडी पर मिलने वाली योजना है। विभाग की योजना से जुड़ कर पलायन को रोका जा सकता है। विभाग से जुड़ कर स्वरोजगार कर सकते है।

बंधु तिर्की ने कहा कि समिति बना कर महिलाओं को सशक्त बनाने का काम करना होगा। कांके विधायक सुरेश बैठा ने अपने क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि मंत्री से दो कोल्ड स्टोरेज की मांग रखी। किसान मेला में मंच से चान्हो की महिला सहायता समूह को 7 करोड़ 16 लाख की राशि का चेक प्रदान किया गया।

## आईएमएस की समस्याओं पर डीएसडब्ल्यू का घेराव

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) के एमबीए के बैच 2023-2025 के छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को एनएसयूआई कार्यकताओं ने राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद के नेतृत्व में डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू का घेराव किया। डीएसडब्ल्यू को 5 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया। इसमें मांग की गई कि आईएमएस के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण का समय पर आयोजन किया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एमबीए पाठ्यक्रम के एक महत्वपूर्ण भाग के रूप में औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान के लिए आवश्यक है और बार-बार आश्वासन के बावजूद इसका आयोजन नहीं किया गया है।

## मुख्यमंत्री से मिली केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



## मुख्यमंत्री से मिले गुमला डीसी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुमला उपायुक्त करण सत्यार्थी को जिला के समग्र विकास के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लोक प्रशासन के क्षेत्र में 'पीएम अवार्ड' सम्मान के लिए चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सरना धर्मकोड की मांग के लिए दिल्ली कूच करेंगे आदिवासी संगठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति की अध्यक्षता में शनिवार को कांके रोड स्थित डैम पार्क के प्रधान कार्यालय में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि 23 से 24 फरवरी 2025 को सरना धर्मकोड की मांग को लेकर विभिन्न राज्यों के आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की आबादी 27 प्रतिशत है, जो राज्य की सबसे बड़ी जनसंख्या है। एशिया महादेश में आदिवासियों की जनसंख्या चौथे स्थान पर है। इसके बावजूद आदिवासी हिंदू, ईसाई, जैन, बौद्ध और मुस्लिम के धर्मों में शामिल किए जाते हैं। झारखंड में 32 जनजातीय समुदाय रहते हैं, जिनमें मुंडारी, संथाली, उरांव, हो आदि शामिल हैं। इन सभी की अपनी भाषा, वेशभूषा, परंपरा और संस्कृति है, लेकिन इनका कोई अलग धर्मकोड नहीं है। आदिवासी समुदाय अपनी पहचान और धर्म को संरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। सरना धर्म के अगुवा कोईली उरांव ने कहा कि दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और जनजातीय मामलों के मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# पत्नी की हत्या के जुर्म में पति मोहन महतो दोषी करार, सजा 25 को

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने पत्नी की हत्या के जुर्म में कांके थाना क्षेत्र निवासी मोहन महतो को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। घटना को लेकर मृतका का भाई छोटू कुमार महतो ने अप्रैल 2018 में ओरमांझी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि अभियुक्त के साथ मृतका सोनी की शादी 2009 में हुई थी। शादी के तीन-चार साल बाद ससुराल की ओर से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। घटना के दिन उसके पति ने गला दबाकर उसकी जीवन लीला समाप्त कर दी। मामले के अन्य आरोपी भूषण महतो, बसंती देवी, राजेंद्र महतो एवं रेखा देवी को अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

## जैक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनिल महतो व उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह का कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो गया। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैक के नये अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की नियुक्ति 26 जनवरी के बाद होने की संभावना है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने 19 जनवरी 2022 को अपना योगदान दिया था। जैक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नये अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रस्ताव शिक्षा मंत्री को भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आधा दर्जन से अधिक शिक्षाविदों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए आवेदन जमा किया है। इधर उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह ने शुक्रवार को ही अपना पद छोड़ दिया। वह रांची विवि के केसीबी कॉलेज बेड़ो में शिक्षक हैं। उनकी तीन वर्ष की लियन की अवधि 19 जनवरी को पूरी हो रही थी।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक इकाई की बैठक, कहा

# पार्टी समान अधिकार और समान अवसर के सिद्धांत पर चलती है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी के निर्देश पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान की अध्यक्षता में आज बैठक संपन्न हुई। बैठक में अल्पसंख्यक प्रभारी कमरुल हसन समेत रांची महानगर के कई नेता व वार्ड पार्षद मौजूद थे।

बैठक में रांची महानगर सदर हुसैन खान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की निर्देश पर महानगर अल्पसंख्यक विभाग कमेटी को मजबूती प्रदान करने के लिए यह बैठक रखी गई। सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया और पार्टी के उसूलों नजरिया पर आस्था व्यक्त करते हुए संकल्प जाहिर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जिसमें सभी समाज और वर्ग के लोगों को समान अवसर देने अधिकारों के सुरक्षा



की बात की जाती है।

वहीं प्रभारी कमरुल हसन ने कहा कि कांग्रेस दबे कुचले और उपेक्षित लोगों की उम्मीद की किरण है। हमारी पार्टी हमेशा से न्याय की बात करती आई है। यही वजह है कि भारत में कांग्रेस का इतिहास सबसे पुराना है और यह सबसे मजबूत पार्टी है। बैठक में मुख्य रूप से निरंजन पासवान, जगदीश साहू इश्तियाक अहमद तुनु अख्तर अली मो साफर मोहसीन अहमद,राजू लकड़ा, किरण कुमारी, आसिफ अख्तर, फरहा नाज,खालिल उमर, कुलभूषण टुडू आदि मौजूद थे।

## अभियोजन डायरेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश

**रांची।** झारखंड के अभियोजन निदेशालय के डायरेक्टर अभियोजन राजकुमार सिंह ने शनिवार को सिविल कोर्ट रांची स्थित अभियोजन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अभियोजन पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उसके साथ अपर लोक अभियोजक केके मिश्रा भी पहुंचे थे। अभियोजन पदाधिकारियों को डायरेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी मामलों में सरकार का पक्ष मजबूती से रखें ताकि ज्यादा से ज्यादा अपराधियों को कोर्ट से सजा दिलायी जा सके, जिससे समाज में एक अच्छा मैसेज जाएगा। साथ ही उन्होंने अब तक सुनवाई का अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। एपीपी को आवश्यक पंजी अनुसंधान का निर्देश दिए। इस मौके पर लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह, सत्यम सिंह समेत अन्य एपीपी मौजूद थे।

# झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर आज आजसू में करेंगे घर वापसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर कल रविवार को आजसू पार्टी में एक बार फिर शामिल होने जा रहे हैं। पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उन्हें दोपहर एक बजे हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सदस्यता ग्रहण करवाएंगे।

इस अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक तिवारी महतो, प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता तथा अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

वहीं आजसू कार्यकर्ताओं की टोली प्रवीण प्रभाकर को मोरहाबादी स्थित आवास से मोटर साइकिल जुलूस के साथ कार्यालय लेकर आएंगे। इस मौके पर संथाल परगना, पलामू तथा कोयलांचल से भी कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाग लेने पहुंचेंगे। प्रवीण प्रभाकर की घरवापसी को लेकर कार्यकताओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि प्रवीण प्रभाकर का नाम उन नेताओं में शुमार रहा है जिन्होंने स्थापना काल से आजसू को सींचने तथा झारखंड आंदोलन को नया तेवर देने का काम किया है। बता दें कि इन्हीं के पहल पर आजसू को लालकृष्ण आडवाणी के समक्ष राजग में शामिल किया गया था। लेकिन 2014 में प्रवीण प्रभाकर आजसू छोड़ भाजपा में चले गए थे। 2019 के बाद वह सक्रिय राजनीति से अलग हो गए थे और झारखंड आंदोलनकारियों को एकजुट करने में लगे थे। विगत कुछ दिनों से आजसू की ओर से उन्हें वापस लाने का प्रयास चल रहा था।

# मनी लाउंड्रिंग मामले के दो आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े 3633.11 करोड़ रुपए और 24.30 लाख यूएस डॉलर के मनी लाउंड्रिंग मामले के दो आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। पीएमएलए कोर्ट ने ईडी के विशेष लोक अभियोजक के आवेदन पर रोहितास कृष्णन एवं ब्रजेश कुमार सिंह के खिलाफ वारंट जारी किया है। इसी मामले के तीसरे आरोपी सौभिक चट्टोपाध्याय ने वारंट जारी होने के बाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। ईडी ने मामले में जांच पूरी करते हुए तीनों के खिलाफ 3 मई 2019 को पूरक चार्जशीट की थी। चार्जशीट दाखिल होने के बाद सौभिक चट्टोपाध्याय समेत अन्य आरोपी मामला रद्द कराने हाईकोर्ट पहुंचे। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के पश्चात 19 सितंबर 2022 को याचिका को खारिज कर दी। हाईकोर्ट के आदेश की चुनौती सुप्रीम कोर्ट में दी गई, जहां सुनवाई के पश्चात सुप्रीम कोर्ट ने 20 अक्तूबर 2023 को ही हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। इसके बाद उनलोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जब आरोपियों ने पीएमएलए कोर्ट में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। बीते 8 जनवरी को तीनों के खिलाफ कोर्ट से वारंट प्राप्त किया गया। जानकारी मिलने के बाद एक आरोपी सौभिक चट्टोपाध्याय ने सरेंडर किया। बता दें कि ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में मधु कोड़ा के साथ उनके सहयोगी मनोज बाबूलाल पुनमिया, अरविंद व्यास, अनिल वस्ताबड़े एवं दिलीप जोशी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

# राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला 14 दिन बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में मानहानि का सामना कर रहे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थित से छूट की मांग वाली याचिका पर शनिवार को सिविल कोर्ट रांची के एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 14 दिन बाद सुनाएगी। अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट



ने राहुल गांधी को उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की है। समन जारी होने के बाद व्यक्तिगत उपस्थित से छूट के लिए 14 अगस्त को याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी के खिलाफ रांची निवासी नवीन झा ने सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि राहुल गांधी की टिप्पणी से भाजपा की छवि खराब हुई है। इसलिए इन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। राहुल गांधी ने दिल्ली के कांग्रेस के अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में एक आरोपी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस ऐसा नहीं हो सकता है।

## नीरू शांति भगत की शिकायत पर डीजीपी ने दिया कार्रवाई का आदेश

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने सोशल मीडिया पर अभद्र व्यवहार करने व सुनियोजित साजिश का आरोप लगाते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता को शिकायत की थी। एसपी अभियान ने इस संबंध में लोहरदगा एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। नीरू शांति भगत ने इस संबंध में लोहरदगा के सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा था कि 14 जनवरी को उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से आजसू से इस्तीफा दिया था।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह न्यायालय में हुई पेश, अगली सुनवाई 31 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/दुमका।** ग्रामीण विकास मंत्री सह गोड्डा के महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शनिवार को पेशी हुई। पेशी एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में हुई। केस में गवाहों का बयान दर्ज होना है। लेकिन आज गवाहों की अनुपस्थिति के कारण गवाही नहीं हो सकी। अगली तिथि 31 जनवरी को निर्धारित है। इससे पहले तीन गवाह पुलिस पदाधिकारियों की गवाही हो चुकी है। सभी गवाहों ने घटना का समर्थन किया।



इस केस में अभियोजन पक्ष के जरिये अब तक 10 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है। जिसमें अधिकांश गवाहो ने घटना का समर्थन किया है।

यह मामला वर्ष 2017 का है। जहां क्षेत्र भ्रमण के दौरान महागामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस के तत्कालीन जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंची थी। मामले में थाना कांड संख्या 72/2017 में भादवि की धारा 147,149,353,332,427,283,504,506 एवं 120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

**मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को जोड़ा जाएगा समूह से: मंत्री दीपिका पांडे सिंह**

मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने के लिए जेएसएलपीएस को निर्देशित किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा 56 लाख महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक महीने 2500 भेजा जा रहा है। यह राशि फिर कैसे आर्थिक गतिविधियों में महिलाएं भी इस्तेमाल करें। इसके लिए जेएसएलपीएस को निर्देश दिया गया है कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को भी समूह से जोड़ा जाये। ताकि वह आर्थिक स्वावलंबन की तरफ अगला कदम बढ़ा सके। उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय ने कोर्ट में पेशी के बाद परिसदन भवन में कही।

# झामुमो ने जिला संयोजकों की संशोधित सूची जारी की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के द्वारा शनिवार को पलामू, सरायकेला- खरसांवा, गोड्डा, सिमडेगा, देवघर व चतरा जिले की संयोजक मंडली की संसोधित सूची जारी की गई है। देवघर जिले में संयोजक मंडली में 12 सदस्यों को रखा गया है, जो मंत्री हफिजुल हसन के दिशा-निर्देश पर काम करेंगे। वहीं, चतरा जिले में 11 नेताओं को संयोजक मंडली में रखा गया है, वहां के संयोजक मंडली सदस्य संजीव बेदिया के दिशा-निर्देश पर काम करेंगे। पलामू में संयोजक प्रमुख राजेंद्र कुमार सिन्हा को बनाया गया है। संयोजक मंडली में 13 नेताओं को रखा गया है। सरायकेला-खरसांवा में शुभेंदु महतो को संयोजक प्रमुख बनाया गया है, जबकि टीम में 19 जिलास्तरीय




नेताओं को रखा गया है। गोड्डा जिले में संयोजक प्रमुख बासुदेव सोरेन हैं। वहीं, सिमडेगा जिले के संयोजक प्रमुख अनिल कंडुलना है। दोनों जिलों की संयोजक मंडली में क्रमशः 13 व 7 नेताओं को शामिल किया गया है।

पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने इस संबंध में शनिवार को कार्यालय आदेश जारी किया।

## झारखंड विधानसभा की समितियों का पुनर्गठन

# कल्पना सोरेन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 24 फरवरी से आहूत होने जा रहा है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के तहत विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन कर दिया है। इस बाबत अधिसूचना जारी हो गई है। गांडेय विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को महिला, बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं, बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव को लोक लेखा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। आमतौर पर यह पद प्रमुख विपक्षी दल को ही दिया जाता है।

इन विधायकों को मिली जिम्मेदारी



इसके अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक बसंत सोरेन को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति, झामुमो विधायक निरल पूर्ति को सरकारी उपक्रम संबंधी समिति, माले विधायक अरूप चटर्जी को सरकारी आश्वासन समिति, कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव को आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति, झामुमो विधायक उमाकांत रजक को निवेदन समिति, झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी को अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

वहीं, भाजपा विधायक नीरा यादव को पुस्तकालय विकास समिति, कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को सदाचार समिति, झामुमो विधायक उदय शंकर सिंह को पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति, भाजपा विधायक सीपी सिंह को विधायक निधि अनुश्रवण समिति, जदयू विधायक सरयू राय को प्रत्यायुक्त समिति, झामुमो विधायक विकास मुंडा को खाद्य, सार्वजनिक एवं उपभोक्ता मामले समिति का सभापति मनोनीत किया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**महिलाओं से लाखों के आभूषण...**

इस पर गांव की महिलाओं ने ठग महिलाओं की बातों पर विश्वास कर लिया और अपने घरों में रखे पाजेब, कुंडल, सोने की नथनी, चांदी की हसूली और अन्य कीमती आभूषण उन्हें सौंप दिए। ठग महिलाओं ने यह वादा किया कि अगले दिन नए आभूषण वापस कर दिए जाएंगे। शाहपुर गांव की आधा दर्जन महिलाएं भी इसी तरह ठगी का शिकार हुईं। जब ठगी का पता चला, तो महिलाएं परेशान हो गईं और अपने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। ठगी के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ठग महिलाओं की तलाश की जा रही है।

**गढ़वा उपायुक्त ने अनियमितता के तीन...**

मंजु देवी के निलंबन की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग से की गई। इसके अलावा, प्रखंड समन्वयक रविरंजन और प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार को पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने के लिए कारण पृच्छा की गई है। उपायुक्त ने कहा कि आवास योजना का लाभ केवल योग्य लाभुकों को दिया जाएगा। किसी भी अयोग्य व्यक्ति को लाभ देने पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**मंईयां सम्मान योजना में जालसाजी :** खरौंधी प्रखंड के कूपा पंचायत में तीन उरउ संचालकों नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारायण गुप्ता और अजीत प्रजापति द्वारा मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की राशि अपने परिजनों के खातों में स्थानांतरित करने का मामला सामने आया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता योजनाओं में पारदर्शिता और सरकार के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**अफीम, उग्रवाद और मानव तस्करी...**

जागरूक करने को कहा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि अफीम, उग्रवाद और मानव तस्करी खूंटी जिले की तीन मुख्य समस्याएं हैं। डीजीपी ने कहा कि उग्रवादी गतिविधियों में शामिल युवाओं से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे। अफीम माफियाओं ने खूंटी जिले में सुदूरवर्ती भोले-भाले ग्रामीणों को प्रलोभन देकर अफीम की खेती की शुरूआत कराई। उन्होंने अफीम की खेती बंद करने की अपील की। नहीं मानने पर अफीम की खेती करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**रांची में बरामद हुए...**

आरोपितों में साहिल कुमार उर्फ करण, मो. साबिर उर्फ रजा और अब्बू हुजैफा उर्फ अफरीदी शामिल हैं। सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के जरिए एक संगठित गिरोह बनाकर करीब एक वर्ष से जाली नोटों के माध्यम से धोखाधाड़ी का कार्य किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपितों का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है।

## सैफ से मिलने पहुंचीं सारा और सोहा, नजर आए अन्य सितारे

**मुंबई (आईएएनएस)**



बांद्रा स्थित घर में हुए हमले के बाद सैफ अली खान मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। उनका हालचाल जानने के लिए बेटी सारा अली खान, बहन सोहा अली खान समेत अन्य फिल्मी सितारे अस्पताल के बाहर नजर आए। सैफ अली से मिलने अस्पताल पहुंचीं बेटी सारा अली खान के साथ सैफ की बहन अभिनेत्री सोहा अली खान, पति कुणाल खेमू और बेटी इनाया भी नजर आईं। फिल्म निर्माता जय शेवक्रमणी और मैडॉक फिल्म्स के प्रमुख दिनेश विजान भी लीलावती अस्पताल के बाहर नजर आए। हाल ही में सैफ अली की पत्नी-अभिनेत्री करीना कपूर भी उनसे मिलने पहुंची थीं।

इधर, मिली जानकारी के अनुसार सैफ पर हमला करने वाला आरोपी घटना के बाद दादर चला गया था। आरोपी ने कप्तान खाना इलाके में एक मोबाइल शॉप से हेडफोन खरीदा था। क्राइम ब्रांच और पुलिस की टीम दुकान पर पहुंची, जहां उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और दुकानदार से पूछताछ की। हालांकि, दुकानदार ने खुलासा किया कि उसे हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर

# कर्तव्य पथ पर कड़ाके की ठंड के बीच हुआ फुल-ड्रेस परेड रिहर्सल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



● इस वर्ष परेड में दिखेंगी देश के 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां

गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। शनिवार को राजधानी दिल्ली में घने कोहरे के बीच कर्तव्य पथ पर रक्षा कर्मियों ने फुल-ड्रेस रिहर्सल की। इस बार परेड में देश के 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां शामिल हैं। कर्तव्य पथ पर भारत की विविधता और सांस्कृतिक धरोहरों की झलकियां देखने को मिलेंगी।

76वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वे 25 जनवरी को दो दिन की यात्रा पर भारत आएंगे। बता दें कि वर्ष 2024 में राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा होगी।

गणतंत्र दिवस परेड में इस बार देशवासियों को भारतीय सेना के स्वदेशी और अत्याधुनिक हथियार, मिसाइल सिस्टम, टैंक, आधुनिक कम्युनिकेशन यंत्र और विशेष वाहन देखने को मिलेंगे। इनमें नाग मिसाइल सिस्टम, टी-90 भीष्म टैंक, सारथ टैंक, ब्रह्मोस मोबाइल लांचर, चेतक ऑल टेरेन व्हीकल, बजरंग लाइट स्पेशलिस्ट वाहन, अग्निबाण मल्टीबैरल रॉकेट लांचर शामिल हैं।

इसके अलावा, गणतंत्र दिवस पर भारतीय सेना अपने कपिध्वज स्पेशलिस्ट मोबिलिटी वाहन, आधुनिक नंदीघोष क्विक रिएक्शन फोर्स वाहन, शॉर्ट ब्रिज सिस्टम, संजय बैटल फील्ड सर्विलांस सिस्टम, आकाश मिसाइलों से लैस आकाश आर्मी लांचर का भी प्रदर्शन करेगी। पिछले काफी समय से सेना के जवान गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल कर रहे हैं।

इस बार सिग्नल रेजिमेंट की महिला अधिकारी रितिका भी गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा हैं। आईएएनएस से विशेष बातचीत के दौरान सैन्य अधिकारी रितिका ने बताया था कि सूर्योदय से पहले वे और उनका पूरा मार्चिंग दल जाग जाता है। तड़के 4 बजे उनके साथ मार्चिंग दल समेत परेड में शामिल होने वाले सभी जवान विजय चौक पहुंच जाते हैं और प्रैक्टिस करते हैं। वहीं, जम्मू और कश्मीर राइफल्स के मार्चिंग दल का नेतृत्व मेजर विक्रमजीत सिंह कर रहे हैं। उन्होंने इसे बेहद गर्व की बात बताया। उन्होंने कहा कि उनके रेजिमेंट का मार्चिंग दल गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनने जा रहा है। यह उनके और पूरी रेजिमेंट के लिए बेहद गर्व की बात है। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ भी उनकी रेजिमेंट से हैं।

## रूस व ईरान ने बड़े साझेदारी समझौते पर किए हस्ताक्षर

**मास्को (आईएएनएस)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मास्को में द्विपक्षीय वार्ता के बाद एक नए बड़े रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। क्रेमलिन वेबसाइट पर प्रकाशित दस्तावेज के अनुसार, दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा और आतंकवाद विरोधी सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि समझौते में यह भी कहा गया है कि दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ तीसरे पक्ष के प्रतिबंधों को अस्वीकार करेंगे और एकतरफा बलपूर्वक प्रयासों के उपयोग को रोकेंगे।

## कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा (आईएएनएस)।** राजस्थान के कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र मनन जैन ने आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से बूंदी का रहने वाला था। वह कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। इस संबंध में मृतक छात्र के मामा महावीर जैन ने मीडिया को जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मनन कोटा में रहकर आईआईटी की तैयारी कर रहा था। 22 तारीख को उसका मेंस का पेपर था। वह कोटा में तीन साल से रह रहा था। हमने उसे फोन किया, तो उसने रिसीव नहीं किया। इसके बाद हमने दूसरे छात्र से संपर्क किया, तो हमें पता चला कि उसने आत्महत्या कर ली है।

## बहन ने कहा, फैसला सुनकर हंस पड़े थे इमरान खान

**लाहौर (हि.स.)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान अल-कादिर ट्रस्ट केस पर शुक्रवार को आए अदालत के फैसले को सुनकर हंस पड़े थे। उनकी बहन अलीमा खान ने शनिवार को यह दावा किया। अलीमा के अनुसार, उनके भाई ने कहा कि उन्होंने सब कुछ अल्लाह के ऊपर छोड़ दिया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, अलीमा खान ने शनिवार को लाहौर में एक अदालत के बाहर मीडिया से कहा कि जब पीटीआई संस्थापक ने फैसला सुना, तो वह हंसे और कहा कि उन्होंने अपना मामला अल्लाह को सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि अदालत ने इस केस में अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को 14 साल और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल जेल की सजा सुनाई है।

### सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में 24 मंत्रियों की हां, 8 की ना

# इजरायल गाजा में संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमत

● प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, यह रविवार से लागू होगा

**यरुशलम (हि.स.)**

इजरायल आखिरकार गाजा में संघर्ष विराम पर सहमत हो गया। अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता से तैयार संघर्ष विराम प्रस्ताव पर यहां इजराइल सुरक्षा कैबिनेट की बैठक शुक्रवार शाम शुरू हुई। यह बैठक शनिवार सुबह खत्म हुई। 24 मंत्रियों ने इसके पक्ष और आठ ने विरोध में मतदान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह रविवार से लागू होगा।

द टाइम्स ऑफ इजरायल की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय ने संक्षिप्त बयान में पुष्टि की कि सरकार ने सात घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद समझौते को मंजूरी दे दी। हिब्रू मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि 24 मंत्रियों ने इसके पक्ष में और आठ ने विरोध किया। चैनल-12 ने इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हलेवी के हवाले से कहा, आईडीएफ जानता है कि जरूरत पड़ने पर भारी ताकत के साथ लड़ाई में कैसे लौटना है।

समझौते के पहले चरण में इजरायल और हमास को दूसरे चरण की शर्तों के संबंध में बातचीत करनी है। इस दौरान शेष जीवित बंधकों को रिहा किया जाएगा। मध्यस्थ यह सुनिश्चित करेंगे कि दूसरे चरण पर कोई समझौता होने तक दोनों पक्ष बातचीत की मेज पर बने रहें।

शुक्रवार शाम सार्वजनिक प्रसारक के सर्वेक्षण से पता चला कि अधिसंख्य इजरायली जनता बंधक समझौते को दूसरे चरण में जारी रखने का समर्थन करती है। सर्वेक्षण के अनुसार, पचपन प्रतिशत जनता चाहती है कि समझौता जारी रहना चाहिए। 27 प्रतिशत जनता का मानना है कि युद्ध पहले चरण के बाद फिर शुरू होना चाहिए। 18 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी।

नेतन्याहू ने पहले हमास की सैन्य क्षमता के नष्ट होने तक युद्ध जारी रखने की प्रतिज्ञा की थी। उन्होंने अपने धुर दक्षिणपंथी गठबंधन सहयोगियों को संकेत दिया है कि वह पहले चरण के बाद भी ऐसा करने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि यह समझौता रविवार को तीन इजरायली महिला बंधकों की रिहाई के साथ प्रभावी होगा। कुल 33 बंधकों को मुक्त किया जाना है।

समझौते के खिलाफ मतदान करने वाले मंत्रियों में डेविड एम्सलेम और अमीचाई चिकली शामिल हैं। दोनों प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के सदस्य हैं। लिकुड पार्टी के एक अन्य सदस्य संचारमंत्री श्लोमी करही बैठक में हिस्सा लेने नहीं पहुंचे। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामर बेन ग्विर के साथ उनकी अल्ट्रानेशनलिस्ट ओत्जमा येहुदित पार्टी के कैबिनेट सदस्य यित्जाक वासेरलाउफ और अमीचाई एलियाहू ने भी विरोध में मतदान किया। वित्तमंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच और उनकी धुर दक्षिणपंथी धार्मिक जायोनीवाद पार्टी के ओरिट स्ट्रॉक और ओफर सोफर ने भी संघर्ष विराम समझौते का विरोध किया। ओत्जमा येहुदित ने गठबंधन छोड़ने की धमकी दी है।

मतदान के बाद न्याय मंत्रालय ने संघर्ष विराम समझौते के पहले चरण के दौरान रिहा किए जाने वाले 735 फिलिस्तीनी बंदियों और सुरक्षा कैदियों की हिब्रू में सूची प्रकाशित की। इस सूची में हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे कई आतंकवादी शामिल हैं। इस सूची में कुख्यात फतह आतंकवादी जकारिया जुबैदी का नाम भी है। ऑनलाइन प्रकाशित सूची में कहा गया है कि जुबैदी को विदेश नहीं भेजा जाएगा, मगर उसे उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन में घर लौटने की इजाजत मिलेगी।

गाजा में युद्ध तब शुरू हुआ था, जब हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इजरायल पर हमला किया। सात अक्टूबर, 2023 को हमले के दौरान हमास ने 1,200 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। 251 लोगों को बंधक बनाकर अपहरण कर लिया। नवंबर 2023 में एक सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के दौरान, 105 बंधकों को रिहा कर दिया गया, जबकि चार को पहले मुक्त कर दिया गया था और आठ को जीवित बचाया गया है।



### राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने की तैयारी

**काहिरा (आईएएनएस)।** मिस्र के अधिकारी गाजा पट्टी को मिस्र से जोड़ने वाले एकमात्र रास्ते राफा क्रॉसिंग फिर से खोलने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए गाजा की सीमा से लगे उत्तरी सिनाई प्रांत में सहायता वितरण का काम तेज कर दिया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मिस्र के शहर अरिश में राफा क्रॉसिंग के पास सैकड़ों सहायता ट्रक ड्राइवर गाजा में मदद पहुंचाने के लिए अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम समझौता बुधवार को दोहा में हुआ था।

### डोनाल्ड ट्रंप पर भरोसा

हिब्रू मीडिया आउटलेट्स के अनुसार, कैबिनेट बैठक में नेतन्याहू ने मंत्रियों से कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते का उल्लंघन होने पर इजराइल को युद्ध को फिर से शुरू करने के लिए पूर्ण समर्थन देंगे।

## 15,000 गांवों को 'बाल विवाह मुक्त' घोषित करने का काम

### नीति आयोग व एवीए ने एसओआई पर किए हस्ताक्षर




**नई दिल्ली (हि.स.)**

नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वॉलेंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण और अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एसओआई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए।

इसके तहत अगले दो सालों में 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं, के लिए सुरक्षित बाल ग्राम के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा। यह पहल वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के साथ एकरूपता और तालमेल में है, जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है।

दो वर्षीय एसओआई के तहत देश के सबसे अविकसित व संवेदनशील इलाकों में बच्चियों के सशक्तीकरण और शिक्षा की पारिस्थितिकी को मजबूत करने के लिए एक समग्र और व्यापक रणनीति पर अमल किया जाएगा। बाल विवाह और बच्चों की ट्रैफिकिंग की निगरानी और रोकथाम के लिए सभी लक्षित गांवों में पंचायत स्तर पर लोगों की आवाजाही और विवाहों के ब्योरे दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखे जाएंगे। स्कूल नहीं जा पाने वाले बच्चों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ा जाएगा, जबकि हाशिए के व्यक्तियों और परिवारों को सरकारी जनकल्याण योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

एवीए बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए देश के 26 राज्यों के 416 जिलों में काम कर रहे 200 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) का सहयोगी है, जिसने समुदायों को शोषण और बाल विवाह से मुक्ति दिलाने के लिए एक समग्र रणनीतिक ढांचा विकसित किया है। एवीए इस रणनीतिक ढांचे पर अमल करते हुए सुरक्षित बाल ग्रामों की स्थापना करेगा।

## रेड डाई नं. 3 सिंथेटिक रंग वाले टॉफी-कुकीज से हो सकता है कैंसर

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

यदि आप केक, कुकीज व टॉफी के बिना बेचैन हो जाते हैं, रोज ये खाए बिना नहीं रह सकते, तो सावधान हो जाइए। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने रेड डाई नं. 3 नाम के एक सिंथेटिक रंग के खाद्य पदार्थों में उपयोग पर लगाम लगा दी है, बैन कर दिया है। अमेरिका में लंबे समय से कई खाद्य पदार्थों जैसे कैंडी व रंगीन पेय पदार्थों के साथ कुछ दवाओं को कलर देने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है।

अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने एक घोषणा करते हुए कहा कि कई स्तर पर किए गए अध्ययनों में रेड डाई नं. 3 के कारण पशुओं में कैंसर विकसित होने के मामले देखे गए हैं, चूंकि बड़े स्तर पर खाद्य पदार्थों में भी इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है, जिसके गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इन खतरों को देखते हुए इसे बैन करने का निर्णय लिया गया है। मालूम हो कि कि इससे पहले नवंबर 2022 में दायर याचिकाओं में खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाली चीजों के संभावित कैंसर जोखिमों को लेकर चिंता जताई गई थी, जिस पर लंबे समय से काम होता आ रहा है। यह कदम भी उसी का हिस्सा है। रेड डाई नंबर 3 के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर इससे पहले के अध्ययनों में भी चिंता जताई जाती रही है। वर्ष 2012 की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि ये जानवरों में कैंसर के खतरे को बढ़ाने वाला हो सकता है। वर्ष 2021 में कैलिफोर्निया ऑफिस ऑफ एनवायर्नमेंटल हेल्थ हैजर्ड असेसमेंट के अध्ययन में पाया गया कि कुछ प्रकार की कैंडी व कुकीज में इन रंगों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। ये बच्चों में व्यवहार संबंधी समस्याओं जैसे कि ध्यान में कमी, चिड़चिड़ापन और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधित विकारों को भी बढ़ाने वाला हो सकता है।

## दो बाइबिल हाथ में लेकर शपथ लेंगे डोनाल्ड ट्रंप

● 40 वर्ष में पहली बार खुले में नहीं होगा शपथ ग्रहण समारोह

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



ट्रंप सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ के दौरान दो बाइबिल का इस्तेमाल करेंगे। इनमें से एक उन्हें उनकी मां ने उपहार के तौर पर दी थी, जबकि दूसरी लिंकन बाइबिल होगी। वहीं, कड़ाके की ठंड की वजह से ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह इस बार खुले में नहीं होगा।

ट्रंप को उनकी दिवंगत मां मैरी ऐनी मैकलियोड ट्रंप ने वर्ष 1955 में बाइबिल दी थी। जमैका, न्यूयॉर्क के फर्स्ट प्रेस्बिटेरियन चर्च में ट्रंप के संडे चर्च प्राइमरी स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर उन्हें यह गिफ्ट मिला था। बाइबिल के इनसाइड कवर पर चर्च के अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं और उस पर ट्रंप का नाम अंकित है। इसके अलावा यह विवरण भी दर्ज है कि उन्हें बाइबिल कब गिफ्ट के तौर पर मिली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ट्रंप के हाथ में जो दूसरी बाइबिल होगी।

### ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु ने की फिल्म 'इमरजेंसी' की तारीफ, कहा

## कंगना का निर्देशन व अभिनय दोनों असाधारण

● आध्यात्मिक नेता बोले - लोकप्रिय भूमिकाओं को निभाना आसान नहीं

**मुंबई (आईएएनएस)**



ईशा फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक नेता सद्गुरु हाल ही में मुंबई में आयोजित कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। सद्गुरु ने कंगना के निर्देशन और अभिनय दोनों को असाधारण बताया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं के लिए फिल्म को खास बताया।

फिल्म में कंगना रनौत के अभिनय और निर्देशन की सराहना करते हुए सद्गुरु ने कहा, लोकप्रिय भूमिकाओं को निभाना आसान नहीं होता और मुझे लगता है कि कंगना ने इस फिल्म में शानदार काम किया है। एक बहुत ही जटिल विषय को उन्होंने शानदार तरीके से प्रस्तुत किया है। मुझे लगता है कि फिल्म की कहानी को ढाई घंटे में समेटना आसान काम नहीं है।

युवा पीढ़ी के लिए फिल्म के महत्व को लेकर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि युवाओं के लिए यह (इमरजेंसी को जानना) बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर उन लोगों के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, जो उस समय नहीं थे। उन्होंने बताया कि 'इमरजेंसी' भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय को सरल तरीके से प्रस्तुत करती है। ढाई घंटे की फिल्म में आपको वे प्रमुख घटनाएं देखने को मिलेंगी, जो घटित हुईं थी।

### सबसे ज्यादा इंटरनेट खर्च हो रहा ओटीटी वीडियो, म्यूजिक व सोशल मीडिया के लिए

# भारत में मात्र 3% होता है सीखने के लिए उपयोग

● वर्ष 2025 के अंत तक भारत में 900 मिलियन उपयोगकर्ता हो जाएंगे

**ब्यूरो । नई दिल्ली**



इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया व कांतार की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में ज्यादातर लोग ओटीटी वीडियो व म्यूजिक, ऑनलाइन संचार व सोशल मीडिया पर अपना इंटरनेट व समय दोनों खर्च कर रहे हैं। जबकि, इसके विपरीत ऑनलाइन लर्निंग के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल बहुत ही कम हो रहा है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार देश में केवल 3 प्रतिशत इंटरनेट उपयोगकर्ता ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं। इसके विपरीत ओटीटी वीडियो और म्यूजिक, ऑनलाइन संचार और सोशल मीडिया पर अपना इंटरनेट और समय दोनों खर्च कर रहे हैं। शहर और ग्रामीण दोनों में ओटीटी वीडियो और म्यूजिक कंटेंट का उपयोग, ऑनलाइन संचार (जैसे चैट, ईमेल, और कॉल) और सोशल मीडिया का इस्तेमाल सबसे ज्यादा हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑनलाइन लर्निंग में शैक्षिक संसाधनों का उपयोग, स्कूल या कॉलेज कक्षाओं में भाग लेना और ऑनलाइन प्लेटफार्मों या एप्स के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम शामिल हैं। हालांकि, इंटरनेट यूजर्स की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन ऑनलाइन लर्निंग में कमी लगातार बढ़ रही है।

एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 के अंत तक भारत में 900 मिलियन उपयोगकर्ता हो जाएंगे, जिसमें मुख्य योगदान ग्रामीण क्षेत्रों का होगा। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में देश के कुल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं का 55 प्रतिशत हिस्सा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट उपयोग की वृद्धि दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में दोगुनी है। 53 प्रतिशत उपयोगकर्ता पुरुष हैं, जबकि महिलाओं का हिस्सा 47 प्रतिशत है।

### किस लिए हो रहा इंटरनेट का उपयोग

**संचार के लिए इंटरनेट का उपयोग :** 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता चैटिंग, ईमेलिंग या कॉल करने जैसे संचार उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं।

**सोशल मीडिया :** 74 प्रतिशत उपयोगकर्ता फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों पर सक्रिय हैं।

ऑनलाइन गेमिंग : 54 प्रतिशत उपयोगकर्ता ऑनलाइन गेमिंग में रुचि रखते हैं।

**ओटीटी सामग्री :** वीडियो, संगीत और पॉडकास्ट जैसे ऑडियो और वीडियो सामग्री का उपयोग सबसे अधिक है। उपयोगकर्ता यूट्यूब, हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो और गाना जैसे प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग करते हैं।

#### राज्यवार इंटरनेट का इस्तेमाल

**सबसे ज्यादा इंटरनेट उपयोग :** केरल (72 प्रतिशत), गोवा (71 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (70 प्रतिशत)।

**सबसे कम इंटरनेट उपयोग :** बिहार (43 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (46 प्रतिशत) और झारखंड (50 प्रतिशत)।

#### इंटरनेट उपयोग का औसत समय

भारतीय इंटरनेट उपयोगकर्ता औसतन प्रतिदिन 90 मिनट ऑनलाइन बिताते हैं, जिसमें शहरी उपयोगकर्ता ग्रामीण उपयोगकर्ताओं की तुलना में थोड़ा अधिक समय ऑनलाइन रहते हैं। रिपोर्ट इस बात पर भी जोर देती है कि डिजिटल युग में शैक्षिक अंतर को पाटने के लिए ऑनलाइन लर्निंग को अधिक अपनाने की आवश्यकता है।

## कोर्ट ने 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध वाले कानून को बरकरार रखा

● अमेरिका में चीन की कंपनी को बड़ा झटका

**वाशिंगटन (हि.स.)**

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने चीन के सोशल मीडिया ऐप 'टिकटॉक' की विदाई का रास्ता साफ कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को बरकरार रखा। रविवार को कानून लागू होने पर इसे ऐप स्टोर से हटा दिया जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका में टिकटॉक लोकप्रिय ऐप है। अमेरिका में 170 मिलियन से अधिक लोग इसका का प्रयोग करते हैं।

सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने आमराय से यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने 'टिकटॉक' के बाइडेन प्रशासन के प्रतिबंध कानून के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि प्रावधान किसी भी तरह के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने 'टिकटॉक' के खिलाफ निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

व्हाइट हाउस ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कहा कि बाइडेन प्रशासन रविवार को प्रतिबंध लागू नहीं करेगा और इसे ट्रंप प्रशासन पर निर्णय लेने के लिए छोड़ देगा। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि वह टिकटॉक पर निर्णय लेने से पहले स्थिति की समीक्षा करेंगे। फैसले के बाद टिकटॉक ने कहा कि हाउस और न्याय विभाग यह स्पष्ट नहीं कर सके कि ऐप पर प्रतिबंध क्यों जरूरी है। वह भी तब, जब 170 मिलियन से अधिक अमेरिकी इसका प्रयोग करते हैं। दुर्भाग्य से 'टिकटॉक' 19 जनवरी को अंधेरे में गुम हो जाएगा।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रतिबंध के चुनौतीपूर्ण प्रावधान महत्वपूर्ण सरकारी हित को आगे बढ़ाते हैं। इनका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कोई लेना-देना नहीं है।